बैशाख शुक्ल पक्ष त्रयोदशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 21 मई 2024
वर्ष 5, अंक 184, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



युद्ध के दृश्यों ने मेरा दिल तोड़ दिया : बाइडन 12

जू. एनटीआर की फिल्म एनटीआरनील 11





## एक नजर

### सीमा गंगवार लेखपाल संघ की अध्यक्ष निर्वाचित

**बीसलपुर, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ की तहसील शाखा का चुनाव सोमवार को हुआ।जिसमें अध्यक्ष पद पर सीमा गंगवार निर्वाचित हुई। उन्हें 33 मत प्राप्त हुए जबकि उनके प्रतिद्वंदी विदित गंगवार को 14 मत मिले। मंत्री पद पर वीरबहादुर सिंह निर्वाचित हुए। उन्हें 33 मत प्राप्त हुए। जबकि इसी पद पर सतीश राणा को केवल 13 मत ही प्राप्त हो सके। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए जाहिद अली निर्वाचित हुए। उन्होंने 31 मत प्राप्त किए। जबकि उनके प्रतिद्वंदी राजकुमार यादव को 16 मत मिले। कोषाध्यक्ष पद वपर 24 मत प्राप्त कर सतीश राणा निर्वाचित हुए। उनके प्रतिद्वंदी शल्य सिंह को 23 मत प्राप्त हुए। एक वोट से जीते। चुनाव प्रक्रिया संपन्न होने के बाद नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का फूल माला पहनाकर अभिनंदन किया।

### महिला से मारपीट मामले में रिपोर्ट दर्ज

**पीलीभीत, अमृत विचार :** सुनगढ़ी क्षेत्र की काशीराम ईदगाह कॉलोनी की रहने वाली रामबेटी पत्नी रामभरोसे ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके पति की मौत हो चुकी है। वह अपनी पुत्रवधू ज्योति के साथ रहती है। कॉलोनी की ही तीन महिलाएं आई और पीड़िता के घर के बाहर गंदगी फैला दी। विरोध करने पर 24 अप्रैल की शाम मारपीट की गई। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

### खेत में लगे तार से तीन बालक जख्मी

**पूरनपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव टांडा छत्रपति के अमित पुत्र होरीलाल, आयुष पुत्र मुकेश और प्रभाकर पुत्र धर्मेंद्र एक ही साइकिल पर सवार होकर खेतों की ओर जा रहे थे। गांव के बाहर अनियंत्रित गति से आ रही बाइक ने उनकी साइकिल में पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद तीनों बालक सड़क किनारे खेतों में लगे तेज धार वाले ब्लेड तार में उलझ गए। तार लगने से उनकी पीठ, हाथ पैर कई जगह गहरे घाव हो गए। जानकारी लगते ही अन्य ग्रामीणों के अलावा उनके परिजन पहुंच गए। दोनों बालक और युवक अमित को उपचार के लिए पूरनपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया। अमित के पैर में घाव अधिक होने पर डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। खेतों में ब्लेड वाले तार लगाने पर पाबंदी है। इसके बावजूद फसलों को आवारा पशुओं से बचाने के लिए खेतों के चारों ओर कटीले और ब्लेड वाले तार लगाए जा रहे हैं। टक्कर मारने वाले बाइक सवार का पता नहीं चल सका।

## अयोध्यापुरम कॉलोनी के लोगों ने नाला निर्माण में मानकविहीन सामग्री लगाने की एडीएम वित्त एवं राजस्व से की शिकायत

# साहब! घटिया तरीके से बन रहा नाला, कहीं ऊंचा तो कहीं नींचा...कराई जाए जांच

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** अयोध्यापुरम कॉलोनी में मानक ताक पर रखे कराए जा रहे नाला निर्माण में धांधली बरतने का मामला प्रशासनिक अधिकारियों तक पहुंच गया है। गलत तरीके से नाला निर्माण कराने और गुणवत्ता को दरकिनार करने का आरोप लगाते हुए कॉलोनी वासियों ने एडीएम वित्त एवं राजस्व से शिकायत की। जिसमें काफी संगीन आरोप लगाए गए। मामले की जांच कराकर कार्रवाई की मांग की गई है। योध्यापुरम कॉलोनी के लोग सोमवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे और एडीएम वित्त एवं राजस्व ऋतु पूनिया को शिकायती पत्र सौंपा। जिसमें बताया कि उनकी कॉलोनी में नगर पालिका की ओर से नये नाले का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। मगर इस नाले में गुणवत्ता पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा। आलम ये है कि एक परात सीमेंट है तो उसमें सात परात बाबलू का मिश्रण किया जा रहा है। नाले की परत पर एक इंच का मसाला डाला जा रहा हे। नाले में हर जगह लीकेज अभी से हो रहा है। सरिया भी मानक के हिसाब से नहीं लगाई जा रही हे। इतना ही नहीं नाले का लेबल भी ठीक नहीं है। कहीं नाला ऊंचा है तो कहीं नीचा। आरोप लगाया कि ठेकेदार तो मौके पर आया ही नहीं। लेबर ही अपने हिसाब से काम कर रही है। इस नाले की काफी मिट्टी भी ठेकेदार की ओर से बेच दी गई है। मामले की जांच कराकर कार्रवाई करने और गुणवत्तापूर्ण नाला निर्माण कराने की मांग की गई। शिकायत करने वालों में रमेश गौतम, करन सिंह, अनंतराम, कंचन प्रसाद, संजीव कुमार, लाल बहादुर मौर्य, रामस्वरूप, सुशील, भूपराम मौर्य, दीपक कुमार, प्रेम प्रकाश वर्मा आदि थे। एडीएम ने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए मामले की जांच कराकर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।


जी का जंजाल बना नाला निर्माण, पानी के रिसाव से सता रही घरों की चिंता

अयोध्यापुरम कालोनी में गुणवत्ता को दरकिनार कर नाला निर्माण कराने का ठेकेदार पर आरोप

अमृत विचार में प्रकाशित खबर। ● अमृत विचार

- **बालू का अनुपात ठीक नहीं होने, सरिया भी घटिया क्वलिटी लगाने का आरोप लगाया**


अयोध्यापुरम कॉलोनी में चल रहा नाला निर्माण। ● अमृत विचार

### ठेकेदार को लेकर जिम्मेदार खुद ही बेबस

शिकायतकर्ताओं की मानें तो ठेकेदार को एक नेताजी का संरक्षण प्राप्त है। जिसकी वजह से जिम्मेदार भी खुद को बेबस मान रहे हैं। एक शिकायतकर्ता का कहना था कि जब शिकायत करने के दौरान नगर पालिका के एक जिम्मेदार से वार्ता की गई तो वह भी खुद की बेबसी जाहिर कर गए थे। फिलहाल मामला एडीएम तक पहुंचने के बाद खलबली मच गई है।

### बुजुर्ग और बच्चों के लिए खतरा

नाला निर्माण में हर स्तर पर मानकों को ध्यान में नहीं रखा जा रहा। यही कारण है कि नाले के दोनों ओर पानी भर गया है, जो अब घरों में घुसने लगा है। पानी भरा होने से मकान धंसने का भी खतरा बना हुआ है। खासकर बुर्जुग और बच्चे ज्यादा परेशान हैं। कहा जा रहा है निर्माण से पहले ही ठेकेदार की ओर से सड़क की ओर खोदाई कराई गई थी। अभी निर्माण आधा भी नहीं हो सका है। ऐसे में मोहल्ले के बुजुर्ग और बच्चों को नाला पार करने में काफी परेशानी हो रही है। रात के समय खतरा और बढ़ जाता है। सुविधानुसार बल्ली लगाकर घरों से सड़क तक आते हैं।

# पुलिस का डर न प्रशासन का...यहां बेखौफ हैं खनन माफिया

## अब जहानाबाद में टीम की छापेमारी में अवैध खनन करने वाले भागे, जेसीबी मशीन गड्ढे में गिरी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** पूरनपुर तहसील क्षेत्र में नायब तहसीलदार पर खनन माफिया की ओर से किए गए जानलेवा हमले करने के बाद भले ही पुलिस और प्रशासन की ओर से सख्ती का दावा किया गया हो, लेकिन जनपद भर में खनन करने वाले बेखौफ होकर धंधा कर रहे हैं। आए दिन किसी न किसी स्थान पर अवैध खनन से जुड़े मामले पकड़े जा रहे हैं। अब जहानाबाद क्षेत्र से मामला सामने आया। अवैध खनन की सूचना पर टीम ने छापामारी की लेकिन टीम की भनक लगते ही आरोपी भाग निकले। इस दौरान जेसीबी मशीन गड्ढे में गिर गई। टीम ने मौके पर मिले दो ट्रैक्टर-ट्राली और जेसीबी मशीन को कब्जे में लेकर पुलिस के सुपुर्द कर दिया है। खनन अधिकारी के मुताबिक अवैध खनन करने वालों की तलाश को टीम लगी है।

जनपद में तमाम सख्ती के बाद भी अवैध खनन थमने का नाम नहीं ले रहा है। कुछ दिन पूर्व पूरनपुर के सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र में अवैध खनन की सूचना पर छापेमारी करने गए एक नायब तहसीलदार को खनन करने वालों ने तलवार लेकर दौड़ा लिया। इस मामले में आरोपियों के खिलाफ मुकदमा भी दर्ज किया गया है। इसके बावजूद अभी भी लगातार अवैध खनन के मामले सामने आ रहे हैं। रविवार शाम अधिकारियों को सूचना मिली कि जहानाबाद थाना क्षेत्र के मीरापुर एहतमाली गांव के समीप देवहा नदी की डबरी में अवैध खनन किया जा रहा है। इस पर सदर तहसील क्षेत्र के नायब तहसीलदार हरीशंकर पटेल एवं खनन अधिकारी अशोक कुमार ने टीम के साथ रात करीब 11.30 बजे बताए गए स्थान पर छापा मारने पहुंचे। बताते हैं कि टीम के आने की भनक लगते ही अवैध खनन करने वाले भाग खड़े हुए। टीम ने मौके पर दो ट्रैक्टर-ट्राली समेत एक जेसीबी मशीन को कब्जे में लिया है। ट्रैक्टर-ट्राली और जेसीबी मशीन को पुलिस के सुपुर्द किया गया है। खनन अधिकारी के मुताबिक अवैध खनन करने वालों की सुरागकसी की जा रही है। यदि आरोपी पकड़े जाते हैं तो उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जाएगी।


जहानाबाद थाने में पुलिस की सुपुर्दगी में खड़ा ट्रैक्टर-ट्राली। ● अमृत विचार


अवैध खनन में पकड़ा गया ट्रैक्टर-ट्राली। ● अमृत विचार

- **दो ट्रैक्टर-ट्राली और जेसीबी मशीन बरामद, भागे आरोपियों की तलाश को लगाई टीम**
- **नायब तहसीलदार व खनन अधिकारी ने रात मीरापुर एहतमाली में की छापेमारी**


तहसीलदार पर हमले के बाद भी अवैध खनन जोरों पर

संवाददाता, पूरनपुर

- अब सेहरामऊ क्षेत्र में हरिपुर किशनपुर के पास जेसीबी मशीन और दो ट्रैक्टर ट्राली पकड़ी

पुलिस का संरक्षण इसलिए हो रहा खनन

प्रकाशित खबर की पीडीएफ। ● अमृत विचार

> अवैध खनन की सूचना पर रविवार रात छापेमारी की गई थी। अवैध खनन करने वाले हत्थे नहीं चढ़ सके। दो ट्रैक्टर-ट्राली और एक जेसीबी मशीन को कब्जे में लेकर पुलिस के सुपुर्द किया गया है। इस मामले में कार्रवाई की जा रही है।
>
> **- अशोक कुमार**, खनन अधिकारी

### टीम के पहुंचते ही जेसीबी लेकर भागने लगा चालक

खनन अधिकारी के मुताबिक छापेमारी की भनक लगने पर अवैध खनन में जुटे आरोपी भाग निकले। टीम ने उनका पीछा भी किया। इस दौरान जेसीबी का चालक भी मशीन लेकर भागने लगा। रात में अंधेरा होने के चलते जेसीबी मशीन एक खड्डे में गिर गई। टीम जब मौके पर पहुंची तो जेसीबी मशीन तो खड्डे में पड़ी मिल गई, लेकिन चालक का कहीं अता-पता नहीं चला। बाद में पास के गांव से एक जेसीबी चालक को बुलवाकर मशीन को बाहर निकलवाकर पुलिस के सुपुर्द किया जा सका।

### साठगांठ ऐसी कि दिन-रात होता है मिट्टी खनन

पुलिस की साठगांठ से पूरनपुर, जहानाबाद ही नहीं जिले में कई जगह अवैध खनन का धंधा जोरों पर चल रहा है। सत्ताधारी पार्टी से जुड़े कुछ जनप्रतिनिधियों के करीबी भी अवैध खनन के कारोबार में लिप्त हैं। यही कारण है कि पुलिस कार्रवाई के नाम पर सिर्फ औपचारिता निभाते दिखाई देती है। सूत्र बताते हैं कि कई जगहों पर खनन माफिया की दबंगई ऐसी है कि जहां दिन-रात मिट्टी की खुदाई कर वह आसपास के क्षेत्रों में बेखौफ बेंच रहे हैं। धड़ल्ले से चल रहे अवैध खनन की प्रशासन को भले ही खबर न हो लेकिन इसमें पुलिस की भूमिका पूरी तरह संदिग्ध बताई जाती है।

## नायब तहसीलदार ने कब्जा मुक्त कराई सरकारी जमीन

**पूरनपुर, अमृत विचार:** सालों से चल रहे सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे को प्रशासनिक टीम ने सोमवार को हटवा दिया। बताया जा रहा है कि सरकारी जमीन पर लंबे समय से अवैध तरीके से कब्जा करके खेती की जा रही थी। जिला प्रशासन से कई बार इसको लेकर शिकायत की तब जाकर नायब तहसीलदार ने पैमाईश के बाद जमीन को कब्जा मुक्त कराकर प्रधान के सुपुर्द कर दिया। टीम की कार्रवाई से खलबली मची रही।

तहसीलदार अभिषेक त्रिपाठी ने बताया कि क्षेत्र के गांव के सबलपुर रमपुरा फकीरे में लगभग दो बीघा सरकारी जमीन पर कब्जा कर गन्ने की फसल बोई गई थी। शिकायत के बाद वह सोमवार को टीम के साथ मौके पर पहुंचे। इसके बाद सरकारी जमीन की पैमाईश कराई। इस दौरान सरकारी बंजर के नाम से दर्ज करीब दो बीघा जमीन पर गन्ने की फसल बोई गई थी। जमीन को कब्जा मुक्त कराकर ग्राम प्रधान के सुपुर्द कर दिया गया। नायब तहसीलदार अभिषेक त्रिपाठी ने बताया कि सरकारी जमीन कब्जा मुक्त करा दी गई है। भाइयों के बंटवारे में एक भाई के हिस्से में थी। जमीन को ग्राम प्रधान के सुपुर्द कर दी गई है।

## अल्ट्रासाउंड गलत करने का आरोप, कोर्ट में लगाई गुहार

विधि संवाददाता, पीलीभीत

- **मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट पूजा गुप्ता की अदालत में प्रार्थना पत्र किया गया प्रस्तुत**
- **शहर के एक चिकित्सक पर थान सिंह बंजरिया के युवक ने लगाया आरोप, 22 को होगी सुनवाई**

**अमृत विचार:** मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट पूजा गुप्ता की अदालत में थाना सुनगढ़ी के मोहल्ला थान सिंह बजरिया निवासी विनोद कुमार कश्यप ने शहर के एक नामचीन चिकित्सक के विरूद्ध गलत अल्ट्रासाउण्ड करने का आरोप लगाते हुए प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है। जिसमें चिकित्सक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने की गुहार लगाई है। कोर्ट में दिए गए प्रार्थना पत्र में विनोद कुमार कश्यप ने बताया कि शहर के एक नामचीन चिकित्सक के यहां उन्होनें 30 मार्च 2023 को अल्ट्रासाउण्ड करवाया था। जिसमें चिकित्सक ने अपनी रिपोर्ट में गाल ब्लेडर में पथरी नहीं दर्शायी। उसे अल्ट्रासाउंड गलत लगा। 31 मार्च 2023 को उसने बरेली के एक अल्ट्रासाउंड सेंटर में अल्ट्रासाउंड कराया, जिसमें गाल ब्लेडर में पथरी बतायी गयी। आरोप लगाया गया है कि पीलीभीत के चिकित्सक की अल्ट्रासाउंड मशीन 30 मार्च 2023 को गलत रिपोर्ट दे रही थी। चिकित्सक पर जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया गया। उसका कहना है कि पूर्व में थाना सुनगढ़ी और एसपी से शिकायत की गई लेकिन कहीं सुनवाई नहीं हुई। न्यायालय ने प्रार्थना पत्र में सुनवाई के लिये 22 मई तिथि नियत की है।

# ऑपरेशन थिएटर सील करने निकली टीम चिकित्सक को नोटिस देकर लौटी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **पांच दिन पहले शहर के एक अस्पताल में प्रसव के दौरान गर्भवती की मौत का मामला**
- **सीएमओ बोले-पूर्व में जारी किया था नोटिस, अभिलेखों की जांच करने गई थी टीम**

**अमृत विचार** पांच दिन पहले एक निजी अस्पताल में उपचार के दौरान हुई गर्भवती की मौत के मामले में निजी अस्पताल पर स्वास्थ्य विभाग कार्रवाई करने से बच रहा है। पिछले दिनों घटनाक्रम का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने पर अस्पताल संचालक को नोटिस जारी किया था। सोमवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम फिर छानबीन के लिए पहुंची। सूत्रों का कहना है कि टीम अस्पताल का आपरेशन थिएटर को सील करने के लिए गई थी, लेकिन किया नहीं। केवल चिकित्सक को नोटिस देते हुए अभिलेख कब्जे में लेकर टीम लौट गई। इधर, सीएमओ का तर्क है कि मामले की गहनता से जांच कराई जा रही है। घटना 13 मई की है। कोतवाली बीसलपुर क्षेत्र के ग्राम जसौली दीवाली निवासी 25 वर्षीय सावित्री देवी पत्नी दयाशंकर गर्भवती थी। परिजनों ने बीते रविवार रात उसको सदर कोतवाली क्षेत्र के माधोटांडा रोड पर स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां उपचार के दौरान सोमवार रात उसकी मौत हो गई थी। परिजनों ने निजी अस्पताल के चिकित्सक पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया था। सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस पहुंच गई थी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाया था। जिसके बाद सीएमओ डॉ. आलोक कुमार ने मामले की जांच बैठा दी।

जांच अधिकारी एसीएमओ डॉ. हरिदत्त सिंह नेमी ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच की थी, तो अस्पताल में खामियां पाई गई थी। जिसके बाद सोमवार को दोबारा सीएमओ के निर्देश पर टीम ने छापा मारा था। मृतक महिला के उपचार की फाइल और अस्पताल के अभिलेख कब्जे में लिए हैं। वहीं कई लोगों की मानें तो टीम अस्पताल को सीज करने के लिए पहुंची थी। मगर उच्चधिकारियों के निर्देश पर टीम बैरंग लौट गई। सीएमओ डॉ. आलोक कुमार ने बताया कि अस्पताल में टीम को जांच करने के लिए भेजा गया था। जांच चल रही है, तथ्यों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

## घर से निकला युवक लापता, परिजनों को अनहोनी की आशंका

**बीसलपुर:** घर से बाजार जाने की बात कहकर निकला युवक नहीं लौटा। काफी तलाश करने के बाद भी जब युवक का पता नपहीं चला तो परिजनों ने अनहोनी की आशंका जताते हुए कोतवाली में गुमशुदगी दर्ज कराई है। पुलिस युवक की तलाश में जुट गई है।

हल्ला हबीबुल्ला खां जनूबी के रहने वाले रहमत अली ने बताया कि उनका 29 साल का बेटा मोईन अली एक पखवाड़ा पूर्व बाजार जाने की बात कहकर घर से निकला था। देर शाम तक वहीं नहीं लोटा तो उसकी काफी खोजबीन की। उसके बाद भी जब कुछ पता नहीं चला तो कोतवाली पुलिस को गुमशुदगी की तहरीर दी गई। कोतवाल अशोकपाल ने बताया कि रहमत अली की तहरीर पर गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# ईटीपीबीएस को लेकर 10 पर्यवेक्षक नामित, एनआईसी में होगा रिहर्सल

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **चार जून को होने वाली चुनावी मतगणना को लेकर प्रशासनिक तैयारियां हुई तेज**
- **आज अधिकारियों की देखरेख में होगा रिहर्सल 22 मई को जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक**

**अमृत विचार:** इलेक्ट्रॉनिक ट्रांसमिटेड पोस्टल बैलेट सिस्टम (ईटीपीबीएस) के माध्यम से केंद्रीयकृत कर्मियों के वोटों की गिनती आदि को लेकर 10 पर्यवेक्षकों को नामित किया है। इसमें दो पर्यवेक्षक रिजर्व में रहेंगे। इसको लेकर अधिकारियों की देखरेख में मंगलवार को एनआईसी में ड्राय रन (रिहर्सल) किया जाएगा।

पीलीभीत लोकसभा सीट पर प्रथम चरण में 19 अप्रैल को मतदान संपन्न हुआ था। इधर चार जून को होने वाली मतगणना को लेकर प्रशासनिक स्तर पर तैयारियां शुरू हो चुकी है। मतगणना कार्य को पूर्व में ही कर्मियों की स्क्रीनिंग का कार्य पूरा किया जा चुका है। चूंकि चार जून को होने वाली मतगणना के दौरान सबसे पहले पोस्टल बैलेट की गिनती होनी है। ऐसे में पोस्टल बैलेट की मतगणना संबंधी तैयारियां पहले की जा रही है। जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार सिंह ने पोस्टल बैलेट से प्राप्त मतों की गिनती के लिए बेसिक शिक्षा एवं पंचायत विभाग के 14 अधिकारियों को पर्यवेक्षक के तौर पर नामित किया गया है। इधर, अब इलेक्ट्रॉनिक ट्रांसमिटेड पोस्टल बैलेट सिस्टम के माध्यम से केंद्रीयकृत कर्मियों के प्राप्त मतों की मतगणना के लिए अन्य 10 पर्यवेक्षक नामित किए गए हैं। इसमें दो पर्यवेक्षक रिजर्व में रहेंगे। मंगलवार को एनआईसी में अधिकारियों की देखरेख में ड्राय रन किया जाएगा। इसकेअलावा 22 मई को जिला निर्वाचन अधिकारी प्रत्याशियों/प्रतिनिधियों के साथ बैठक करेंगे। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ऋतु पूनिया ने बताया कि मतगणना संबंधी तैयारियां तेजी से चल रही हैं। ईटीपीबीएस को लेकर 10 पर्यवेक्षक नामित किए गए हैं।



## मजदूरी के रुपए मांगने पर पीटा, चार पर रिपोर्ट

**पूरनपुर:** मजदूरी के रुपये मांगने पर ठेकेदार ने साथियों संग श्रमिक की पिटाई कर दी। बचाने आई परिवार की महिलाओं को भी पीटा। पुलिस ने मामले की नामजद रिपोर्ट दर्ज की है। कोतवाली क्षेत्र के गांव सबलपुर खास के रहने वाले अवनीश पुत्र नन्हेलाल गांव के ही सौरभ के साथ हरियाणा मजदूरी करने गए थे। आरोप है कि ठेकेदार सौरभ मजदूरी के तीस हजार रुपए नहीं दे रहा है। शनिवार को अवनीश सौरभ से रुपए मांगने गए। इस पर सौरभ ने वीरपाल , विजेंद्र सिंह और शालू के साथ मिलकर गाली गलौज की। घबराया अवनीश अपने घर आ गया। आरोप है कि सभी एक राय होकर उसके घर में दरवाजा तोड़कर घुस गए और लाठी डंडे से उसकी पिटाई लगाई। घर की महिलाओं ने बचाने का प्रयास किया तो सभी ने महिलाओं को पीटा। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# एफएसडीए की छापेमारी से गिर गए दुकानों के शटर

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **नौगवा चौराहा के पास देशी और अंग्रेजी शराब की दुकान के निरीक्षण से मची खलबली**
- **शहर में दो अन्य प्रतिष्ठानों पर छापेमारी के दौरान बेसन और हल्दी के नमूने लिए**

**अमृत विचार:** खाद्य विभाग की टीम ने शराब की दुकानों समेत दो अन्य प्रतिष्ठानों पर छापेमारी की। इस दौरान टीम ने बेसन एवं हल्दी के नमूने लिए। इसके अलावा टीम ने शराब की दुकानों पर भी छापेमारी की। टीम की इस कार्रवाई से हड़कंप मचा रहा।

खाद्य पदार्थो में मिलावट की रोकथाम को लेकर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम ने सोमवार को तीन स्थानों पर छापेमारी की। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी जितेंद्र कुमार के नेतृत्व में टीम ने शहर में टनकपुर हाईवे के समीप स्थित अंकित जायसवाल के प्रतिष्ठान पर छापेमारी की। इस दौरान टीम ने संदेह होने पर यहा पिसी हल्दी का नमूना लिया। इसके बाद टीम ने शहर के नौगवा चौराहा के समीप स्थित देशी एवं अंग्रेजी शराब की दुकानों का भी निरीक्षण किया। इसके अलावा टीम ने अटकोना चौराहा स्थित वेगराज के किराना स्टोर पर छापेमारी की। यहां टीम ने बेसन का नमूना लिया। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी के मुताबिक संग्रहित नमूनों को जांच के लिए भेजा गया है। जांच रिपोर्ट आने के बाद ही अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी सतीश कुमार, अनंतस्वरूप आदि शमिल रहे।

School Education
ADMISSION OPEN
For Advertisement Contact :
7906732664, 8445507002

JYOTI COLLEGE
of Management Science & Technology
Estd. 2000
Email: contact@jyoticollege.com | Web: www.jyoticollege.com
B.Sc. Nursing | G.N.M.
M.Sc. Nursing | A.N.M.
P.B.B.Sc. Nursing | D.P.T.
College Code: 2430244 | D.R. Optometry
ADMISSION OPEN
D.Pharma | M.Ed.
D.M.L.T. | B.Ed
FREE CLASSES FOR CNET - 2024
Budaun Office: Malgodam Road, Civil Lines, Near Railway Station, Budaun- Mob.: 7906222523, 9837997770
Bisalpur Office: Govt. Degree College Raod, Bisalpur, Pilibhit- Mob.: 9105495531
Pilibhit Office: Kishan Bihar Colony, Near Om Lawn, Pilibhit- Mob.: 9837510267
Campus: Mudia Ahmad Nagar, Near Airport Gate, Pilibhit Road, Bareilly
Head Office: Gurah Compound, Macnair Road, Behind PNB Bank, Prem Nagar, Bareilly
Ph.: 9219459111, 6395711513, 9837028420

रूहेलखण्ड कमिश्नरी का प्रथम विधि विद्यालय
SHRIJI INSTITUTE OF LEGAL Vocational Education & Research
Estd. 2003
(SILVER LAW COLLEGE)
(Approved by BCI & Affiliated to MJPRU)
ADMISSION OPEN 2024-25
LL. B. 3 Yrs. Course After Graduation
B.A. LL.B. 5 Yrs. Course After 12th
General 45%, OBC 42%, SC/ST 40% (in Graduation)
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें :
8630182679, 7983811321
9411472001, 9690263708 & 9837485855
Email.: ravibhatnagar.slcbly@gmail.com
Add : Vill. Barkhapur, PO. Mudia Ahamad Nagar, 12th Km. Pilibhit Road, Bareilly

बैशाख शुक्ल पक्ष त्रयोदशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 21 मई 2024
वर्ष 5, अंक 184, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com





अंटार्कटिक बर्फ के नीचे से दुर्लभ न्यूट्रिनो की खोज 12

यामी गौतम-आदित्य धर के घर बेटे का जन्म 11


# आईएसआईएस के चार आतंकी गिरफ्तार

अहमदाबाद, एजेंसी

### भारत में आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने के मिशन पर थे



- चारों श्रीलंका के रहने वाले हैं गुजरात एटीएस ने की कार्रवाई

गुजरात पुलिस के आतंकवाद निरोधी दस्ते (एटीएस) ने प्रतिबंधित संगठन इस्लामिक स्टेट (आईएस) से संबंध रखने के आरोप में चार श्रीलंकाई नागरिकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सोमवार को बताया कि श्रीलंका के ये नागरिक भारत में आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने के मिशन पर थे। खुफिया सूचना पर एटीएस ने रविवार रात को सरदार वल्लभाई पटेल हवाई अड्डे पर इन आतंकवादियों को पकड़ा। ये श्रीलंका की राजधानी कोलंबो से चेन्नई होते हुए अहमदाबाद पहुंचे थे।

गुजरात के डीजीपी विकास सहाय ने कहा कि एटीएस की टीम ने आरोपियों के पास से जब्त मोबाइल फोन में मिली जानकारी और तस्वीरों के आधार पर नाना चिलोडा इलाके से पाकिस्तान निर्मित तीन पिस्तौल और 20 कारतूस भी बरामद किए हैं।

डीजीपी के अनुसार आरोपियों की पहचान मोहम्मद नुसरत, मोहम्मद फारुख, मोहम्मद नफरान और मोहम्मद रासदीन के रूप में की गई है। इन्होंने कोलंबो से उड़ान भरी और रविवार तड़के चेन्नई पहुंचे। अहमदाबाद के लिए दूसरी उड़ान ली, जहां वे रविवार रात करीब आठ बजे उतरे। वे पहले प्रतिबंधित श्रीलंकाई कट्टरपंथी आतंकवादी संगठन, नेशनल तौहीत जमात (एनजेटी) से जुड़े थे, और अपने पाकिस्तानी आका अबू बक्र अल बगदादी के संपर्क में आने के बाद आईएस में शामिल हो गए।

# हेलीकॉप्टर हादसे में ईरान के राष्ट्रपति रईसी की मौत

दुबई, एजेंसी

ईरान के उत्तर-पश्चिम स्थित पहाड़ी क्षेत्र में खराब मौसम की वजह से हुए हेलीकॉप्टर हादसे में राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी, विदेश मंत्री और अन्य लोग दुर्घटनास्थल पर मृत पाए गए । देश की सरकारी मीडिया ने यह जानकारी दी। इब्राहिम रईसी की मौत के बाद प्रथम उपराष्ट्रपति मोहम्मद मोखबर को देश का कार्यवाहक राष्ट्रपति नियुक्त किया गया है। सरकारी टीवी ने पूर्वी अजरबैजान प्रांत में हुए हादसे का कोई कारण अभी नहीं बताया है। रईसी हादसे के समय ईरान के पूर्वी अजरबैजान प्रांत में यात्रा कर रहे थे। हादसे में रईसी के साथ मिले शवों में ईरान के विदेश मंत्री हुसैन



दुर्घटनास्थल पर पहुंचे बचाव दल के कर्मचारी। ● एजेंसी

- विदेश मंत्री अमीराब्दुल्लाहियन सहित कई अन्य के शव भी मिले
- पूर्वी अजरबैजान में रविवार को हेलीकॉप्टर हुआ था दुर्घटनाग्रस्त

अमीराब्दुल्लाहियन (60) का शव भी शामिल है।

सरकारी समाचार एजेंसी आईआरएनए के अनुसार, रईसी के साथ ईरान के विदेश मंत्री अमीराब्दुल्लाहियन, ईरान के पूर्वी अजरबैजान प्रांत के गवर्नर एवं अन्य अधिकारी और अंगरक्षक भी यात्रा कर रहे थे। ईरान द्वारा रईसी के निधन की पुष्टि किए जाने के बाद कि दुर्घटना में कोई भी जीवित नहीं बचा है, दुनिया भर से शोक संदेश आने शुरू हो गए। पाकिस्तान ने रईसी के निधन पर एक दिन के राजकीय शोक की घोषणा की है।वहीं भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि देश दुख की इस घड़ी में ईरान के साथ खड़ा है। मिस्र और जॉर्डन के नेताओं ने भी रईसी के निधन पर शोक जताया है। सीरिया के राष्ट्रपति बशर अल अशद ने भी ईरान के राष्ट्रपति के निधन पर शोक व्यक्त किया है।

### उपराष्ट्रपति मोखबर बने कार्यवाहक राष्ट्रपति

#### भारत में एक दिन के राजकीय शोक की घोषणा

**नई दिल्ली।** भारत ने ईरान के राष्ट्रपति डॉ. सैयद इब्राहिम रईसी और विदेश मंत्री हुसैन अमीर अब्दुल्लाहियान की मृत्यु पर उनके सम्मान में देश भर में 21 मई यानी मंगलवार को एक दिन के राजकीय शोक की घोषणा की है। केन्द्रीय गृह मंत्रालय की ओर से कहा गया कि रईसी व अब्दुल्लाहियान की मृत्यु पर उनके सम्मान में देश भर में 21 मई मंगलवार को राजकीय शोक घोषित किया गया है। इस दौरान देशभर में राष्ट्रीय ध्वज आधा झुका रहेगा और कोई आधिकारिक मनोरंजन गतिविधि नहीं होगी।


पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा
एम. के. बन्धानी हींग
हर समझदार गृहणी की पसन्द
51/71, नयागंज प्लाज़ा, नयागंज, कानपुर
फोन: 9519456555, 9695416555

SELECTION POINT
The Complete Family Store
दूल्हे हम सजाते हैं।
डिज़ाइनर सूट | शेरवानी | जोधपुरी कुर्ता पायजामा | डिज़ाइनर शर्ट
45, Civil Lines, Bareilly 8266800220
D.D. Puram, Bareilly 7088300050

पढ़ते रहिये...
अमृत विचार
फेस्टिवल ऑफर
₹5/- प्रतिदिन


# 14 लोकसभा सीटों पर 58% वोटिंग

## पांचवां चरण : सबसे ज्यादा बाराबंकी में 67.10% व सबसे कम लखनऊ 52.23% वोटिंग

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में पांचवें चरण की 14 लोकसभा सीटों पर शाम छह बजे तक लगभग 58 प्रतिशत मतदान हुआ। सबसे ज्यादा बाराबंकी में 67.10 प्रतिशत व सबसे कम लखनऊ 52.23 प्रतिशत मतदान रहा। लखनऊ पूर्व विधानसभा सीट के उप चुनाव में 52.45 प्रतिशत मतदान हुआ। भीषण गर्मी के कारण दोपहर में मतदान धीमा रहा, शाम के वक्त लोगों ने मतदान में ज्यादा रुचि दिखाई। कई मतदान केंद्रों पर खराबी की शिकायत पर ईवीएम बदलकर मतदान कराया गया। छिटपुट घटनाओं के बीच मतदान शांतिपूर्ण रहा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि शाम छह बजे तक जिलों से प्राप्त जानकारी के आधार पर लोक सभा निर्वाचन क्षेत्रों में कुल औसत मतदान 57.98 प्रतिशत हुआ। इसमें मोहनलालगंज (अजा) सीट पर 62.72 प्रतिशत, रायबरेली में 58.04 प्रतिशत, अमेठी में 54.40, जालौन (अजा) 56.15, झांसी में 63.70, हमीरपुर में 60.56 प्रतिशत, बांदा में 59.64, फतेहपुर में 57.05, कौशाम्बी (अजा) 52.79 प्रतिशत, फैजाबाद 59.10, कैसरगंज 55.68 व गोंडा सीट पर 51.64 प्रतिशत मतदान हुआ।



मतदान के बाद अमिट स्याही दिखाते केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, स्मृति ईरानी, कौशल किशोर और उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक।

- लखनऊ पूर्व विधानसभा सीट पर 52.45 प्रतिशत मतदान
- दोपहर में धीमा रहा मतदान, कई जगह ईवीएम में खराबी

### कई मंत्रियों समेत राहुल गांधी का भाग्य ईवीएम में कैद

पांचवें चरण के मतदान के बाद पांच केंद्रीय मंत्रियों राजनाथ सिंह, कौशल किशोर, स्मृति ईरानी, साध्वी निरंजन ज्योति व भानु प्रताप वर्मा समेत कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी का भाग्य ईवीएम में कैद हो गया। लखनऊ सीट पर राजनाथ सिंह का मुकाबला सपा प्रत्याशी रविदास मेहरात्रा से रहा। मोहनलालगंज सीट पर केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर के मुकाबले में सपा से आरके चौधरी व बसपा के राजेश कुमार रहे। अमेठी सीट पर केंद्रीय मंत्री स्मृति इरानी व किशोरी लाल शर्मा और रायबरेली सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी राहुल गांधी का मुकाबला भाजपा प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह से रहा।

### एटा में एक बूथ पर 25 मई को पुनर्मतदान

भारत निर्वाचन आयोग ने प्रदेश में फर्रुखाबाद लोकसभा सीट पर एटा जिले में आने वाले एक बूथ पर फर्जी मतदान की शिकायत पर 25 मई को वहां पुनर्मतदान कराने का फैसला लिया है। फर्रुखाबाद लोस सीट पर एटा के अलीगंज विधानसभा क्षेत्र में फर्जी मतदान का वीडियो वायरल हुआ था।

### सौ प्रतिशत मतदान कर ललितपुर ने रचा इतिहास

**लखनऊ।** शहरों में जहां मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए अथक प्रयास किए जा रहे हैं वहीं, झांसी-ललितपुर के गांवों के लोंगों ने शत-प्रतिशत मतदान कर इतिहास बना दिया। तीन बूथों पर सौ प्रतिशत वोटिंग कर रिकॉर्ड कायम किया है। माना जा रहा है कि देश का पहला मामला है, जहां 100 प्रतिशत मतदान हुआ है। यहां कुल 10 प्रत्याशी मैदान में रहे। ग्राम सौल्दा के बूथ संख्या 277 पर पुरुष 198 और महिला 177 मिलाकर कुल 375 मतदाताओं ने वोट डाले। ग्राम बम्हौरा नागल के बूथ संख्या 355 पर पुरुष 235 और महिला 206 मिलाकर कुल 441 मतदताओं ने वोटिंग की। जबकि, ग्राम बुदनी नाराहट के बूथ संख्या 195 पर पुरूष 116 और महिला 99 कुल 215 मतदाताओं ने शत-प्रतिशत वोट किया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि स्थानीय अधिकारियों के अथक प्रयास के चलते ही यह संभव हो सका। आखिरी मतदाता को वोट के लिए बंगलुरु से बुलवा लिया गया। ललितपुर डीएम अक्षय त्रिपाठी के निर्देश पर बंगलुरु से भोपाल तक का 18 हजार रुपये का टिकट बनवाया गया। फिर उस व्यक्ति को भोपाल से सरकारी गाड़ी द्वारा बूथ तक लाकर वोट डलवाया गया।

# छत्तीसगढ़ : वाहन घाटी में गिरने से 19 की मौत

कवर्धा, एजेंसी

- पिकअप से तेंदूपत्ता तोड़ने गए थे ग्रामीण, 3 घायल, मृतकों में 18 महिलाएं और एक पुरुष

छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिले में सोमवार को एक वाहन (पिकअप) के घाटी में गिरने से 18 महिलाओं और एक पुरुष की मौत हो गई तथा तीन अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि ब्रेक फेल होने के कारण यह दुर्घटना हुई। कबीरधाम जिले के पुलिस अधीक्षक अभिषेक पल्लव ने बताया कि जिले के कुकदूर थाना क्षेत्र में बाहपानी गांव के पास दोपहर बाद लगभग पौने दो बजे वाहन के बंजारी घाटी में गिरने से 19 लोगों की मौत हो गई जिनमें 18 महिलाएं हैं।

पल्लव ने बताया कि ग्रामीण जंगल से तेंदू पत्ता एकत्र कर जब वाहन से अपने गांव लौट रहे थे तब यह हादसा हुआ। उनके अनुसार वाहन में 36 लोग सवार थे। जब वाहन बंजारी घाट (घाटी) में उतर रहा था तब चालक ने चिल्लाया कि ब्रेक फेल हो गया है।

तब कई पुरुष और चालक वाहन से कूद गए। पल्लव ने बताया कि वाहन सड़क से उतरकर 40 फीट गहराई में लुढ़क गया और घाटी के नीचे सड़क पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। दुर्घटना के बारे में जानकारी पर कुकदूर और पंडरिया से स्वास्थ्य कर्मियों और पुलिस दल मौके पर पहुंचा और बचाव कार्य शुरू किया।

पुलिस ने बताया कि 12 महिलाओं और एक पुरुष की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि नौ अन्य घायल हो गए। नौ घायलों में से पांच महिलाओं ने अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ दिया। तीन महिलाओं समेत चार घायलों को कबीरधाम जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां एक महिला की मौत हो गई।

### राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने दुख व्यक्त किया

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री ने घटना पर दुख जताया है। मुर्मू ने 'एक्स' पर लिखा है कि हादसे में अपने प्रियजनों को खोने वाले परिवारों के प्रति गहन शोक-संवेदनाएं व्यक्त करती हूं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती हूं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कवर्धा में हुआ सड़क हादसा अत्यंत पीड़ादायक है। इस दुर्घटना में जिन्होंने अपनों को खोया है, उनके प्रति मेरी शोक-संवेदनाएं।

### ईडी ने गृह मंत्रालय को सौंपी रिपोर्ट

# 'आप' को विदेश से हुई करोड़ों की अवैध फंडिंग

नई दिल्ली, एजेंसी

- नियमों का उल्लंघन कर विदेश से सात करोड़ चंदा लेने का आरोप

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने केंद्रीय गृह मंत्रालय को पत्र लिखकर दावा किया कि दिल्ली और पंजाब में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) ने एफसीआरए का उल्लंघन कर विदेश से सात करोड़ से अधिक का विदेशी कोष हासिल किया है।

पंजाब में 'आप' के पूर्व विधायक सुखपाल सिंह खैरा और अन्य के खिलाफ मादक पदार्थ से जुड़े धन शोधन के मामले की जांच के तहत कुछ दस्तावेज व ईमेल मिलने के बाद ईडी ने यह पत्र मंत्रालय को लिखा है। यह जांच 2021 में शुरू हुई थी और ईडी ने खैरा को तभी गिरफ्तार कर लिया था। ईडी ने पिछले साल अगस्त में केंद्रीय गृह मंत्रालय को एक विस्तृत पत्र भेजा था जिसमें 'आप' द्वारा नियमों के कथित उल्लंघन को रेखांकित किया गया है और इसे फेरा और जनप्रतिनिधिन कानून के उल्लंघन की श्रेणी में रखा गया है। माना जाता है कि ईडी ने हाल में इस मामले की कुछ नई जानकारियां गृह मंत्रालय से साझा की हैं।

# माओवादियों से मुठभेड़ में एक जवान घायल

**भुवनेश्वर।** ओडिशा पुलिस के विशेष अभियान समूह (एसओजी) के एक सदस्य को सोमवार को नौपाड़ा जिले में माओवादियों के साथ मुठभेड़ के दौरान गोली लग गई। एडीजी (ऑपरेशन) देवदत्त सिंह ने बताया कि यह घटना सुबह करीब तीन बजे की है जब एसओजी के जवानों की ओडिशा-छत्तीसगढ़ सीमा पर शिवनारायणपुर के पास सुनाबेड़ा जंगल में माओवादियों से मुठभेड़ हुई। गोलीबारी के दौरान एसओजी के एक जवान को गोली लगी और बाद में उसे इलाज के लिए रायपुर ले जाया गया। सिंह ने कहा कि तलाशी में 10 आईईडी, पिस्तौल और अन्य आपत्तिजनक सामग्री बरामद की है।

# गैंगरेप के बाद बच्ची को जिंदा जलाने के दोषियों को मृत्युदंड

जयपुर, एजेंसी

- राजस्थान के भीलवाड़ा की पॉक्सो कोर्ट ने सुनाई सजा

राजस्थान के भीलवाड़ा की पॉक्सो अदालत ने एक नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म व उसे कोयला भट्टी में जलाने के मामले में दो दोषियों को सोमवार को मृत्युदंड दिया।

विशेष लोक अभियोजक महावीर सिंह किशनावत ने बताया कि इस मामले में नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म और उसकी हत्या करने वाले दो दोषियों कालू व कान्हा को मौत की सजा सुनाई गई है। उन्होंने कहा कि नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म, मारपीट और फिर उसे जिंदा ही भट्टी में जलाने को अदालत ने 'दुर्लभ से दुर्लभतम' मानते हुए दोनों दोषियों को मौत की सजा सुनाई है। अदालत ने शनिवार को दोनों आरोपियों को दोषी ठहराया था और सोमवार को सुनाई। अदालत ने इस मामले में साक्ष्य मिटाने के आरोपी 7 व्यक्तियों को बरी कर दिया था। इनमें तीन महिलाएं व चार पुरुष हैं। किशनावत ने कहा कि इन्हें बरी किए जाने के खिलाफ हाईकोर्ट में अपील की जाएगी।

पीड़िता की मां ने कहा कि न्याय हुआ है और वह दोषियों को दी गई सजा से संतुष्ट हैं।

# फ्लाईओवर से नीचे गिरी डग्गामार बस, एक की मौत, 18 गंभीर घायल

कार्यालय संवाददाता, बरेली



- दिल्ली से बरेली आते समय फतेहगंज पश्चिमी में हुआ हादसा
- 50 यात्री थे बस में, नींद का झोंका आने से संतुलन खो बैठा ड्राइवर

**अमृत विचार :** बरेली से दिल्ली के बीच चलने वाली डग्गामार बस ड्राइवर को नींद का झोंका आने की वजह से सोमवार रात करीब 3 बजे फतेहगंज पश्चिमी इलाके के बल्लिया गांव में फ्लाईओवर से नीचे जा गिरी। इस हादसे में एक यात्री की मौत हो गई और 18 गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने इन सभी को अस्पताल में भर्ती कराया है। ड्राइवर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

पुलिस के मुताबिक बस दिल्ली के सीलमपुर से रविवार रात करीब 11 बजे 50 यात्रियों को लेकर बरेली के लिए चली थी। रात करीब 3 बजे बरेली के नजदीक फतेहगंज पश्चिमी इलाके से गुजरते वक्त ड्राइवर गाजियाबाद के साहिबाबाद निवासी साजिद को झपकी लग गई। बस बेकाबू होकर बल्लिया पश्चिमी गांव के फ्लाईओवर की रेलिंग तोड़ते हुए 35 फुट नीचे सर्विस लेन पर आ गिरी। इस हादसे में मेरठ के थाना दौराला के गांव मटौरा निवासी 56 वर्षीय प्रेम किशन की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने गंभीर घायल ड्राइवर समेत 18 अन्य लोगों को अस्पताल भिजवाया। इसके बाद क्रेन मंगाकर बस को सीधा कराकर सर्विस लेन से हटवाया। सुबह डीएम और एसएसपी ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद पुलिस को कार्रवाई का निर्देश दिया। एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान ने बताया कि घायल हुए लोगों को पुलिस ने अस्पताल में भर्ती करा दिया है।

### एम्स की एमडी परीक्षा

# नकल का भंडाफोड़

ब्यूरो, देहरादून

- एम्स ऋषिकेश के दो डॉक्टर समेत पांच गिरफ्तार
- एक परीक्षार्थी को उत्तीर्ण कराने को वसूले 50 लाख

**अमृत विचार :** पुलिस व एसओजी ने ऑल इंडिया स्तर पर आयोजित एम्स की एमडी परीक्षा में अन्य प्रांतों के परीक्षा केंद्रों पर नकल कराने का भंडाफोड़ किया है। एम्स ऋषिकेश के दो डाक्टर्स समेत पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। ये लोग ऋषिकेश से टेलीग्राम के माध्यम से हिमाचल के कांगड़ा स्थित परीक्षा केंद्र पर परीक्षार्थियों को नकल करा रहे थे। इनके पास से तीन टेबलेट, तीन मोबाइल फोन, मेडिकल की दो किताबें बरामद हुई हैं।

रविवार को हुई एम्स की एमडी परीक्षा में नकल माफिया के सक्रिय होने की सूचनाएं मिल रही थीं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने ऋषिकेश पुलिस व एसओजी देहात की संयुक्त टीम को छानबीन के लिए लगाया था। टीम ने एक सूचना पर बैराज रोड पर दबिश देकर टाटा सफारी वाहन को पकड़ा जिसमें पांच लोग सवार थे जो एमडी परीक्षा में हिमाचल के कांगड़ा स्थित परीक्षा केंद्र पर परीक्षार्थियों को मोबाइल फोन एवं टैब के माध्यम से प्रश्न पत्रों के सॉल्वड उत्तर उपलब्ध करा रहे थे। इनमें जींद हरियाणा निवासी अजीत, विकास कॉलोनी रोहतक निवासी अमन शिवाच, पटियाला के सनौरी निवासी वैभव कश्यप, हिसार के पटेलनगर निवासी विजुल गौरा व डिफेंस कॉलोनी हिसार निवासी जयंत शामिल हैं।

ऋषिकेश कोतवाली प्रभारी शंकर सिंह बिष्ट ने बताया कि अजीत मुख्य आरोपी है, जबकि वैभव कश्यप व अमन शिवाच एम्स में डॉक्टर हैं। सभी आरोपियों के खिलाफ कोतवाली ऋषिकेश में विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के मुताबिक प्रत्येक अभ्यर्थी को एमडी परीक्षा में पास कराने के एवज में 50 लाख रुपये लिए गए थे। दोनों डॉक्टरों को प्रश्नों को हल करने के एवज में दो-दो लाख रुपये दिए गए थे।

# चारधाम यात्रा : 31 तक स्थगित किए गए ऑफलाइन पंजीकरण

**देहरादून।** चारधाम यात्रा में श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए सुरक्षा व सुविधा की दृष्टि से ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन 31 मई तक के लिए स्थगित कर दिया गया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि 10 दिनों में चारधाम यात्रा का विश्लेषण किया जाए, देखा जाए कहां कमी रही। यह भी देखा जाए कि यात्रा के दौरान कौन से सराहनीय कार्य किए गए। अपर मुख्य सचिव आनंद बर्धन को साप्ताहिक रिपोर्ट तैयार करने को कहा। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रद्धालुओं को राज्य के अन्य धार्मिक और पौराणिक स्थलों पर जाने के लिए भी प्रेरित किया जाए।

# कोवैक्सीन के दुष्प्रभाव वाला बीएचयू का शोध गलत

नई दिल्ली, एजेंसी

### आईसीएमआर ने किया खंडन, अध्ययन से अपना नाम हटाने को कहा





- विश्वविद्यालय और न्यूजीलैंड की पत्रिका को भेजा पत्र
- कानूनी और प्रशासनिक कार्रवाई करने की दी चेतावनी

भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) ने भारतीय कोविड टीका कोवैक्सीन पर बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के एक अध्ययन का खंडन करते हुए इस पर कानूनी और प्रशासनिक कार्रवाई करने की चेतावनी दी है। आईसीएमआर के महानिदेशक डॉ. राजीव बहल ने कोवैक्सीन पर अध्ययन करने वाले विश्वविद्यालय के संस्थानों और प्रकाशित करने वाली न्यूजीलैंड की पत्रिका को अलग-अलग पत्र भेजा है और इस अध्ययन से आईसीएमआर का नाम हटाने को कहा है।

पत्र में कहा गया है कि इस अध्ययन की प्रक्रिया अवैज्ञानिक है और यह पूर्वाग्रह से ग्रसित है। अध्ययन में निर्धारित प्रक्रियाओं को पालन नहीं किया गया है तथा यह एक छोटे से समूह पर आधारित है। ये पत्र 18 मई को लिखे गए और इनकी प्रतियां सोमवार को यहां उपलब्ध कराई गईं। बहल ने दोनों पत्रों में अध्ययन से आईसीएमआर का नाम अलग करने तथा ऐसा नहीं होने पर कानूनी और प्रशासनिक कार्रवाई की चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि आईसीएमआर इस अध्ययन से जुड़ा नहीं है और उसने शोध के लिए कोई वित्तीय या तकनीकी सहायता प्रदान नहीं की है। आईसीएमआर द्वारा भेजे गए पत्रों के अनुसार टीकाकरण और गैर-टीकाकरण वाले समूहों के बीच घटनाओं की तुलना करने के लिए अध्ययन में गैर-टीकाकरण वाले व्यक्तियों का कोई उल्लेख नहीं है।

### कोवैक्सीन को लेकर जताई गई थी चिंता

हाल ही में किशोरों और वयस्कों में बीबीवीएल 52 कोरोना वायरस वैक्सीन का दीर्घकालिक सुरक्षा विश्लेषण : उत्तर भारत में एक वर्ष के संभावित अध्ययन से निष्कर्ष नामक शोध पत्र के प्रकाशन के बाद कोवैक्सीन टीके को लेकर सुरक्षा पर चिंताएं जताई गई हैं। डॉ. बहल ने कहा है कि आईसीएमआर को बिना किसी पूर्व अनुमोदन या आईसीएमआर को सूचित किए बिना अनुसंधान में शामिल किया गया था, जो अनुचित और अस्वीकार्य है। उन्होंने कहा कि आईसीएमआर को इस असंगत अध्ययन से संबद्ध नहीं किया जा सकता है।

कैलाश आई एवं जनरल हॉस्पिटल
सभी टी.पी.ए. आयुष्मान कार्ड, लाल कार्ड, पं. दीनदयाल उपाध्याय योजना द्वारा नाखूना, मोतियाबिन्द ऑपरेशन, पित्त की थैली की पथरी, अपेन्डिसाइटिस, हार्निया, हाइड्रोसिल, पेट के समस्त ऑपरेशन की सुविधा
फ्री
भर्ती मरीजों की बायोप्सी एवं खून की जाँचें फ्री की जाती हैं।
ओ.पी.डी. ब्लड प्रेशर, शुगर की जाँच, आँख की धुलाई, कम्प्यूटर द्वारा चश्में की जाँच प्रतिदिन फ्री की जाती है।
नाश्ता, रहना, दवाईयां, चश्मा, लेन्स फ्री
अखबार की कटिंग लाने व ऑपरेशन कराने पर रु. 500/- तक का गिफ्ट
किप्स सुपर मार्केट के सामने, 60 एम. आई.जी. जनकपुरी पार्क के पास, बरेली
सम्पर्क करें : संजीव कुमार पाडेय चेयरमैन
9837892555
9412192305

कृतिका ग्रुप ऑफ कॉलेज
मान्यता एवं सम्बद्धता (आयुर्वेद) : भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग (NCISM) नई दिल्ली एवं एम.जी.जी.यू.ए. गोरखपुर उ.प्र.
मान्यता एवं सम्बद्धता (फार्मेसी) : फार्मेसी काउंसिल ऑफ इण्डिया नई दिल्ली
डा. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम टैक्निकल यूनिवर्सिटी लखनऊ। बोर्ड ऑफ टैक्निकल एजुकेशन, लखनऊ।
मान्यता एवं सम्बद्धता (नर्सिंग) उ.प्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी लखनऊ एवं अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल विश्वविद्यालय, लखनऊ।
ADMISSION OPEN
AYURVED B.A.M.S. अवधि : 4-1/2 वर्ष योग्यता : NEET Qualified
PHARMACY B. Pharma बी. फार्मा अवधि : 4 वर्ष योग्यता : 10+2 विज्ञान वर्ग
PHARMACY D. Pharma डी. फार्मा अवधि : 2 वर्ष योग्यता : 10+2 विज्ञान वर्ग
PARA MEDICAL Diploma O.T. डिप्लोमा इन ओ.टी. टैक्निशियन अवधि : 2 वर्ष योग्यता : 10+2 विज्ञान वर्ग
PARA MEDICAL Dip Lab. Technician डिप्लोमा इन लैब टैक्निशियन अवधि : 2 वर्ष योग्यता : 10+2 विज्ञान वर्ग
NURSING B.Sc. Nursing बी.एससी. नर्सिंग अवधि : 4 वर्ष आयु 17 वर्ष योग्यता : 10+2 बायोलॉजी
NURSING A.N.M. डिप्लोमा महिला हेल्थ वर्कर अवधि : 2 वर्ष आयु 17-35 वर्ष योग्यता : 10+2 किसी भी विषय में
सुविधायें
♦ आयुर्वेदिक अस्पताल ♦ औषधियों युक्त हर्बल गार्डन ♦ शैक्षिक भवन एवं लाईब्रेरी ♦ पूर्ण सुसज्जित लैब ♦ वाई-फाई कैम्पस ♦ बस सुविधा ट्रेनिंग के लिए 100 बेड का पूर्ण व्यवस्थित स्वयं का आधुनिक कोपल अस्पताल ♦ छात्र- छात्राओं के लिए अलग-अलग छात्रावास ♦ छात्रवृत्ति एवं शिक्षा ऋण (लोन) की सुविधा ♦ शव विच्छेदन की सुविधा (Cadaver)
कैम्पस : खाई खेड़ा, निकट काण्डू का पुल, पीलीभीत रोड, रिठौरा, बरेली (उ.प्र.) पिन : 243122
सम्पर्क सूत्र
8171489611, 7248343676
9027510784, 8218234755
सिटी आफिस : खाई खेड़ा, कोपल हॉस्पिटल, सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत रोड, बरेली (उ.प्र.) पिन-243006
सम्पर्क सूत्र
9758519405, 9457697581
Visit us : www.kritikaayurvedcollege.in, www.kritikapharmacycollege.in, www.kritikanursing.com

कोपल अस्पताल
AN ISO-9001-2008 CERTIFIED HOSPITAL
डा. के.पी. गंगवार
एम.एस. (आर्थो)
हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ
12.30 pm to 5.30 pm
डा. स्मृति गंगवार
एम.बी.बी.एस., डी.जी.ओ.
प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
12.00 pm to 3.00 pm, 6.30 pm to 7.30 pm
डा. मनोज गुप्ता
एम.एस. (जनरल सर्जन)
लैप्रोस्कोपिक सर्जन
12.00 pm to 2.00 pm
डा. एस.के जौहरी
एम.डी.
गहन चिकित्सा रोग विशेषज्ञ
3.30 pm to 5.00 pm, 6.00 pm to 9.00 pm
डा. आकाश गुप्ता
एम.डी.
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए निःशुल्क ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
पीलीभीत बाईपास रोड, सुरेश शर्मा नगर, बरेली
Ph.: 0581-2525711, 2525038
HELPLINE No. 9758519405

## दो लाख रुपये की मांग पूरी न होने पर गर्भपात कराया

**पूरनपुर :** दहेज में दो लाख रुपये की मांग पूरी न होने पर महिला का गर्भपात करा दिया। पुलिस ने पति सहित तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस को दी तहरीर में पीड़िता ने बताया कि एक साल पहले उसकी शादी घुंघचाई थाना क्षेत्र के रहने वाली युवक से हुई थी। आरोप है कि शादी कुछ समय बाद ही दहेज की मांग को लेकर शारीरिक, मानसिक उत्पीड़न करना शुरू कर दिया गया। भूखा-प्यासा कर कमरे में बंदकर रखा। इतना ही नहीं दो लाख रुपये की मांग पूरी न होने पर गर्भवती होने पर भी पति और ससुरालवालों ने जबरन दवा खिलाकर उसका गर्भपात करा दिया गया। पता चलने पर मायके से 13 मई को पिता ससुराल आए और पीलीभीत के एक निजी अस्पताल में इलाज कराया। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर उसके पति, सास, ससुर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

चरक पैथलैब
विश्वसनीय परिणाम
FullBody BLOOD TEST PACKAGE
CBC+KFT+LFT+TFT+LIPID+SUGAR
~~1499/-~~ ONLY 799/-
जांचों पर विशेष छूट
चाट बाजार रोड, 39-बी, एकता नगर, बरेली
मो. 9410200042, 9410200047 समय प्रातः 8 से रात 9 बजे तक
घर से सैम्पल लेने की सुविधा उपलब्ध E-mail: pathlab.charak@gmail.com

सुनने और बोलने में समस्या ?
बहरापन
कान की मशीनें
स्पीच थेरेपी
हकलाना/तुतलाना
आटिज्म
निःशुल्क शिविर 22 मई 2024
आकांक्षा स्पीच एण्ड हियरिंग क्लीनिक
A-1/11, एकता नगर, केशलता अस्पताल के पास, सत्या पेट्रोल पंप के पहले, बरेली।
Call: +91 9696558181

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन - 8979252222, 9457663289

डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
● प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) ● गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) ● गुर्दे की नली (यूरेटर) की पथरी का ऑपरेशन (URSL) ● पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
आयुष्मान योजना अन्तर्गत स्वास्थ्य लाभ मुफ्त
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर
स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
समय दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक हेल्पलाइन 9897838286, 9837549348

आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री मोतियाबिन्द व नासूना के ऑपरेशन
TPA कैशलेस की सुविधा,
ECHS द्वारा मोतियाबिन्द की सुविधा
नेत्र सर्जन
डॉ. आफताब आलम
एम.बी.बी.एस., डी.ओ.एम.एस. (ए.एम.यू.)
रोहिलखंड रत्न व अचीवर अवार्ड से सम्मानित
मोतियाबिन्द के ऑपरेशन की शुरुआत मात्र 2000/- रु. से
मिलने का समय-प्रातः 10 से 3 बजे तक, शाम : 6 से 8 बजे तक
डॉ. आफताब आई केयर मो. 9758934778
ऑर्थोडेन्ट क्लीनिक, निकट आकाश पुरम गेट, जगतपुर रोड, बरेली

डॉ. गयास अहमद
MBBS, DCH, DNB (Paediatric) NEW DELHI
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
भू.पू. चिकित्सक सर गंगाराम अस्पताल, नई दिल्ली
NEW BORN AND CHILD CARE CLINIC
1. मुंशी नगर गेट, डेलापीर मण्डी, पीलीभीत रोड, बरेली
समय - प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक, शाम 4 बजे से 8 बजे तक
HELP LINE - 7017920279, 8920198518

डॉ. प्रेम गंगवार
B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
मो. 8859517808
सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड़, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयां के लिये निःशुल्क सम्पर्क करें। आधुनिक जर्मन दवाईयों द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
10 वर्षो का अनुभव प्रेम जर्मन होम्योपैथिक
रुहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली

# व्यापारी बोले- सीयूजी नंबर उठाते नहीं, समस्या क्या सुनेंगे अफसर

## बिजली कटौती से नाराज व्यापारियों ने सात दिन का दिया अल्टीमेटम

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



एक्सईन कार्यालय में प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपते व्यापारी। ● अमृत विचार

● एक्सईएन को सौंपा ज्ञापन, मांगे पूरी नहीं होने पर अनिश्चिकालीन धरना प्रदर्शन करेंगे व्यापारी

अमृत विचारः शहर हो या गांव अंधाधुंध बिजली कटौती से हर कोई परेशान है। अधिकारी आम लोगों के साथ ही व्यापारियों की समस्याओं को सुनने के बजाय सीयूजी नंबर पर जबाब देने से बच रहे हैं। पिछले कई दिनों से शहर में बिजली की अघोषित कटौती से व्यापार भी काफी असर पड़ा है। इससे परेशान व्यापारियों ने सोमवार को एक्सईएन कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन किया। पावर कारापोरेशन के अधिकारियों को सप्ताह भर का अल्टीमेटम दिया और कहा कि निर्धारित समय में अगर समस्या का समाधान नहीं हुआ तो अनिश्चकालीन धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इस दौरान अपनी मांगों से जुड़ा ज्ञापन भी सौंपा।

उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के जिलाध्यक्ष अफरोज जिलानी की अगुवाई में व्यापारी एकत्र हुए और सोमवार सुबह करीब 11 बजे रोडवेज के नजदीक स्थित पावर कॉरपोरेशन के अधिशासी अभियंता कार्यालय पहुंचे। व्यापारियों ने नारेबाजी की और एक्सईएन पंकज भारती को ज्ञापन सौंपा। जिसमें बताया गया कि गर्मी के दिनों में घंटों की अघोषित कटौती हो रही है। बिजली की अघोषित कटौती ने शहरवासियों का हाल बेहाल कर दिया है। कभी सुधार के नाम पर तो कभी जर्जर संसाधनों में आई खराबी के नाम पर घंटो बिजली गुल हो रही है। सुधार कार्य के बाद भी बिजली आपूर्ति सामान्य नहीं हो सकी है। व्यापार भी चौपट हो गया है। चेतावनी दी कि अविलम्ब इस समस्या का समाधान किया जाए वरना एक सप्ताह बाद उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल कार्यालय पर धरना देगा। जिला चेयरमैन अनिल महेंद्रु, नगर अध्यक्ष रणवीर पाठक, महिला विंग की प्रदेश उपाध्यक्ष सपना यादव, हसन खां, प्रकाश वीर सिंह, पंकज अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, विक्रम सिंह, सुनील वर्मा, वीरेंद्र रस्तोगी, ऋषि कन्नौजिया, प्रवीण मोहन अग्रवाल, राशिद अंसारी, हेमंत रस्तोगी, गौतम गोहा, मयंक, शलभ सिंह, युवा जिलाध्यक्ष शैली शर्मा, आशीष लोधी, कंचन सक्सेना आदि मौजूद रहे।

### अफसरों के लापरवाह रवैया पर जताई नाराजगी

व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष अफरोज जिलानी ने बिजली कटौती की समस्या के साथ ही अधिकारियों के लापरवाह रवैये पर भी नाराजगी जताई। कहा कि प्रचंड गर्मी के बीच बिजली आपूर्ति में मनमानी का खेल नहीं थम रहा है। हर तरफ हाहाकार मचा हुआ है। अधिकारी और अभियंता सीयूजी नंबर नहीं उठाते है। इससे आम जनता को सही समय पर सूचना नहीं मिल पाती है। अधिशासी अभियंता ने आश्वस्त किया कि विभाग जल्द से जल्द समस्या के समाधान का प्रयास करेगा।

## तकिया मंदिर पर चल रहे शतचंडी महायज्ञ का समापन

**पूरनपुर, अमृत विचार:** तकिया मंदिर में श्री दिव्य शक्ति पुंज महाकाली शक्तिपीठ मंदिर में शतचंडी महायज्ञ का पूर्णाहुति में साथ समापन किया गया।

मंदिर में 14 मई से सात कुंडीय महायज्ञ की शुरुआत हुई। ज्ञानयज्ञ में शामिल होने वाले सभी भक्तों से प्रतिदिन 2100 आहुतियां दिलवाई गईं। रोजाना बड़ी संख्या में भक्त यज्ञ स्थल की परिक्रमा करने के लिए पहुंचे। इसमें सुबह सात बजे से यज्ञ और दोपहर दो बजे से पांच बजे तक भागवत कथा सुनाई जा रही थी। समापन पर यज्ञ में रोजाना शामिल होने वाले यजमानों से पूर्णाहुति डाली। कार्यक्रम के समापन पर भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। महंत सूरजगिरि ने 11 कन्याओं को भोजन कराया। इसके बाद भंडारा हुआ, जो देर शाम तक चला।

## स्कूलों में होंगे हर माह टेस्ट, वार्षिक कैलेंडर के आधार पर होगी पढ़ाई

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

● कक्षा 9 और 11 के अंक वेबसाइट पर किए जाएंगे अपलोड

**अमृत विचार :** माध्यमिक स्कूलों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के बौद्धिक स्तर को सुधारने और मूल्यांकन कराने के उद्देश्य से अब हर महीने इंटर कॉलेजों में भी मासिक परीक्षाओं का आयोजन होगा। माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा जारी किए गए शैक्षिक कैलेंडर में इसकी व्यवस्था करते हुए डीआईओएस को दिशा निर्देश दिए गए हैं।

शैक्षिक सत्र 2024-25 के लिए माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा शैक्षिक कैलेंडर जारी किया गया है। जिसमें माध्यमिक स्कूलों में वर्षभर चलने वाली गतिविधियों के संबंध में दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। जिसके तहत अब माध्यमिक स्कूलों में भी सीबीएसई की तर्ज पर हर माह मासिक टेस्ट का आयोजन किया जाएगा। हर महीने आयोजित होने वाली परीक्षा में छात्र-छात्राओं से बहुविकल्पीय प्रश्नों के अलावा दीर्घ उत्तरीय प्रश्न भी पूछे जाएंगे। वहीं सितंबर के अंतिम सप्ताह तक अर्द्धवार्षिक परीक्षा की प्रयोगात्मक परीक्षा का आयोजन होगा। अक्टूबर के दूसरे व तीसरे सप्ताह में अर्द्धवार्षिक परीक्षाओं का आयोजन किया जाएगा। कक्षा नौ और 11 की अर्द्धवार्षिक व वार्षिक परीक्षाओं में मिलने वाले अंक भी वेबसाइट पर अपलोड करने होंगे।

जनवरी के तीसरे सप्ताह में हाईस्कूल और इंटर की प्री बोर्ड परीक्षा आयोजित कराई जाएगी। जनवरी के 2025 के प्रथम सप्ताह तक सभी कक्षाओं का पाठ्यक्रम पूरा करने के निर्देश जारी किए हैं। डीआईओएस गिरजेश कुमार चौधरी ने बताया कि अब सभी माध्यमिक शिक्षा विभाग के कॉलेज में मासिक टेस्ट की प्रक्रिया को लागू किया जाएगा। साथ ही अन्य वार्षिक कैलेंडर के आधार पर पढ़ाई कराई जाएगी।

## उर्स में कव्वालों की सजी महफिल, कुल शरीफ आज

**जहानाबाद, अमृत विचार:** हजरत बदरुल हसन उर्फ दादा मियां का चार दिवसीय उर्स में रविवार शाम कब्बाल नसीम आरिफ ने अपने बहतरीन कलामों से महफिल में समा बांधे रखा। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। दूर दराज से आए अकीदतमंदो ने दरगाह पर हाजिरी दी व दुरुद फातिहा की। बच्चो ने उर्स में लगे मेले में तरह तरह के झूले, खेल खिलौनों और खानपान का लुफ्त उठाया।

दरगाह खादिम राशिद जावेदी ने बताया कि 20 मई शाम को चादर पोशी का कार्यक्रम और फिर महफिले कब्बाली हुई। 21 मई को कुल शरीफ के साथ उर्स का समापन होगा। उर्स कमेटी के अध्यक्ष मुकर्रम बली खान और उनकी टीम ने अकीदतमंदो और जायरीनों के खाने पीने, ठहरने के लिए पुख्ता इंतजाम किए। पुलिस प्रशासन भी मुस्तैद रहा। इस मौके पर एहसान उल्ला, मोहम्मद इरशाद ,गुड्डू, बादशाह, सोहराब बली, नदीम खान आदि मौजूद रहे।

## बेकाबू हुई कार की टक्कर से बाइक सवार घायल

**पीलीभीत, अमृत विचार :** असम चौराहे पर बाइक सवार को गोवंश बचाने के चक्कर में हुई बेकाबू कार ने टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार अमित को मामलूी चोट लगी। जबकि क्षतिग्रस्त हो गई। दुर्घटना के बाद चालक कार लेकर भाग गया। स्थानीय लोगों ने बताया पिछले सप्ताह भी छतरी चौराहा के पास रोड पर दो गोवंश आपसे में भिड़ रहे थे। इसी दौरान टनकपुर की तरफ जा रहा युवक की बाइक गोवंश की चपेट में आई गई थी। इस हादसे में युवक बाल-बाल बचा था।

जागरूकता | सेव एनवायरनमेंट सेव लाइफ प्रोजेक्ट के तहत हुआ कार्यक्रम

# हम पृथ्वी को नहीं स्वयं को पहुंचा रहें हानि

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



बच्चो के बनाए मॉडल देखते एसपी अविनाश पांडेय। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** गोस्वामीज़ मॉम्स प्राइड स्कूल में सोमवार को सेव एनवायरनमेंट सेव लाईफ'' प्रोजेक्ट के तहत कार्यक्रम हुआ। बतौर मुख्य अतिथि एसपी अविनाश पांडेय रहे।

कक्षा 6 से 10 के बच्चों ने व्यर्थ पदार्थों का प्रयोग कर प्रोजेक्ट बनाएं। जिनके विषय प्लास्टिक का पुनः प्रयोग, कचरे का पुनः उपयोग कर, भूमि जल संरक्षण से डिस्पोजल, मैंस्यूरल वेस्ट आदि थे। एसपी ने छात्रों की प्रशंसा की और उत्साह बढ़ाया। प्रबंधक निशांत गोस्वामी, संरक्षिका सोनिया गोस्वामी ने बच्चों को इस तरह के कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के चारों क्लब लेजेंड्स, विक्टर्स, सुप्रीम और एलिट्स के विद्यार्थी अपने-अपने घरों से व्यर्थ की वस्तुएं लेकर आए। जिनका वजन तोला गया, जिन क्लब के छात्रों ने सबसे अधिक व्यर्थ पदार्थ ( जैसे प्लास्टिक, रद्दी, बोतले आदि) इकट्ठा की इस सामान को बेंचकर जो रुपये एकत्रित हुए उससे प्रयोग से कुछ छात्रों को मासिक स्कूल शुल्क में छूट प्रदान की जाएगी। शिक्षक भावेश पांडे, जया घोष, आनंद मौर्य, ऋतिक, यशी मिश्रा, जाहिद मियां, काव्यांजलि त्रिवेदी, विष्णु प्रिया आदि मौज्दू रहे।




## पैमाइश का कारण पूछा तो कर दिया हमला

**घुंघचिहाई, अमृत विचार :** खेत की पैमाइश करने के दौरान युवक की उसके चाचा ने पिटाई कर दी। गला दबाकर जान से मारने की कोशिश की गई। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। थाना क्षेत्र के ग्राम चांदुइया कॉलोनी के रहने वाले प्रदीप सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि रामपुर घुंघचिहाई चंदुइया कॉलोनी में उसके खेत हैं। जिसमें उसके चाचा पलविंदर सिंह, सतनाम सिंह व कुछ लोगों द्वारा खेत की पैमाइश की जा रही थी। इस बीच पीड़ित भी मौके पर पहुंचा और कारण जानना चाहा तो पहले गाली गलौज की गई।विरोध करने पर हमला कर दिया। जान लेने की कोशिश की गई। पुलिस ने आरोपी पलविंदर सिंह और सतनाम सिंह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### शासन को आईटीआई कॉलेज के पीछे खाली पड़ी एक एकड़ जगह चिन्हित कर भेजा गया था प्रस्ताव

# नर्सिंग कॉलेज का रास्ता साफ, सीसीयू यूनिट के लिए करना होगा इंतजार

**कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत**

**अमृत विचार :** मेडिकल कॉलेज में इलाज की सुविधाओं और नर्सिंग की पढ़ाई के लिए नर्सिंग कॉलेज व सीसीयू यूनिट बनाई जाएगी। इसके लिए दो एकड़ जगह आईटीआई कॉलेज के पीछे चिन्हित की गई है।

इसका प्रस्ताव पूर्व में शासन को भेजा गया था। अब शासन से नर्सिंग कॉलेज के लिए एक एकड़ जगह को हरी झंडी मिल गई है। अब जल्द ही निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा। वहीं सीसीयू (क्रिटिकल केयर यूनिट) के प्रस्ताव को भी जल्द ही अनुमति मिलने की उम्मीद है।

जिले को 2020 में मेडिकल कॉलेज की सौगात मिली थी। मेडिकल कॉलेज मिलने के बाद शासन स्तर से यहां जोर शोर से तैयारियां चल रही हैं। डॉक्टरों की थोड़ी बहुत कमी को पूरा करने के बाद ओपीडी में कुछ सुधार देखने को मिल रहा है। अब मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस की कक्षाओं के साथ ही नर्सिंग स्कूल भी खोले जाने का प्रस्ताव है। इससे स्थानीय युवाओं को नर्सिंग क्षेत्र में करियर बनाने की राह आसान होगी। इसके लिए लंबे समय से प्रयास किए जा रहे थे। मेडिकल कॉलेज और राजस्व विभाग की ओर से आईटीआई कॉलेज के पीछे खाली पड़ी दो एकड़ जमीन का प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा गया था। जिसमें एक एकड़ में सीसीयू और एक एकड़ में नर्सिंग कॉलेज की स्थापना की जानी है। जिस पर अब शासन ने संज्ञान लेते हुए प्रस्ताव पर सहमति दे दी है। शासन से स्वीकृति मिलते ही राजस्व विभाग की ओर से भूमि हस्तांतरण की प्रक्रिया शुरू करा दी गई है। नर्सिंग कॉलेज शुरु होने के बाद छात्र-छात्राओं को जिले में ही पैरामेडिकल स्टाफ कोर्स की सुविधा मिल सकेगी। वहीं सीसीयू बनने के बाद आईसीयू, पीडियाट्रिक आईसीयू, एनआईसीयू आदि की सुविधा मिल सकेगी। हालांकि इसके लिए अभी इंतजार करना होगा। चूंकि शासन में प्रस्ताव अभी भी लंबित है।


आईटीआई कॉलेज में इस जगह बनेगा नर्सिंग कॉलेज। ● अमृत विचार

● स्थानीय युवाओं को नर्सिंग क्षेत्र में करियर बनाने की राह होगी आसान

मेडिकल कॉलेज की ओर से नर्सिंग कॉलेज और 100 बेड की सीसीयू यूनिट के लिए आईटीआई कॉलेज के पीछे जगह चिन्हित करते हुए प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा गया था। शासन की ओर से नर्सिंग कॉलेज की अनुमति मिल गई है। मेडिकल कॉलेज के अफसरों से वार्ता करने के बाद भूमि हस्तांतरण की प्रक्रिया कराई जानी है। जिसके बाद वह अपना निर्माण करा सकते हैं।
**- देवेंद्र सिंह,** एसडीएम सदर

नर्सिंग कॉलेज के लिए शासन की ओर से भूमि हस्तांतरण कराई जा रही है। आदर्श आचार संहिता समाप्त होने के बाद नियमानुसार निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा। ताकि जल्द ही ये बनकर तैयार हो सके। **- डॉ .संगीता अनेजा,** प्राचार्य मेडिकल कॉलेज

## एक नजर

### अचानक बिगड़ी हालत और चली गई गैस चूल्हा मैकेनिक की जान

**पूरनपुर।** अचानक तबीयत बिगड़ने के बाद एक गैस चूल्हा मैकेनिक की मौत हो गई। इसका पता लगते ही परिवार में चीख पुकार मची रही। हालांकि परिजन ने किसी तरह की कार्रवाई नहीं की है। नगर के मोहल्ला खानकाह के रहने वाले आरिफ (50)पुत्र अशरफ खां की गैस चूल्हा रिपेयरिंग की मोहल्ला साहूकारा में दुकान है। सोमवार दोपहर आरिफ साइकिल से दुकान से घर जा रहे थे। रास्ते में अचानक उनकी हालत बिगड़ गई। वह जमीन पर गिर गए। मोहल्ले के ही रहने वाले कुछ युवक उन्हें सीएचसी लेकर पहुंचे। प्राथमिक इलाज के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। मगर रास्ते में ही आरिफ की मौत हो गई। जानकारी लगते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिवार वाले शव लेकर घर चले गए।उनका रोकर बुरा हाल रहा।

### कोर्ट के आदेश पर हमला करने की रिपोर्ट दर्ज

**पीलीभीत।** कोर्ट के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने मोहल्ला मोहतसिम खां की रहने वाली पूनम अग्निहोत्री की ओर से रिपोर्ट दर्ज की है। जिसमें महिला ने बताया कि उसके पति तीन भाई थे। तीनों ने हिस्सेदारी में एक मकान खरीदा था। पति ने आपसी सहमति से बंटवारा कर लिया। दस मार्च की सुबह साढ़े नौ बजे वह दरवाजा बदलवा रही थी। आरोप है कि देवर हरीश उसकी पत्नी मनोरमा घर में घुस आए और हमला कर दिया। आरोप है कि बेटे से भी मारपीट की गई। एयरगन से फायर करने का भी आरोप लगाया।

# बाइक से टकराने के बाद पलटा ई-रिक्शा, एक की मौत, चार घायल

### गांव विक्रमपुर के पास हुआ हादसा, चालक के भागने पर गुस्साए परिजनों ने एक घंटे तक नहीं उठने दिया शव

**संवाददाता, बरखेड़ा (पीलीभीत)**

**अमृत विचार :** पौटाकलां-करोड़ मार्ग पर विक्रमपुर गांव के पास सवारियों से भरा ई-रिक्शा बाइक से टकराने के बाद पलट गया। हादसे में ई-रिक्शा में दबकर एक वृद्धा की मौत हो गई जबकि चार अन्य घायल हो गए। दुर्घटना के बाद चालक ई-रिक्शा छोड़कर भाग गया। इससे गुस्साए परिजनों ने विरोध प्रदर्शन कर एक घंटे तक शव नहीं उठने दिया। वह ई-रिक्शा चालक को बुलाने की मांग पर अड़े रहे। बमुकश्किल पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से परिजन को शांत कराया और शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। वहीं, सीएचसी में प्राथमिक इलाज के बाद घायलों को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

बरखेड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम जार कल्लिया की प्रेमवती (60) पत्नी कुंदनलाल दो दिन पहले रिश्तेदारी में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने अमरिया के ग्राम फरदिया गई थी। दो दिन रुकने के बाद वह सोमवार को ई-रिक्शा पर सवार होकर गांव लौट रही थी। कई अन्य सवारी भी ई-रिक्शा पर बैठी हुई थी। बताय जाता है कि पौटा-करोड़ मार्ग पर विक्रमपुर गावं के पास पहुंचते ही बाइक और ई-रिक्शा में टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि ई-रिक्शा पलट गया। जिसमें दबकर प्रेमवती की मौके पर हीं मौत हो गई। जबकि ई-रिक्शा सवार ग्राम जार कल्लिया की फरजाना, ग्राम खजुरिया पचपेड़ा की गीता देवी, उनका तेरह वर्षीय बेटा अमित कुमार और बाइक सवार न्यूरिया थाना क्षेत्र के ग्राम जौनापुरी का कुंवरसेन घायल हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को सीएचसी बरखेड़ा भिजवा दिया। मृतक की शिनाख्त कर परिवार वालों को भी सूचना दे दी गई। कुछ ही देर में परिजन ग्रामीणों संग और ई-रिक्शा चालक को मौके पर बुलाने की मांग रख दी। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजने को उठाना चाहा तो इनकार कर दिया। करीब एक घंटे तक शव उठने नहीं दिया गया। हालांकि बाद में बरखेड़ा पुलिस ने स्थानीय लोगों संग मिलकर परिवार को कार्रवाई को लेकर संतुष्ट करते हुए शांत कराया।


बरखेड़ा सीएचसी में घायल पहुंचने के बाद लगी भीड़ और पुलिस। ● अमृत विचार


हादसे में क्षतिग्रस्त वाहन के पास लगी भीड़। ● अमृत विचार

#### दो पौत्र भी थे साथ, कूदकर खुद को बचाया

मृतका के साथ उसकी रिश्तेदारी में उसके दो पौत्र 17 वर्षीय आदित्य और 10 वर्षीय गौरव भी थे। यह दोनों भी वापसी के वक्त ई-रिक्शा में ही सवार थे। बताते हैं कि जब बाइक से टक्कर हुई और ई-रिक्शा पलटने वाला था तो दोनों ने कूदकर खुद के बचाया। उनके मामूली खरोंच आई। दादी की मौत के बाद उनका रोकर बुरा हाल रहा।

#### सीएचसी में मच गई चीख पुकार

पुलिस ने आनन-फानन में घायलों को सीएचसी बरखेड़ा भेज दिया था। वहां पर स्वास्थ्यकर्मी पहले से अलर्ट हो गए थे और इंस्पेक्टर अरविंद सिंह भी पुलिस बल के साथ पहुंच चुके थे। जैसे ही हादसे का पता चला तो कुछ ही देर में अपनों के स्वास्थ्य की जानकारी करने के लिए परिवार वालों का पहुंचना शुरू हो गया और चीख पुकार मची रही।

सड़क हादसे में एक महिला की मौत हुई है। उसका शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घायलों को अस्पताल भर्ती कराया गया है। तहरीर मिलने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। **-अरविंद सिंह चौहान, इंस्पेक्टर बरखेडा**

### बरेली रोड पर कार और डंपर की टक्कर, चार लोग घायल

**बीसलपुर।** बरेली रोड पर कार और डंपर की जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें सवार चार लोग घायल हो गए। सीएचसी में प्राथमिक इलाज के बाद सभी को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है। हादसा रविवार देर रात बीसलपुर बरेली रोड पर एक पेट्रोल पंप के पास हुआ। बरेली की ओर से आ रही कार की डंपर से टक्कर हो गई। जिसमें कार में सवार मोहल्ला पटेल के अनूप गंगवार, निखिल, पंकज और ग्राम अखोला के सुरेंद्र सिंह घायल हो गए। कुछ ही देर में मौके पर भीड़ जमा हो गई। घायलों को 108 एंबुलेंस से सीएचसी बीसलपुर भेजा गया। प्राथमिक इलाज के बाद घायलों को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। पुलिस ने मौका मुआयना कर जानकारी की। दोनों वाहन को कब्जे में ले लिया है।

## बाइक से टक्कर मारने के बाद घर में घुसकर मारपीट

**पूरनपुर, अमृत विचार :** मनरेगा कार्य से वापस लौट रहे श्रमिक को बाइक सवार ने टक्कर मार दी। जिससे वह घायल हो गया। टक्कर मारने वाले ने अपने भाइयों को बुलाकर बाद में मारपीट भी की। घर में घुसकर श्रमिक के परिवार पर भी हमला कर दिया। पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है ।

गांव सबलपुर खास के अशोक कुमार ने बताया कि रविवार को गांव में मनरेगा कार्य करने गए थे। वह घर वापस लौट रहे थे। इस दौरान गांव का दीनदयाल ने बाइक से टक्कर मार दी। वह अपने भाई शिवराम व उमाशंकर को बुला लिया। शिवराम ने फावड़ा से काट डालने की धमकी दी। वह घर पहुंचा तो आरोप है कि तीनों भाई उसके घर में घुस आए और परिवार पर हमला कर दिया। दरवाजा बंद कर बमुश्किल अशोक और उसके परिजनों ने जान बचाई। कोतवाली पहुंचे अशोक कुमार ने तीनों भाइयों से जान माल की सुरक्षा का खतरा बताते हुए शिकायत की। पुलिस ने मारपीट करने वाले दीनदयाल, शिवराम और उमाशंकर पुत्र राम भजन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# देवर संग रहने पर अड़ी पत्नी से पति ने रिश्ता किया खत्म

**संवाददाता, बिलसंडा**

**अमृत विचार :** पति के साथ रहने से इनकार करते हुए एक विवाहिता देवर संग रहने की जिद पर अड़ गई। युवक के परिजनों ने ऐसा करने से न केवल इनकार कर दिया, बल्कि एक वर्ष पूर्व हुई शादी के वक्त दान दहेज के रूप में मिला सामान भी लौटाकर एक दूसरे से रिश्ता खत्म कर लिया। मामला चर्चा का विषय बना रहा।

करेली थाना क्षेत्र के एक ग्रामीण ने अपनी बेटी की शादी एक वर्ष पूर्व बिलसंडा क्षेत्र में एक युवक से की थी। बताते हैं कि शादी के बाद विवाहिता सिर्फ दो बार ही ससुराल गई। बिना कोई ठोस कारण वह मायके रहती रही। पति कई बार विदा कराने के लिए पहुंचा लेकिन उसने ससुराल जाने से इनकार कर दिया। दोनों परिवारों के बीच रिश्तो में खटास आती गई। सोमवार को दोनों पक्षों के अलावा गणमान्य लोगों की मौजूदगी में पंचायत हुई। जब विवाहिता से ससुराल न जाने का कारण पूछा, तो उसने कोई विशेष वजह नहीं बताई, लेकिन जब उसने पति के साथ रहने से इंकार करने की बात कहते हुए देवर के साथ रहने की रजामंदी जताई, तो लोग हैरान रह गए। मायके वाले भी इस बात पर राजी हो गए लेकिन युवक के परिजनों ने इनकार कर दिया। दोनों पक्षों के बीच रिश्ता खत्म करने की बात आई तो दोनों ही पक्ष तैयार हो गए। युवक पक्ष ने विवाहिता के परिजनों से शादी में दान दहेज के रूप में दिए गए सामान को लौटाने के साथ ही रिश्ता रखने से ही इन्कार कर दिया। पंचायत में ही दोनों पक्षों ने सुलह समझौते के आधार पर एक दूसरे से रिश्ता खत्म करने पर लिखित रूप से सहमति जताई। जिसके बाद विवाहित व युवक पक्ष के लोग अपने-अपने घर चले गए। कुछ लोगों ने रिश्ता टूटता देख समझाने की भी कोशिश की, लेकिन बात नहीं वनीं।

## घर के बाहर गाली देने से रोका तो कर दी पिटाई, रिपोर्ट दर्ज

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** घर के बाहर आकर गाली गलौज कर रहे लोगों का विरोध करना दो भाईयों को महंगा पड़ गया। आरोपियों ने दोनों की पिटाई कर दी। पुलिस ने नामजद रिपोर्ट दर्ज की है।

थाना क्षेत्र के गांव दौलतपुर पट्टी के रहने वाले सुनील कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि गांव के ही नेमचंद, महेंद्र, राजेंद्र व रोहिताश 19 मई को रात आठ बजे गाली गलौज करने लगे। शोर सुनकर पीड़ित का बड़ा भाई सुरेंद्र कुमार आया और विरोध किया।इस पर आरोपियों ने लाठी डंडे से हमला कर पिटाई कर दी। पीड़ित को भी पीटा। भाई के पैर में गुम चोट आई। इतने में गांव के काफी लोग एकत्रित हो गए। तभी आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। इंस्पेक्टर अरविंद सिंह चौहान ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज की गई है। घायल का मेडिकल परीक्षण कराकर जांच कराई जा रही है।

# मकान ढहने से दबा मजदूर का परिवार, महिला की हालत गंभीर

**संवाददाता, बरखेड़ा (पीलीभीत)**

**अमृत विचार :** उमरसिया गांव में एक श्रमिक का मकान भरभराकर ढह गया। उस वक्त परिवार के अधिकांश लोग सो रहे रहे, कुछ कामकाज में व्यस्त थे। मलबे में दबे लोगों की चीख पुकार सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर जमा हुए और कड़ी मशक्कत से मलबे में लोगों को को बाहर निकाला। इसके बाद आनन-फानन में सभी को सीएचसी बरखेड़ा ले जाया गया। जहां प्राथमिक इलाज के बाद हालत गंभीर देख एक महिला को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है।

हादसा सोमवार सुबह करीब पांच बजे हुआ। उमरिया गांव के मोतीराम (65) मजदूरी करते हैं। उनके चार बेटे सर्वेश कुमार, अरविंद, गुड्डू और उमेश हैं। जिनमें से सर्वेश और अरविंद की शादी हो चुकी है। रविवार सुबह पांच बजे मोतीराम और उनकी पत्नी रामलली सोकर उठने के बाद बाहर बैठने चले गए। सर्वेश की पत्नी गुलशन सो रही थी, सर्वेश कुमार बरामदे में बैठे हुए। दूसरा बेटा अरविंद कुमार सो रहा था, उसकी पत्नी छाया देवी घरेलू कामकाज निपटा रही थीं। इनका डेढ़ साल का बेटा आयुष और चार माह का पुत्र भी सो रहे थे। इस बीच अचानक मकान भरभराकर ढह गया और उसके मलबे में परिवार वाले दब गए। चीख पुकार मची तो आसपास के लोग जमा हो गए। जिसके बाद एकजुट होकर मलबे में दबे अरविंद, सर्वेश कुमार, छाया देवी, गुलशन को बाहर निकाला। अन्य लोगों के मामूली चोट आई। आनन-फानन में सभी को सीएचसी बरखेड़ा ले जाया गया। जहां प्राथमिक इलाज के बाद घायल गुलशन देवी की हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है। मलबे में दबकर घरेलू सामान भी तहस-नहस हो गया। जिससे काफी नुकसान हुआ है।


मलबे में दबकर क्षतिग्रस्त हुआ घरेलू सामान। ● अमृत विचार

● बरखेड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम उमरिया में सोमवार सुबह हुआ हादसा


घायल सर्वेश कुमार।


घायल अरविंद कुमार।

#### मिट्टी से थी ईंट की दीवार पर चुनाई

ग्रामीण बताते हैं कि लंबे समय से श्रमिक का परिवार इसी मकान में रह रहा है। मकान में ईंटें लगी है, लेकिन उसकी चुनाई सीमेंट से न होकर मिट्टी से गई है। सोमवार सुबह जब मकान ढहा तो उसकी आवाज और फिर परिवार वालों की चीख पुकार सुनकर ही लोग जमा हो गए थे। गांव में अफरा-तफरी मची रही। करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद मलबे में दबे लोगों को बाहर निकाला जा सका और एंबुलेंस से अस्पताल भिजवाया गया। घर पर दो बच्चे भी सो रहे थे। गनीमत रही कि वह बाल-बाल बच गए। उन्हें मामूली चोटें आई है। महिला गुलशन हादसे के बाद से बेहोशी की हालत में थी। जिसे लेकर परिवार की चिंता बढ़ी रही।


घायलों को सीएचसी लेकर पहुंचे परिजन।

# छात्रों ने जिंदगी भर नशा न करने की शपथ ली

**कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत**

**अमृत विचार :** स्प्रिंगडेल कॉलेज में समाज कल्याण और सशक्तिकरण मंत्रालय की पहल पर सोमवार को नशा मुक्त भारत अभियान का आयोजन किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने नशे का सेवन नहीं करने और दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करने की शपथ ली।

कॉलेज परिसर में सोमवार को हुए कार्यक्रम एओएल फैकल्टी की रीतु नारंग ने विद्यार्थियों को नशे की बुराइयों, उसके दुष्परिणामों और नशे की आदत से बचने के उपायों के बारे में बताया। उन्होंने प्रेरक कहानियों के माध्यम पढ़ाई, करियर, जीवन के लक्ष्यों, उद्देश्यों और सफलता के प्रति आदी बनने का सभी बच्चों से आग्रह किया साथ हीर ओरों को भी जागरूक करने की बात कही। इस दौरान विद्यार्थियों ने शपथ ली कि वह जीवन में कभी भी किसी भी प्रकार के नशे का सेवन नहीं करेंगे और अपने आस-पास, विशेषकर अपने घर और प्रियजनों में इसके प्रति जागरूकता फैलाएंगे। इसके दुष्परिणामाओं से भी लोगों को अवगमत कराएंगे। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने रोजाना कम से कम दस नशा करने वालों को नशा छोड़ने के लिए प्रेरित करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम के समापन पर राजीव शर्मा ने सभी का आभार जताया। कार्यक्रम में कॉलेज के कार्यकारी निदेशक डॉ. हेमंत जगोता, प्राचार्या प्रिया आनंद समेत कई शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे।


कार्यक्रम में विद्यार्थियों को जागरूक करती रीतू नारंग। ● अमृत विचार

● स्प्रिंगडेल कॉलेज में नशा मुक्त भारत अभियान का हुआ आयोजन

# लुटेरों को पकड़ना तो दूर सुराग भी नहीं लगा सकीं पुलिस की टीमें

**संवाददाता, बीसलपुर**

● बीसलपुर में बीस दिन पहले महिला से दिनदहाड़े अंजाम दी गई थी वारदात

**अमृत विचार :** दिनदहाड़े महिला से लूट करने वाले बाइक सवार लुटेरों को पकड़ना तो दूर उनका सुराग लगाने में कोतवाली पुलिस के साथ-साथ एसओजी भी नाकाम रही है। बीस दिन बाद भी पुलिस के हाथ खाली हैं, जबकि कोतवाल का दावा है पुलिस लुटरों को को पकड़ने में जुटी हैं। इधर, एसपी ने घटना का जल्द खुलासा करने के निर्देश दिए हैं।जिसके बाद से खलबली मची हुई है।

अमरिया थाना क्षेत्र के गांव करगैना -करगैनी के रहने वाले मोहम्मद जावर करीब बीस दिन पहले परिवार के साथ रिश्तेदारी में मोहम्मदी बारात में शामिल होने जा रहे थे। इसी दौरान बीसलपुर ड्रीम सिटी के नजदीक उनकी ईको में कुछ खराबी आ गई। वह कार ठीक कराने के लिए चले गए। परिवार की महिलाएं मौके पर ही एक दुकान के बाहर छांव में बैठ गई थी। इस बीच उनकी भाभी नाजिश जोकि बंद दुकान की सीढ़ियों पर पेड़ की छांव में बैठी हुई थी। बाइक सवार दो युवक दोपहर करीब 12 बजे सोने का मांग टीका लूट ले गए थ। आसपास के लोग शोर सुनकर जमा हुए लेकिन तब तक लुटेरे भाग चुके थे। कोतवाली पुलिस घटना का खुलासा करने में नाकाम रही तो एसपी अविनाश पांडेय ने एसओजी को भी लगाया। बावजूद लुटेरों के करीब पहुंचना तो दूर उनका सुराग लगाने में पुलिस नाकाम रही हैं। कहा जा रहा है कि लुटरों की धरपकड़ के लिए कई संदिग्धों से की गई पूछताछ भी बेनतीजा निकली।

कोतवाल अशोक पाल का कहना है कि सुरागरसी चल रही है। घटना का शीघ्र खुलासा किया जाएगा। कुछ महत्वपूर्ण सुराग भी मिले हैं। लुटेरे पुलिस की गिरफ्त में कब होंगे इसका कोई सटीक जवाब वह नहीं दे सके।

### दंपत्ती पर हमला करने की रिपोर्ट दर्ज

**घुंघचिहाई।** थाना क्षेत्र के ग्राम गरीबपुर के रहने वाले दीनदयाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 19 मई को वह अपने गाय के बछड़े को पशुशाला से बाहर निकाल कर ले जा रहे थे। इस दौरान बछड़ा छूटकर बड़े भाई नत्थूलाल के घर में घुस गया। बड़े भाई की पत्नी ने बछड़े को डंडा मार दिया। जब विरोध किया तो आरोप है कि बड़े भाई के परिवार ने हमला कर पिटाई कर दी। सिर में डंडा मारकर उन्हें लहूलुहान कर दिया। पुलिस ने मामले में नत्थूलाल और उसकी पत्नी शांति देवी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।



# माला नदी की झीलों में लगेंगे सोलर पंप शारदा नहर से लिया जाएगा पानी

## डिप्टी डायरेक्टर ने 7.79 करोड़ का पीसीसीएफ वाइल्ड लाइफ को भेजा प्रस्ताव

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत


डिप्टी डायरेक्टर ने 7 .79 करोड़ का पीसीसीएफ वाइल्ड लाइफ को भेजा प्रस्ताव।

- माला नदी का पुनरुद्धार का पीटीआर ने उठाया बीड़ा, कछुआ संरक्षण समेत जैव विविधता बढ़ाने के होंगे प्रयास

**अमृत विचार:** जनपद की प्रमुख नदियों में शुमार माला नदी का पुनरुद्धार किया जाएगा। इसकी कवायद शुरू कर दी गई है। पीलीभीत टाइगर ने इसका बीड़ा उठाया है। पीटीआर प्रशासन द्वारा जंगल क्षेत्र में बह रही नदी की झीलों को पुनर्जीवित करने के साथ ही कछुआ संरक्षण समेत जैवविविधता बढ़ाने के प्रयास किए जाएंगें। नदी की झीलों पर सोलर पंप लगाने के साथ शारदा मुख्य नहर से भी पानी लेने की योजना बनाई जा रही है। वन अफसरों की मानें तो इससे विलुप्त होने की ओर बढ़ रही नदी का पुनरुद्धार तो होगा ही, साथ ही मानव-वन्यजीव संघर्ष में भी काफी हद तक कमी आएगी। इसको लेकर पीटीआर के डिप्टी डायरेक्टर ने प्रस्ताव तैयार कर प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्यजीव को भेजा है।

जनपद में बह रही माला नदी का पौराणिक महत्व भी है। जानकारों की मानें तो यह नदी उत्तराखंड की सीमा से पीलीभीत टाइगर रिजर्व के जंगल से बहती हुई जनपद के अन्य इलाकों में निकल जाती है। नदी संरक्षण की दिशा में कोई प्रयास न होने की वजह से पीटीआर के लिए जीवनदायिनी कही जाने वाली माला नदी धीरे-धीरे अपना अस्तित्व खोती जा रही है। बरसों पूर्व यह नदी वन्यजीवों के लिए खासी मुफीद साबित हुआ करती है। जैव विविधता के लिहाज से भी नदी अपना एक अलग मुकाम रखती थी, लेकिन समय के साथ नदी का स्वरूप ही बदलता जा रहा है। घुमावदार तरीके से बहने वाली इस नदी के अधिकांश झीलें लगभग सूख चुकी है। ऐसे में इन झीलों में रहने वाले जलीय जीव-जंतु भी लगभग खत्म ही हो चुके हैं। नदी के पानी से खेतों की सिंचाई की जा रही है। वर्तमान में नदी कहीं लकीर तो कहीं झील बनकर बहती नजर आ रही है। इधर पीटीआर प्रशासन ने माला नदी के पुनरुद्धार एवं इसकी जैवविविधता को बरकरार रखने का बीड़ा उठाया है। इसको लेकर पीटीआर प्रशासन ने बकायदा एक प्रोजेक्ट तैयार किया है। नदी के पुनरुद्धार के साथ ही घुमावदार स्थानों पर बनी झीलों को पुनर्जीवित किया जाएगा। कछुआ संरक्षण के साथ विलुप्त प्रजाति की मछलियों की ब्रीडिंग की व्यवस्था होगी। इसकी बकायदा मॉनिटरिंग की व्यवस्था होगी। साथ ही जैवविविधता बढ़ाने संबंधी प्रयास किए जाएंगे।



"पीटीआर के वन क्षेत्र में बह रही माला नदी के पुनरुद्धार एवं जैवविविधता संबंधी एक प्रोजेक्ट तैयार किया गया है। इसका प्रस्ताव बनाकर प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्यजीव को भेजा गया है।
**-मनीष सिंह, डिप्टी डायरेक्टर,** पीलीभीत टाइगर रिजर्व

### इको सिस्टम मजबूत बनाएगा का प्रोजेक्ट

पीटीआर प्रशासन ने माला नदी के पुनरुद्धार एवं जैवविविधता बढ़ाने को 7 .79 करोड़ का प्रस्ताव तैयार किया है। पीटीआर प्रशासन के मुताबिक नदी के घुमावदार स्थानों पर बनी झीलों को पुनर्जीवित करने के लिए सोलर पंप लगाए जाएंगे। इसके साथ ही शारदा मुख्य नहर से पानी लाने के लिए करीब 200 मीटर लंबी कैनाल पर भी काम किया जाएगा। माला नदी के पुलों की फैसिंग कराई जाएगी। कछुओं की विभिन्न प्रजातियों का नर्सरी युक्त ब्रीडिंग स्टेशन और मछली प्रजनन केंद्र को विकसित किया जाएगा। मछली प्रजनन केंद्र में जनपद में विलुप्त होती जा रही मछलियों की प्रजातियों कह ब्रीडिंग हो सकेगी। वहीं इस पूरे प्रोजेक्ट के निगरानी के भी खास इंतजाम किए जाएंगें। मॉनिटरिंग स्टेशन के साथ वॉच टावर स्थापित किए जाएंगे।

### दावा: मानव-वन्यजीव संघर्ष में आएगी कमी

वन अफसरों की मानें तो इस पूरे प्रोजेक्ट के तैयार होने से इको सिस्टम मजबूत होगा। वन्यजीवों की एक दूसरे पर निर्भरता बढ़ेगी। नदी एवं इसकी झीलों के जहां-तहां सूखने एवं फूड चेन में आई कमी आदि के चलते वन्यजीव जंगल क्षेत्र से बाहर निकल रहे हैं। नदी के पुनरुद्धार एवं जैव विविधता को बढ़ावा मिलने से वन्यजीवों के बाहर निकलने में कमी आएगी और मानव-वन्यजीव संघर्ष पर काफी हद तक अंकुश लग सकेगा।

# कहासुनी के बाद दंपत्ती पर धारदार हथियार से किए वार

संवाददाता, माधोटांडा

- बचाने पहुंचे बेटों से मारपीट कर जान से मारने की दी धमकी
- पुलिस ने जानलेवा हमला करने की धारा में दर्ज की रिपोर्ट

**अमृत विचार:** बच्चों में मामूली बात को लेकर हुई कहासुनी के बाद युवकों ने जानलेवा कर दिया। दंपत्ती पर जानलेवा हमला उस वक्त किया गया जब वह दूसरे पक्ष के घर शिकायत करने पहुंचे थे। दबंगों ने लाठी डंडे और धारदार हथियार से वार कर दंपति को लहूलुहान कर दिया। इतना ही नहीं बचाने गए भतीजों की भी आरोपियों ने बेरहमी से पिटाई कर दी। पीड़िता दंपत्ति की तरहीर पर पुलिस ने छह आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

कस्बा माधोटांडा के रहने वाले रामऔतार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 18 मई की रात करीब पौने नौ बजे उसके भतीजे कमल का गांव के ही सर्वेश के पुत्र निशांत से मामूली बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। शोर शराबा सुनकर भाई रामकुमार, भाभी राजेश्वरी देवी मौके पर पहुंची और समझा बुझाकर दोनों को शांत करा दिया। इसके कुछ समय बाद वह आरोपी सर्वेश के घर शिकायत करने के लिए गए। आरोप है कि यह बात दूसरे पक्ष को नगवार गुजरी। वह कुछ समझपाते इससे पहले सर्वेश, उसके भाई शिवकुमार, महेंद्र, अशोक, निशांत ने उन पर जानलेवा हमला कर दिया। लाठी डंडे से बुरी तरह से पीटा। इतना ही नहीं धारदार हथियार से वार कर भाई रामकुमार उर्फ गुड्डू, भाभी राजेश्वरी देवी को घायल कर दिया। चीख पुकार सुनकर भतीजा कमल , विमल बचाने गए तो उनके साथ भी मारपीट की गई। ग्रामीणों के जमा होने पर हमलावर जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। एसओ अचल कुमार ने बताया कि मामले में छह आरोपियों के खिलाफ जानलेवा हमला करने की रिपोर्ट दर्ज की गई है। मामले की जांच कराईजा रही है।

## सार-संक्षेप

### बच्चों को बताए वाइल्डलाइफ फोटोग्राफी के टिप्स



**पीलीभीत, अमृत विचार :** इनीशियम ग्लोबल स्कूल में प्रसिद्ध वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफर नागपुर के सरोश लोधी की ओर से सोमवार को फोटोग्राफी वर्कशॉप आयोजित की गई। इनके सहयोगी हैदराबाद के रघु और मकसूद भी उपस्थित रहे। सरोश लोधी निकोन इंडिया के इनफ्लुएंसर है, जोकि करीब दो दशकों से फोटोग्राफी के क्षेत्र में अपनी सेवा दे रहे हैं। साथ ही वे वाकोम इंडिया के ब्रांड एंबेसेडर भी है। वर्कशॉप में बच्चों को वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफी के बारे में बताया और अपना अनुभव साझा किए। जो छात्र फोटोग्राफी में शौक रखते है और अपना करियर बनाना चाहते है उनको फोटोग्राफी का गुर सिखाते हुए अनेक टिप्स दिए। बच्चों ने अपनी उत्सुकता दिखाते हुए कई प्रश्न किए जिनका जवाब देकर उन्हें संतुष्ट किया। प्रधानाध्यापिका रितिका धमेजा ने इन्हें स्कूल में आकर बच्चों के मार्गदर्शन के लिए आभार जताया।

### समरकैंप में बच्चों ने नए कौशल सीखे, यादें बनाई



**पीलीभीत, अमृत विचार :** स्प्रिंगडेल कॉलेज में सात दिवसीय समर कैंप के पहले दिन विद्यार्थियों ने भरपूर मस्ती की। योगा में हाथ पैर व गर्दन के सूक्ष्म व्यायाम एवं अनुमोल-विलोम, प्राणायाम , योगासन आदि सीखा। ट्रेनर के निर्देशन में जिमनास्टिक की प्रारंभिक अवस्था सीखी। विद्यार्थीयों ने ड्राइंग बनाकर विचार प्रस्तुत किए। व्यक्तित्व विकास के लिए इंगलिश में सेल्फ इंट्रोडक्शन देना और नई शब्दावली सिखाई। प्रतिभाग करने वालों में शगुन, ईवा, अयांश, दृष्टि, कार्तिक , रश्मि, साक्षी, रौनक, मनकीरत, हिरा, नूर, सहजवीर, रिदा, नितीश, हरगुन दीप कौर, विराट, प्रतीक, आकर्ष कुमार वर्मा, पलक, वैष्णवी, प्रदीप, अनुज, अनुराग आदि थे। प्रधानाचार्य प्रिया आनन्द ने कहा सक्रिय भागीदारी के लिए बधाई दी।

### समरकैंप के पहले दिन बच्चों ने की मौज-मस्ती



**मझोला, अमृत विचार :** चौधरी उमराव सिंह सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में तीन दिवसीय समर कैंप की शुरुआत प्रधानाचार्य भानु प्रताप सिंह ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित व पुष्पार्चन करके की। उन्होंने बताया कि विद्यालय में आयोजित तीन दिवसीय समर कैंप में बच्चों को विभिन्न क्रियाकलाप सिखाए जाएंगे। जिसके माध्यम से विद्यार्थियों में शैक्षिक कार्य के साथ ही अन्य विधाओं में भी प्रशिक्षण प्राप्त हो सकेगा। कार्यक्रम प्रमुख प्रीति मौर्या ने बताया कि समर कैंप में विद्यार्थियों को खेल व योग कराए गए। साथ ही बच्चों को कुशल प्रशिक्षक की ओर से नृत्य का प्रशिक्षण कराया गया। अंग्रेजी प्रवक्ता उमेश चंद्र शर्मा ने विद्यार्थियों को इंग्लिश स्पीकिंग के विशेष गुण सिखाए। सभी विद्यार्थियों ने समर कैंप में खूब मौज मस्ती की। सभी विधाओं को मनोरंजन पूर्ण तरीके से सीखा। समर कैंप का संचालन प्रीति मौर्या के निर्देशन में किया गया।

अम्बा हैल्थ क्लीनिक
डा. आर. एस. सिंह
B.A.M.S.F.R.H.S. (आयुर्वेदाचार्य)
स्वास्थ्य एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
• रजि. भारतीय चिकित्सा परिषद, उत्तर प्रदेश द्वारा मान्यता प्राप्त
• 27 सालों से स्वास्थ्य एवं गुप्त रोगों का चिकित्सा अनुभव
पतले दुबले, गाल पिचके व कमजोर स्त्री/पुरूष तंदरूस्ती प्राप्त करें।
मोटे होने का रामवाण इलाज
नवयुवक-युवतियां 3 से 4 इंच तक लम्बाई बढ़ायें
विशेष चिकित्सा:- • भूख न लगना • कब्ज • अपच • गैस • खाने के बाद शौचालय जाना • शारीरिक अंगों का विकास रूकना • पुलिस फोर्स एवं फिल्मों में आदि में भर्ती में नाप-तोल में कमी होना • 3 से 4 इंच कद लम्बा करें। • बच्चों का बिस्तर में पेशाब करना मोटे व थुल-थुले व्यक्ति वजन कम करें। • कील, मुंहासे, झाइयां, सफेद दाग दूर करें सावलांपन हटायें और सुन्दर बनें। • बालो का झड़ना व टूटना एवं सफेद होना व गंजापन दूर करें। • खूनी व वादी बवासीर का रामबाण इलाज।
शराबी को बिना लाये, बिना बताये शराब व अन्य नशा छुडायें।
नारी तत्व को सुडौल व आकर्षक बनायें एवं वैवाहिक जीवन को सफल बनायें
सैक्स समस्यायें
छिपाएं नहीं बताएं या मिलें
स्वप्नदोष, शीघ्रपतन, मर्दाना कमजोरी
• शुरू से लाभ, 40 से 80 दिनों में इलाज सम्भव।
• हस्तमैथुन व धात जाने से नसों में खराबी।
• इन्द्री का ढ़ीलापन, पतलापन, छोटापन दूर करें।
• वीर्य में शुक्राणु निल होना या कम होना।
• ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसौली होना।
• योनि का ढ़ीलापन होना व सैक्स इच्छा कम होना।
• मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र पहले बन्द होना।
Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें।
गलत फिल्में देखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें।
10 से 21 वर्ष शादी से पहले जिन बच्चों की इन्द्री का छोटापन, पतलापन, मोटापन का रामबाण इलाज के लिए उन माता-पिता से निवेदन है कि अवश्य मिलें। कहीं ऐसा न हो कि शादी के बाद पछताना पड़े। (25 वर्षों का अनुभव)
विज्ञापन साथ लाने पर मेडिसिन पर 10% की विशेष छूट
मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांक :- 26 मई 2024, रविवार
09 जून 2024, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463
7599211076



बवासीर भगन्दर
ऑपरेशन से बचें दर्द रहित उपचार
सैक्स रोगियों का यूनानी आयुर्वेदिक इलाज
डॉ. एस.के. गुप्ता
(गुप्त रोग चिकित्सक)
बवासीर भगन्दर रोग विशेषज्ञ
ऑपरेशन से बचें # दर्द रहित उपचार
धातरोग स्वप्नदोष, नामर्दी इन्द्रियों में ढ़ीलापन उत्तेजना के बाद ढ़ीलापन हो जाना, पेशाब में पीलापन जलन शीघ्रपतन शुक्राणु लिकोरिया- स्वेतप्रदर रक्त प्रदर, कमर में दर्द, महावारी टाइम पर न होना नलों का बंद होना योनि का ढ़ीलापन सेक्स की इच्छा न होना। चर्म रोग कील मुहासें का आयुर्वेदिक यूनानी दवाओं द्वारा इलाज।
नशा छुड़ाए? नशे से कुछ ही दिनों में छुटकारा पायें।
नोटः- हर जगह से निराश रोगी एक बार अवश्य मिलें।
डॉ. सी.पी. गुप्ता क्लीनिक
स्थापित 1960
माध्यमिक शिक्षा परिषद बोर्ड आफिस के सामने, चौपुला से कुतुबखाना रोड, बरेली।
मो. 9259082174



प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

## सोनिया गोस्वामी को मिली डॉक्टरेट की उपाधि



पीलीभीत। गोस्वामीज मॉम्स प्राइड स्कूल की संरक्षिका सोनिया गोस्वामी को कैलिफोर्निया पब्लिक यूनिवर्सिटी, संयुक्त राज्य अमेरिका ने डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान की है। 18 मई को नई दिल्ली में हुए दीक्षांत समारोह में ये उपाधि प्रदान की गई। सोनिया गोस्वामी शिक्षा और समाज सेवा के क्षेत्र में कई वर्षों से सक्रिय हैं। बताते हैं कि चयन समिति ने देशभर से 18 हस्तियों को चुना था। जिन्होंने शिक्षा, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, समाज सेवा, चिकित्सा, पर्यावरण संरक्षण, महिला सशक्तिकरण और झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वाले वंचित बच्चों के लाभ के लिए कई उपयोगी परियोजनाओं के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। समारोह में कई नामचीन हस्तियां मौजूद रहीं।

## अब 15 जून तक होंगी वार्षिक प्रयोगात्मक परीक्षाएं

बरेली। रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने सत्र 2023-24 की स्नातक और परास्नातक की वार्षिक प्रयोगात्मक परीक्षाओं की तिथि 15 जून तक विस्तारित कर दी है। परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार ने महाविद्यालयों के प्राचार्यों को निर्देश दिए हैं कि बीए, बीएससी व बीकॉम और एमए, एमएससी और एमकॉम की प्रयोगात्मक परीक्षाएं कराकर 15 जून तक अंक अपलोड कर दें, इसके बाद अंक स्वीकार नहीं किए जाएंगे और परीक्षाफल घोषित नहीं किया जाएगा।

# बरेली कॉलेजः बीए, बीएससी जीव विज्ञान में सबसे ज्यादा पंजीकरण

## स्नातक में प्रवेश को तीन दिन में हो गए करीब 800 पंजीकरण

बरेली कार्यालय

**अमृत विचार :** बरेली कॉलेज में स्नातक में प्रवेश के लिए तीन दिन में करीब 800 पंजीकरण हो गए हैं। अभी तक सबसे ज्यादा पंजीकरण बीए और बीएससी जीव विज्ञान में आए हैं। पिछले वर्षों की तरह इस बार भी इन पाठ्यक्रमों में सीटों से अधिक पंजीकरण होने की संभावना है, जिससे मेरिट हाई रहेगी।

कॉलेज में सोमवार तक बीए की 1840 सीटों के लिए 314, बीएससी जीव विज्ञान की 720 सीटों के लिए 138, बीएससी गणित की 880 सीटों के लिए 55, बीकॉम की 1040 सीटों के लिए 113 पंजीकरण हुए हैं। इसके अलावा बीबीए में प्रवेश के लिए 66, बीसीए में 69 और बीकॉम ऑनर्स में 39 पंजीकरण हुए हैं। मुख्य प्रवेश समन्वयक प्रो. वंदना शर्मा ने बताय कि सोमवार से छात्रों के आवेदन की हार्डकॉपी भी जमा होनी शुरू हो गई हैं। अब प्रवेश समिति आवेदनों की जांच शुरू करेगी।

### इंजीनियरिंग में प्रवेश के लिए जल्द होंगे आवेदन

बरेली। रुहेलखंड विश्वविद्यालय में सत्र 2024-25 से इंजीनियरिंग विभाग में डिप्लोमा समेत अन्य नए पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए जल्द आवेदन शुरू होंगे। विश्वविद्यालय जल्द ही प्रवेश संबंधी दिशा-निर्देश जारी करेगा। कुछ दिनों पहले ही आल इंडिया काउंसिल फॉर टेक्निकल एजुकेशन ( एआईसीटीई) ने डिप्लोमा पाठ्यक्रम शुरू करने की अनुमति दे दी थी। इसके अलावा एआईसीटीई ने परिसर के इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग में एमटेक शुरू करने और कंप्यूटर साइंस एंड इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी विभाग में 60 सीटों के साथ बीटेक के एक अतिरिक्त सेक्शन की अनुमति भी दी थी। नए पाठ्यक्रमों के तहत एमटेक की 60 सीटों, सभी डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में 60-60 सीटें होंगी। इंजीनियरिंग विभाग के अलग-अलग पाठ्यक्रमों में अब 480 अधिक छात्र प्रवेश ले सकेंगे।

### स्नातक में 13500 छात्रों ने कराया पंजीकरण

रुहेलखंड विश्वविद्यालय से संबंध महाविद्यालयों में स्नातक में प्रवेश के लिए अब तक 13 हजार 500 से अधिक पंजीकरण हो चुके हैं। विश्वविद्यालय ने प्रवेश पंजीकरण 10 मई से शुरू किए हैं और अंतिम तिथि 9 जून निर्धारित की है। इसके अलावा अन्य पाठ्यक्रमों में भी प्रवेश पंजीकरण शुरू हो गए हैं।

## यतीमखाने के मामले में गवाह से हुई जिरह

**रामपुर, अमृत विचार :** यतीमखाने के एक मामले में पत्रावली गवाही में लगी हुई थी। इसमें सोमवार को गवाह जसपाल सिंह से जिरह हुई, जो पूरी नहीं हो सकी। अब इस मामले की सुनवाई के लिए एक जून की तारीख तय की गई है।

उत्तर प्रदेश में भाजपा सरकार बनने के बाद 2019 में कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज हुई थी। इस दौरान यतीमखाने से जुड़े कई मामले दर्ज किए गए थे। इनमें सपा के वरिष्ठ नेता आजम खां को भी आरोपी बनाया गया था। यह मामला कोर्ट में विचाराधीन हैं। पिछली तारीख पर यतीमखाने से जुड़े एक मामले में एमपी एमएलए सेशन कोर्ट ने बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने गवाह से जिरह नहीं की थी। इसके बाद कोर्ट ने सपा नेता आजम खान, आले हसन, इस्लाम ठेकेदार, वीरेंद्र गोयल पर एक-एक हजार रुपये जुर्माना लगाया था। इस मामले में सोमवार को सुनवाई हुई। गवाह जसपाल सिंह से जिरह की गई, जो पूरी नहीं हो सकी। अब इस मामले में एक जून को सुनवाई होगी।

# वेश्यावृत्ति को तैयार नहीं हुई तो आठवीं पत्नी को भी घर से निकाला

मुरादाबाद कार्यालय

- तीन तलाक के बाद ननिहाल में रह रही पीड़िता पर किया हमला, मुंह में तेजाब डालने की दी धमकी

**अमृत विचार :** एक-दो नहीं बल्कि, आठ निकाह रचाने वाले पति ने अपनी आठवीं पत्नी को भी तीन तलाक देकर घर से निकाल दिया। पीड़िता का आरोप है कि उसका पति जुआरी-शराबी है, खर्चों को पूरा करने को उसे वेश्यावृत्ति में झोंकने की कोशिश की।पीड़िता ने सोमवार को एसएसपी आपबीती सुनाई। इस पर एसएसपी हेमराज मीना ने मझोला थानाध्यक्ष को तत्काल एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

पीड़िता ने एसएसपी को बताया है कि उसकी ससुराल कटघर थाना क्षेत्र में गुलाबबाड़ी में है। वर्तमान में वह ननिहाल में मझोला थाना क्षेत्र में जयंतीपुर नई आबादी में रह रही है। उसका निकाह 6 साल पहले हुआ था। निकाह के बाद उसे पता चला कि उसके पति आठ महिलाओं से निकाह कर चुका है। आठवीं महिला के रूप में उसने पीड़िता के साथ निकाह किया है। पीड़िता का कहना है कि उसका पति जुआरी-शराबी है। खर्चों को पूरा करने के लिए वह उसे वेश्यावृत्ति के धंधे में डालना चाहता था। यहां तक कि लड़कों को लाकर गलत काम करने पर मजबूर करता था। राजी न होने पर वह उसे मारता-पीटता था।

पीड़िता का कहना है कि उसका पति पड़ोस के व्यक्तियों के विरुद्ध झूठे आरोपों में उससे एफआईआर दर्ज कराने का दबाव बना रहा था। उसने मना किया तो उसके पति ने उसे बहुत मारा था। दो महीने पहले तीन तलाक देकर घर से निकाल दिया था। तभी से वह जयंतीपुर में अपनी मामी के पास रह रही है। 17 मई को उसका पति भाई और बहनोई के साथ आया। इनके हाथों में तमंचे थे। ये लोग उसे गालियां देने लगे और जान से मार देने की धमकी देते हुए मार पीटकर खींचकर घर से बाहर ले आए थे। आसपास के लोग आ गए तो आरोपी ने पीड़िता के मुंह में तेजाब डालने की धमकी देते हुए भाग गए थे।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
• बी. फार्मा (4 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
• एम.एच.ए. (2 वर्षीय) • एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

## युवक की उंगली चबाकर कर दी अलग, धमकाया

संवाददाता, जहानाबाद

**अमृत विचारः** दंपति को रास्ते में रोक एक युवक ने पहले गाली गलौज की। विरोध करने पर हमला कर दिया। आरोप है कि समझाने का प्रयास करने पर आरोपी ने युवक की उंगली चबाकर अलग कर दी। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है। शाहजहांपुर जनपद के थाना मदनापुर क्षेत्र के ग्राम झपका दिलावरपुर की रहने वाली ज्योति देवी पत्नी देवेश कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 19 मई की सुबह 11 बजे वह अपने भाई जहानाबाद कस्बे के मोहल्ला मिश्रनटोला के रहने वाले दीनदयाल के घर पर थी। वहां पर आयोजित जन्मदिन की दावत में शामिल होकर पीलीभीत जा रही थी। रास्ते में जहानाबाद बस स्टैंड के पास अमरिया थाना क्षेत्र के ग्राम बल्लिया का रहने वाला मोहम्मद फैजान मिला और पीड़ित को रास्ते में रोक गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर पति से झगड़े पर आमादा हो गया। इसकी जानकारी मिलने पर पीड़िता की मां अयोध्या देवी मौके पर आ गई और बीच बचाव कराने लगी। इस पर मां से भी अभद्रता की गई। आरोप है कि पति के बाएं हाथ की उंगली दांतों से चबाकर शरीर से छिन्न भिन्न कर दी। पति चक्कर खाकर गिर गए। आरोपी अंजाम भुगतने की धमकी देकर भाग गया। पति को गंभीर हालत में एक निजी अस्पताल भर्ती कराया गया है। इंस्पेक्टर मुकेश शुक्ला ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर मामले में कार्रवाई की जा रही है।

## खेत में तारकशी कर छोड़ा करंट, दो गोवंश की मौत

**बदायूं, अमृत विचार :** उझानी क्षेत्र के गांव नसरुल्लापुर और गठौना के बीच एक किसान ने अपने खेत में खड़ी मक्का की फसल की तारकशी की थी जिसमें करंट भी छोड़ दिया था। रविवार देर रात दो गोवंश की करंट की चपेट में आकर मौत हो गई। किसी ने इसका वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। जानकारी पर हल्का लेखपाल सुरेंद्र सिंह पहुंचे। अधिकारियों व पशु चिकित्सक को अवगत कराया। पशु पालन विभाग की तीन सदस्यीय टीम ने दोनों शवों का पोस्टमार्टम किया और प्रधान व ग्रामीणों की मौजूदगी में जेसीबी से गड्ढा करा दोनों शव दफन कर दिए। उझानी के प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि कोई तहरीर नहीं दी गई है। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. मोहर सिंह ने बताया कि खेत मालिक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# टॉपर छात्रों को किया गया सम्मानित



बिलसंडा के गुरु तेग बहादुर इंटर कॉलेज में पुरस्कृत हुए विद्यार्थी। • अमृत विचार

संवाददाता, बिलसंडा

**अमृत विचारः** श्री गुरु तेग बहादुर इंटर कॉलेज मरौरी खास में सोमवार को हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के मेधावी सम्मानित किए गए।

हाई स्कूल में कॉलेज टॉप करने वाली विज्ञान वर्ग की छात्रा किरन प्रीत कौर, अपूर्वा दुबे, संजय कुमार, मानविकी वर्ग से गुरप्रीत कौर, अंशिका गंगवार, पायल गुप्ता, इंटरमीडिएट में स्वाति देवी ,युधिष्ठिर, अचल कुमार ने प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया था। इन मेधावियों को प्रधानाचार्य गुलशन कुमार, प्रबंधक गुलजार सिंह समेत कमेटी के लोगों ने पुरस्कृत किया। विद्यार्थियों की हौसला अफजाई करते हुए कहा कि बच्चों को जब अच्छा कार्य करने पर प्रोत्साहन दिया जाता है, तो उनका मनोबल बढ़ता है। समारोह में कॉलेज के समस्त शिक्षक एवं जूनियर विद्यार्थी शामिल हुए।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
• बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
• एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
• मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
• मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
• बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

## बीएएमएस की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कल से

**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने बीएएमएस प्रथम, द्वितीय, तृतीय और चतुर्थ वर्ष की मुख्य परीक्षा 2024 के चुनौती मूल्यांकन की तिथि निर्धारित कर दी है। जिसके तहत उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन से असंतुष्ट रहे छात्र और छात्राओं को 22 से 31 मई तक ऑनलाइन आवेदन करना होगा। इसके लिए उन्हें निर्धारित 25 सौ रुपये शुल्क देना होगा। यह छात्रों के लिए अंतिम अवसर होगा। यह जानकारी रुहेलखंड विश्वविद्यालय प्रशासन ने दी है।

# कैंटीन में उतरा करंट, सुबह फ्रीजर में चिपके मिले चाचा और भतीजे के शव

लखीमपुर खीरी, कार्यालय



दीपक



धीरज

- फूलबेहड़ के कस्बा सुंदरवल में शराब भट्ठी के बगल की घटना

> मृतक आपस में चाचा-भतीजे थे और कैंटीन चलाते थे। दोनों की करंट की चपेट में आने से मौत हुई है। कैंटीन में शटर-फ्रीजर में करंट उतरा हुआ था। घटना की जांच कराई जा रही है। - **आलोक धीमान**, प्रभारी निरीक्षक फूलबेहड़

**अमृत विचार :** थाना फूलबेहड़ क्षेत्र के कस्बा सुंदरवल में शराब भट्टी के बगल स्थित एक कैंटीन के शटर और फ्रीजर में उतरे करंट से बेहजम निवासी चाचा और भतीजे की मौत हो गई। यह घटना रविवार आधी रात बाद की है। सोमवार सुबह मॉर्निंग वॉक करने निकले लोगों ने दोनों के शव फ्रीजर से चिपके फर्श पर पड़े देखे। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तो पूरी कैंटीन में करंट दौड़ रहा था। बिजली कटवाने के बाद पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

थाना नीमगांव के कस्बा बेहजम निवासी दीपक (30), उसका चचेरा भाई विमल और साढ़ू रोहित थाना फूलबेहड़ क्षेत्र के सुंदरवल चौराहा पर शराब भट्ठी के बगल में साझे में कैंटीन चलाते थे। बताते हैं कि रविवार को दिन में दीपक का भतीजा धीरज कैंटीन पर आ गया था। इस वजह से विमल देर शाम घर चला गया। सोमवार सुबह जब लोग सुबह घूमने के लिए निकले तो देखा कि कैंटीन का आधा शटर खुला हुआ था। ग्रामीणों ने जब झांककर देखा तो अंदर दीपक व उसके भतीजे धीरज (19) के शव फ्रीजर से चिपककर फर्श तक पड़े हुए थे। लोगों की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक आलोक धीमान, सुंदरवल चौकी प्रभारी के साथ मौके पर पहुंचे।

## एक जैसी दवाइयों को देने में बरतें सावधानी

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के पैरामेडिकल संकाय में लासा (लुक अलाइक, साउंड अलाइक) दवाओं पर कार्यक्रम हुआ। फिजियोथेरेपी विभाग की असि. प्रो. डॉ. साक्षी भटनागर ने बताया कि देश में ऐसी बहुत सारी दवाइयां हैं जिनके नाम सुनने और देखने में भी एक जैसे लगते हैं। ऐसी दवाइयों को मरीज को देते समय उनके बारे में समझना चाहिए। मेडिकल लेबोरेट्री विभाग से सुजाता कटियार ने लासा के वर्ग को समझाया और बताया कि ऐसी दवाइयों में किसी भी डॉक्टर, टेक्नीशियन या व्यक्ति से गलती हो सकती है तो सावधानी बरतनी बहुत जरूरी है। जब हम किसी को दवाइयों की सलाह दें तो उसे बिना किसी कमी के लिखें। रेडियोग्राफी विभाग से शिखा कुमारी और ऑप्टोमेट्री विभाग से सकीना जमील ने लासा पर क्विज प्रतियोगिता आयोजित की। इसमें विद्यार्थियों को दवाओं के सही उपयोग के महत्व को समझाया गया। छात्रों ने गलती से बचने के उपाय पूछे। प्रधानाचार्य डॉ. पुष्पेंद्र कन्नौजिया ने बताया कि हम सभी दवाओं को देख कर और सावधानी के साथ उपयोग करेंगे तो मरीजों के उपचार को नई गति प्राप्त होगी। बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी की कुलपति डॉ. लता अग्रवाल ने भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम करने के लिए प्रेरित किया।

खबरें www.amritvichar.com पर भी पढ़ें

# पुलिस ने भाजपा नेता को पीटा, हवालात में डाला

संवाददाता, उसहैत(बदायूं)

- गेहूं की घटतौली से गुस्साए कार्यकताओं ने थाने में किया जोरदार हंगामा, धरने पर बैठे

**अमृत विचार :** चक्की पर गेहूं की घटतौली को लेकर विवाद के बाद मारपीट में पीड़ित के साथ थाने गए भाजपा मंडल अध्यक्ष को पुलिस ने मार पीटकर हवालात में डाल दिया। बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता थाने पहुंच गए और हंगामा कर धरने पर बैठ गए। सीओ उझानी शक्ति सिंह ने मामला शांत कराया। चक्की संचालक व अन्य के खिलाफ घटतौली, धमकाने और मारपीट के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की गई है। एसएसपी ने पुलिस पर आरोपों की जांच के आदेश दिए हैं।

गांव हाफिज नगला निवासी श्यामपाल रविवार को 15 किग्रा गेहूं पिसाने के लिए गांव नगरिया दुगानी निवासी अजय पाल की चक्की पर गए थे। जहां कंप्यूटरीकृत कांटे पर गेहूं एक किग्रा कम निकले। श्यामपाल ने तौल को लेकर विरोध किया। विवाद के बाद गाली-गलौज और हाथापाई हो गई। श्यामपाल ने भाजपा मंडल महामंत्री राहुल लोधी को फोन करके सूचना दी। श्याम पाल के साथ राहुल थाना उसहैत पहुंचे। मंडल महामंत्री के अनुसार थाने में हल्का दारोगा जाहिद हुसैन और सिपाही नितिन मिले। वे दोनों श्यामपाल को झूठा बताने लगे। राहुल का आरोप है कि दारोगा के कहने पर सिपाही ने उनके साथ मारपीट की और हवालात में बंद कर दिया।

सूचना पर भाजपा के कार्यकर्ता पहुंचे गए और अधिवक्ता कुलदीप सिंह के साथ धरने पर बैठ गए। वे दारोगा और सिपाही के खिलाफ कार्रवाई की मांग करने लगे। इसके बाद बैकफुट पर आई पुलिस ने अजय पाल के अलावा प्रधान यादवेंद्र शाक्य समेत तीन लोगों के खिलाफ मारपीट, जान से मारने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की है। इसी बीच सीओ उझानी शक्ति सिंह पहुंचे और कार्यकर्ताओं से बात कर शांत किया। सोमवार को भाजपाई एसएसपी कार्यालय पहुंचे और दारोगा व सिपाही की शिकायत की। एसएसपी आलोक प्रियदर्शी ने सीओ उझानी को जांच दी है।

# दहकते ईंट भट्ठा में गिरे मजदूर की जिंदा जलकर हुई मौत



मजदूर की मौत के बाद मौके पर पहुंची पुलिस और मौजूद लोग। • अमृत विचार

संवाददाता, एटा

- निधौलीकलां इलाके में सोमवार सुबह ईंधन की झुकाई करने के दौरान हुआ हादसा, परिवार में मचा कोहराम

**अमृत विचारः** निधौलीकलां थाना क्षेत्र में सोमवार दोपहर झुकाई करते समय एक मजदूर दहकते ईंट भट्ठा में गिर गया। इससे जलने पर उसकी मौके पर मौत हो गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने मजदूरों की मदद से शव ईंट भट्ठा से बाहर निकाला।

जनपद कौशांबी के करारी थाना क्षेत्र के ग्राम अंसारगंज निवासी बृजेश कुमार (45) अन्य लोगों के साथ निधौलीकलां थाना क्षेत्र में स्थित आरवी ईंट भट्ठा पर मजदूरी करता था। सोमवार दोपहर 12:30 बजे बृजेश ईंटें पकाने के लिए ईंधन की झुकाई कर रहा था। तभी अचानक वह भट्ठा में जा गिरा, जिससे जिंदा जलकर उसकी मौत हो गई। वहां मौजूद अन्य मजदूरों ने इसकी सूचना भट्ठा मालिक अर्जुन सिंह को दी। वह कुछ ही देर में मौके पर जा पहुंचे। इस बीच पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंच गई। पुलिस ने मजदूर के शव को बाहर निकाला और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि जांच की जा रही है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र धर्मेन्द्र कुमार व पुत्रवधु राजकुमारी को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **भैरों प्रसाद पुत्र श्री जागन लाल निवासी ग्राम मढौली थाना फतेहगंज पश्चिमी तहसील मीरगंज जिला बरेली।**

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा एक बैनामा पंजीकृत दिनांक 09.01.1996 के मूल दस्तावेज नं. 556 है जो गढ़ी चौकी से अलखनाथ मन्दिर के बीच कहीं खो गया है। अगर किसी को मिले तो निम्न पते पर पहुँचाने की कृपा करें। **राकेश कुमार निवासी गढ़ी चौकी, रफियाबाद, बरेली।**

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र तौहीद व उसकी पत्नी साविया को गलत व्यवहार के चलते सभी संबंध सदा के लिए विच्छेद कर उन्हें अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। उनके कृत्यों का मैं,पुत्र मुशीर,पुत्री अन्नो जिम्मेदार नही होंगे। **हसन जहाँ वेगम पत्नी स्व. मुन्ना खान निवासी मोहल्ला मो. यार खान थाना न्यूरिया, पीलीभीत।**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने , पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

# राजनीतिक विरासत आगे बढ़ाने की सियासत



| दल | उम्मीदवार | मत मिले |
|---|---|---|
| भाजपा | श्यामा चरण गुप्ता | 3,13,772 |
| सपा | कुंवर रेवती रमण सिंह | 2,51,763 |
| बसपा | केशरी देवी पटेल | 1,62,073 |
| कांग्रेस | नंद गोपाल गुप्ता नंदी | 1,02,453 |

2014 का जनादेश




- भाजपा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी और सपा से कांग्रेस में आए उज्ज्वल रमण सिंह के बीच छिड़ा है रोचक मुकाबला
- लाल बहादुर शास्त्री, बहुगुणा, जनेश्वर मिश्र, मुरली मनोहर जोशी और अमिताभ बच्चन कर चुके यहां का प्रतिनिधित्व
- बीते चार दशक से यहां जीत दर्ज करने के लिए तरस रही है कांग्रेस, क्या इस बार खत्म हो पाएगा पार्टी का सूखा
- अब तक हुए सभी चुनावों में अगड़ी जाति के नेताओं को ही मिलती रही जीत, ब्राह्मण तय करते रहे चुनावी दिशा

**इलाहाबाद संसदीय सीट**

मनोज त्रिपाठी

**अमृत विचार।** संगम नगरी इलाहाबाद (प्रयागराज) लोकसभा सीट से पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री, पूर्व मुख्यमंत्री हेमवती नंदन बहुगुणा, वरिष्ठ भाजपा नेता मुरली मनोहर जोशी और दिग्गज समाजवादी जनेश्वर मिश्र जैसे नेता चुनाव लड़कर संसद पहुंचे और आज भी याद किए जाते हैं। इनके अलावा महानायक अमिताभ बच्चन भी इलाहाबाद का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। वह 1984 के चुनाव में यहां जीते थे, तब से कांग्रेस इलाहाबाद में जीत के लिए तरस रही है।

साल 2014 से यह सीट भाजपा के पास है और इस बार पार्टी हैट्रिक लगाने की उम्मीद पाले हैं। इलाहाबाद में अब तक हुए सभी चुनावों में अगड़ी जाति के नेता ही जीत हासिल करते रहे हैं। कहा तो यहां तक जाता है कि यहां ब्राह्मण ही राजनीति की दिशा तय करते हैं। इसी समीकरण के चलते भाजपा ने अपनी सांसद रीता बहुगुणा जोशी के स्थान पर राज्य के कद्दावर नेता पूर्व विधानसभा अध्यक्ष तथा पूर्व राज्यपाल केशरी नाथ त्रिपाठी के पुत्र नीरज त्रिपाठी को मैदान में उतारा है। सपा के साथ गठबंधन में मिली इस सीट पर कांग्रेस ने सपा से आए उज्ज्वल रमण सिंह पर दांव लगाया है। उज्जवल के पिता रेवती रमण सिंह भी दिग्गज नेताओं में शुमार रहे हैं। वह आठ बार विधायक रहने के साथ इलाहाबाद से दो बार सांसद चुने जा चुके हैं। उज्जवल करछना से दो बार विधायक और अखिलेश यादव की सरकार में मंत्री रह चुके हैं।

2022 के विधानसभा चुनाव में वह नौ हजार मतों से चुनाव हार गए थे। उज्जवल चुनाव से पहले सपा छोड़कर कांग्रेस में शामिल हो गए थे। अपना दल कमेरावादी से हंसराज कोल चुनाव लड़ रहे हैं, जबकि बसपा ने रमेश पटेल को मैदान में उतार रखा है।

### 2019 लोकसभा जनादेश

| भाजपा | सपा | कांग्रेस |
|---|---|---|
| 55.62 % | 34.89 % | 3.59% |
| 4,94,454 मत | 3,10,179 मत | 31,953 मत |
| रीता बहुगुणा जोशी | राजेंद्र सिंह पटेल | योगेश शुक्ला |

### पांच में चार विधानसभा सीटों पर भाजपा का कब्जा

- इलाहाबाद लोकसभा क्षेत्र में मेजा, करछना, इलाहाबाद दक्षिण, बारा और कोरांव कुल पांच विधानसभा सीटें हैं। बारा और कोरांव विधानसभा सीट अनुसूचित जाति के लिए सुरक्षित है। इन पांच सीटों में से 2002 के चुनाव में भाजपा ने चार सीटों पर जीत हासिल की थी। केवल करछना सीट सपा के पास है।


उज्जवल रमण सिंह - कांग्रेस।


नीरज त्रिपाठी - भाजपा।


रमेश सिंह पटेल - बसपा।

## ...जब वीपी सिंह निर्दलीय लड़कर बने सांसद डॉ. जोशी की जीत से खुला भाजपा का खाता

इलाहाबाद लोकसभा सीट पर अब तक 16 बार लोकसभा चुनाव और तीन बार उपचुनाव हुए हैं। 1952 से 1971 तक यहां कांग्रेस का कब्जा रहा है। 1973 में भारतीय क्रांति दल से जीते जनेश्वर मिश्रा ने कांग्रेस के वर्चस्व तोड़ा था।

इसके बाद 1984 में कांग्रेस यहां जीती, जब अमिताभ बच्चन कांग्रेस के टिकट पर सांसद बने। 1988 के उपचुनाव में वीपी सिंह ने निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में जीत हासिल की थी। भाजपा का यहां खाता 1996 में मुरली मनोहर जोशी की जीत के साथ खुला।

जोशी ने 1996 से 1999 तक लगातार तीन बार यहां से जीत हासिल की। 2004 और 2009 में सपा के रेवती रमण सिंह जीते। लेकिन 2014 की मोदी लहर में यह सीट भाजपा ने फिर वापस छीन ली।

भारतीय जनता पार्टी से उतरे श्याम चरण गुप्ता ने समाजवादी पार्टी के रेवती रमण सिंह को करारी शिकस्त दी। 2019 के चुनाव में भाजपा से उतरीं रीता बहुगुणा जोशी ने सपा के राजेंद्र सिंह पटेल हरा दिया था।

### भाजपा के लिए वोट बैंक संभाले रखने की चुनौती

- वोटों की उठापटक के बीच यह चुनाव भाजपा और सपा-कांग्रेस से जुड़े दो सियासी परिवारों की जंग होने के कारण दिलचस्प हो गया है। भाजपा ने पिछले दो चुनावों में इलाहाबाद में ब्राह्मणों और निषादों के साथ अति पिछड़ी जातियों का गठजोड़ बनाया था। यहां ब्राह्मण और निषाद मतदाता पांच लाख से ज्यादा हैं। भाजपा इस बार भी इनके साथ ही करीब दो लाख पटेल मतदाताओं को भी अपना परंपरागत वोट बैंक मान रही है। लेकिन मेजा से सपा विधायक संदीप पटेल के अलावा ब्राह्मण तथा निषाद बिरादरी के कई नेता कांग्रेस प्रत्याशी उज्ज्वल के साथ मजबूती से खड़े नजर आ रहे हैं। उधर, बसपा के रमेश पटेल भी इस बार पटेल मतों में सेंधामारी कर रहे हैं। ऐसे में भाजपा के सामने अपने वोट बैंक में बिखराव रोकना बड़ी चुनौती है।

### मतदाताओं की चुप्पी बढ़ा रही प्रत्याशियों की चुनौती

- इलाहाबाद में लोकसभा चुनाव प्रचार के अंतिम चरण में आने के साथ रोचक मोड़ लेता नजर आ रहा है। मतदाताओं की चुप्पी प्रत्याशियों की चुनौती बढ़ा रही है। यहां ब्राह्मण तथा भूमिहार मतदाताओं की भूमिका निर्णायक मानी जाती है। लेकिन इस बार अनुसूचित जाति के वोटर भी जीत-हार का फैसला कर सकते हैं, ऐसा मानने वालों की कमी नहीं है। पिछड़ों में अगर निषाद, कुर्मी मतदाताओं की संख्या काफी है और उनके वोटों के लिए भाजपा-कांग्रेस प्रत्याशी में घमासान छिड़ा है।

### पहली बार दलित और कोल मतदाता हुए महत्वपूर्ण

- लोकसभा क्षेत्र में तीन लाख से अधिक दलित तथा कोल मतदाताओं की इस बार अहमियत काफी बढ़ गई है। अपना दल कमेरावादी के हंसराज कोल सजातीय मतों के साथ अन्य बिरादरी का वोट हासिल करने की जुगत भिड़ा रहे हैं, तो बसपा के रमेश पटेल इन मतों को अपना परंपरागत वोट बैंक मानकर अगड़ा-बनाम पिछड़ा मुद्दे पर मुकाबला त्रिकोणीय बनाने में जुटे हैं। लेकिन पिछले चुनावों में यहां बसपा के कमजोर होने के कारण दलित मतदाताओं का भाजपा की तरफ झुकाव रहा है।

# जातीय गोलबंदी : सेंधमारी से बचने के लिए घेराबंदी

**फूलपुर संसदीय सीट**

दिग्विजय सिंह


प्रवीण पटेल - भाजपा।


अमरनाथ मौर्य - सपा।


जगन्नाथ पाल - बसपा।

**अमृत विचार।** प्रयागराज से सटी फूलपुर लोकसभा सीट इस समय चर्चा में है। रविवार को यहां इंडिया गठबंधन से सपा प्रत्याशी के समर्थन में रैली करने पहुंचे कांग्रेस नेता राहुल गांधी और सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव को भीड़ के बेकाबू हो जाने और बैरीकेड तोड़कर मंच तक पहुंचने के कारण भाषण दिए बिना वापस लौटना पड़ा था। फूलपुर में इस बार भाजपा और सपा के बीच कांटे के संघर्ष में बसपा त्रिकोण बनाने की जगह खोज रही है। मजे की बात यह है कि भाजपा और सपा के प्रत्याशी भी पहले बसपा में रह चुके हैं। 2014 के लोकसभा चुनाव में इस सीट पर पहली बार कमल खिला था। केशव प्रसाद मौर्य चुनाव जीते थे, लेकिन 2017 में जब प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी तो केशव प्रसाद मौर्य योगी सरकार में उप मुख्यमंत्री बन गए। इसके बाद हुए उपचुनाव में सपा ने भाजपा को हरा दिया। हालांकि 2019 में भाजपा ने फिर इस सीट पर कब्जा कर लिया।

### पिछड़ा वर्ग में कुर्मी मतदाता तय करते हैं जीत-हार

- फूलपुर में पिछड़े वर्ग के मतदाता निर्णायक स्थिति में हैं। खासकर कुर्मी मतदाता यहां जीत-हार तय करते रहे हैं। वर्ष 1977 के बाद हुए चुनावों में 10 बार पिछड़ी जाति के उम्मीदवार यहां चुनाव जीते हैं। अगड़ी जाति से 2009 में कपिल मुनि करवरिया के अलावा 2004 में अतीक अहमद को ही जीत मिली थी। पिछड़ी जाति में भी नौ मर्तबा कुर्मी उम्मीदवार ही फूलपुर से संसद पहुंचे हैं। इस जातीय समीकरण को देखते हुए ही भाजपा ने इस बार यहां अपनी सांसद केशरी पटेल के स्थान पर फूलपुर विधानसभा सीट से 2022 में लगातार दूसरी बार चुनाव जीते अपने विधायक प्रवीण पटेल को उतारा है। प्रवीण पटेल ने पहली बार 2007 में बसपा से झूंसी विधानसभा सीट पर चुनाव जीता था। इसके बाद 2017 और 2022 में उन्होंने भाजपा से फूलपुर सीट पर चुनाव जीता। सपा ने यादव व मुस्लिम मतदाताओं के साथ अन्य पिछड़ी जातियों का ध्रुवीकरण कराने की नीयत से अमर नाथ मौर्य को मैदान में उतारा है। अमरनाथ विधानसभा चुनाव में इलाहाबाद शहर पश्चिमी से टिकट कटने के बाद भी पूरी निष्ठा से पार्टी से जुड़े रहे। इसी कारण सपा अध्यक्ष ने लोकसभा चुनाव में उन्हें मौका दिया। अमरनाथ इससे पहले बसपा से 2002 में शहर पश्चिमी सीट से विधानसभा का चुनाव लड़े थे। वह दो बार जिला कोआपरेटिव बैंक के अध्यक्ष रह चुके हैं। सपा की कोशिश चुनाव को कुर्मी बनाम अन्य पिछड़ा वर्ग बनाकर मुस्लिम मतों के सहारे जीत हासिल करने की है। बसपा ने पार्टी के प्रयागराज मंडल के जोन प्रभारी जगन्नाथ पाल को प्रत्याशी बनाया है। वह पुराने कार्यकर्ता हैं। कांशीराम जब फूलपुर से लोकसभा का चुनाव लड़े थे, तो उनके कार्यालय का संचालन जगन्नाथ पाल ही करते थे। यहां बसपा की रणनीति एक लाख जाटव और ढाई लाख मुस्लिम मतदाताओं के साथ गैर कुर्मी पिछड़ा वर्ग के वोटरों को साधने की है। अपना दल कमेरावादी ने महिमा पटेल पर दांव लगाया है।




**55.68%** भाजपा को मिले थे 2019 के चुनाव में वोट

**46.95%** सपा ने पाए थे 2018 के उपचुनाव में वोट

### तीन लाख कुर्मी, दो लाख यादव के अलावा तीन लाख अन्य पिछड़ी जाति के मतदाता

- फूलपुर लोकसभा सीट पर सबसे अधिक तीन लाख से ज्यादा कुर्मी मतदाता हैं। यादव मतदाताओं की संख्या भी दो लाख से अधिक है। पिछड़ी जाति के अन्य मतदाताओं की संख्या तीन लाख से अधिक है। करीब ढाई लाख मुस्लिम व ढाई लाख से अधिक अनुसूचित जाति के मतदाता हैं। अगड़ी जातियों में ब्राह्मण वोटरों की संख्या करीब दो लाख है। शहर के दोनों विधानसभा क्षेत्रों शहर उत्तरी एवं पश्चिमी में कायस्थ मतदाताओं की संख्या भी दो लाख तक है।

### बीते तीन चुनावों में दो बार भाजपा को मिली है इस सीट पर जीत

- 2019 के लोकसभा चुनाव में यहां से भाजपा की केशरी देवी पटेल ने जीत हासिल की थी। उन्हें 5,44,701 वोट मिले थे। सपा के पंधारी यादव 3,72,733 वोटों के साथ दूसरे नंबर पर और कांग्रेस के पंकज पटेल 32,761 वोट पाकर तीसरे स्थान पर थे। इससे पहले 2018 के उपचुनाव में सपा के नागेंद्र पटेल 3,42,922 वोट पाकर जीते थे। भाजपा से उतरे वाराणसी के पूर्व मेयर कौशलेंद्र सिंह पटेल को 2,83,462 और निर्दलीय उम्मीदवार अतीक अहमद को 48,094 वोट मिले थे। साल 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा के केशव प्रसाद मौर्य 5,03,564 पाकर जीते थे। सपा के धर्मराज सिंह पटेल को 1,95,256, बसपा के कपिल मुनि करवरिया को 1,63,710 तथा कांग्रेस प्रत्याशी मोहम्मद कैफ को 58,127 मत मिले थे।

- भाजपा से फूलपुर के विधायक प्रवीण पटेल और सपा के अमरनाथ मौर्य के बीच मुकाबले में बसपा भी कम नहीं
- भाजपा प्रत्याशी बसपा से रह चुके विधायक, जबकि सपा उम्मीदवार बसपा से लड़कर हार चुके विधानसभा चुनाव
- 2014 के चुनाव में पहली बार केशव प्रसाद मौर्य ने खिलाया कमल, लेकिन उपचुनाव में हार गई थी भाजपा
- साल 1977 के बाद हुए लोकसभा चुनावों में 10 बार पिछड़ी जाति के उम्मीदवार ही यहां से चुनाव जीते

### पं. नेहरू और रामपूजन के नाम पर हैट्रिक का रिकार्ड


- पं. जवाहरलाल नेहरू ने आजादी के बाद 1952 में हुए पहले लोकसभा चुनाव में फूलपुर लोकसभा सीट को अपनी कर्मभूमि मानकर चुनाव लड़ा और वह लगातार 1952, 1957 और 1962 में यहां से सांसद चुने गए। नेहरू के धुर विरोधी रहे समाजवादी नेता डॉ. राम मनोहर लोहिया ने 1962 में फूलपुर सीट पर उन्हें चुनौती दी, लेकिन जीत नहीं सके थे। फूलपुर से अब तक सिर्फ दो ही नेता जवाहरलाल नेहरू और रामपूजन पटेल जीत की हैट्रिक लगा पाए हैं। रामपूजन 1984, 1989 और 1991 में इस सीट से सांसद चुने गए थे। 1964 में नेहरू के निधन के बाद उनकी बहन विजय लक्ष्मी पंडित फूलपुर से चुनाव जीतकर सांसद बनी थीं। वह 1967 में भी चुनाव जीती थीं। 1969 में यहां से जनेश्वर मिश्र और 1971 में वीपी सिंह चुनाव जीते थे। 1977 में आपातकाल के बाद हुए चुनाव में यहां से कमला बहुगुणा जीती थीं। 1980 में जनता पार्टी (सेक्युलर) के बीडी सिंह के बाद 1984 में कांग्रेस से फिर 1989 और 1991 में जनता दल से चुनाव लड़कर राम पूजन पटेल जीते। 1996 और 1998 में सपा के जंगबहादुर पटेल, 1999 में सपा से धर्मराज पटेल, 2004 में सपा से अतीक अहमद, 2009 में बसपा से कपिल मुनि करवरिया के बाद 2014 में यहां भाजपा का खाता खुला और केशव प्रसाद मौर्य सांसद चुने गए। हालांकि मौर्य के 2017 में विधान सभा चुनाव जीतकर प्रदेश सरकार में उप मुख्यमंत्री बनने पर 2018 में हुए उपचुनाव में सपा के नागेन्द्र पटेल ने जीत हासिल की थी।

## छठे चरण में हरियाणा और दिल्ली में सर्वाधिक प्रत्याशी

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव के छठे चरण में आठ राज्यों और केंद्र शासित जम्मू कश्मीर में 25 मई को मतदान होगा। इस चरण में सबसे ज्यादा प्रत्याशी दिल्ली और हरियाणा में किस्मत आजमा रहे हैं। हरियाणा की 10 लोकसभा सीटों के लिए 223 तो दिल्ली की सात सीटों पर 162 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं।

छठे चरण में बिहार की आठ, हरियाणा की 10, दिल्ली की सात, जम्मू-कश्मीर की एक, झारखंड की चार, ओडिशा की छह, उत्तर प्रदेश की 14 और पश्चिम बंगाल की आठ लोकसभा सीटों पर वोट पड़ेंगे। बिहार में 86, हरियाणा में 223, जम्मू-कश्मीर में 20, झारखंड में 93, दिल्ली में 162, ओडिशा में 64, उत्तर प्रदेश में 162 और पश्चिम बंगाल 79 प्रत्याशी मैदान में हैं। आपराधिक मामले घोषित करने वाले उम्मीदवारों में आम आदमी पार्टी के सभी पांच उम्मीदवार, आरजेडी के सभी चार उम्मीदवार, सपा के 12 में से नौ उम्मीदवार, भाजपा के 51 में से 28 उम्मीदवार, तृणमूल कांग्रेस के नौ में से चार, बीजद के छह में से दो और कांगेस के 25 में से आठ उम्मीदवार शामिल हैं।


भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने नई दिल्ली से पार्टी की प्रत्याशी बांसुरी स्वराज के लिए मालवीय नगर में प्रचार करते हुए लोगों से कमल खिलाने की अपील की।

## 44 डिग्री तापमान में मतदान से नहीं लगा फायदे-नुकसान का अनुमान

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार।** 45 डिग्री तापमान में आसमान से बरसती आग के बीच लोकतंत्र के पर्व में लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में मतदाताओं के रुख की थाह लेने में राजनीतिक विश्लेषकों को पसीने छूटते रहे, इसकी वजह यह रही कि बीते चार चरणों में तीन चरण में कम मतदान को लेकर तमाम निहितार्थ निकाले गए थे। लेकिन पांचवें चरण में उत्तर प्रदेश की 14 सीटों पर मतदान के आंकड़ों ने हिसाब किताब लगाने के लिए ज्यादा कुछ नहीं छोड़ा। अमेठी, मोहनलाल गंज, गोंडा और फैजाबाद में कमोबेश पिछले 2019 के चुनाव जितने ही मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। अमेठी लोकसभा क्षेत्र में साल 2019 में 54.08 प्रतिशत मदान हुआ था। इस बार 54.40 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया है। अंतिम आंकड़े में यह एक फीसदी तक बढ़ सकता है, जिसे बढ़ा हुआ या भारी मतदान नहीं कहा जा सकता। मोहनलाल गंज में 2019 में 62.79 प्रतिशत मतदान हुआ था, इस बार यहां 62.72 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया है, जो अभी थोड़ा बढ़कर पिछली बार से आधा प्रतिशत तक अधिक रह सकता है। इसी तरह फतेहपुर में 2019 में 56.79 प्रतिशत वोट पड़े थे। इस बार 57.05 प्रतिशत मतदान की सूचना है। अंतिम आंकड़ें में यहां भी एक प्रतिशत तक ज्यादा मतदान दर्ज किया जा सकता है, जो परिणाम के लिहाज से कोई बड़ा संकेत करता नहीं नजर आ रहा है। गोंडा में 51.64 प्रतिशत मतदान होने की खबर है, यहां 2019 में 52.20 प्रतिशत वोट डाले गए थे। अंतिम आंकड़े में इस बार भी मतदान 52 फीसदी रहने का अनुमान है। बांदा में भी मतदान पिछली बार जैसा ही रहा। यहां 2019 के 60.8 के मुकाबले 59.64 प्रतिशत मतदान हुआ जो अभी बढ़कर 60 प्रतिशत पहुंच सकता है। इसी तरह फतेहपुर में भी 2019 के 56.79 के मुकाबले 57.05 प्रतिशत मतदान की सूचना है, जो अंतिम आंकड़े में थोड़ा बढ़ने पर भी एक फीसदी से अधिक नहीं होने का अनुमान है।



### बाराबंकी में चार, रायबरेली में दो फीसदी अधिक वोट पड़े

- बाराबंकी में सबसे अधिक करीब चार प्रतिशत वोट अधिक पड़े हैं। यहां पिछली बार 63.61 प्रतिशत वोटिंग हुई थी, इस बार 67.10 प्रतिशत मतदान दर्ज हुआ है, जो अंतिम गणना में थोड़ा बढ़ सकता है। रायबरेली में करीब दो फीसदी अधिक मतदान की खबर है। यहां 2019 में 56.34 प्रतिशत वोट पड़े थे। इस बार दर्ज किया गया 58.04 प्रतिशत मतदान अंतिम आंकड़े में थोड़ा और ऊपर जा सकता है।

- अमेठी, मोहनलाल गंज, गोंडा और फैजाबाद में पिछले 2019 के चुनाव जितने ही मतदाताओं ने डाले वोट

### झांसी में चार, लखनऊ, जालौन व कौशांबी में दो फीसदी कम वोटिंग

- झांसी में 60 फीसदी से ज्यादा मतदान होने के बावजूद पिछली बार से लगभग चार फीसदी कम वोट पड़े हैं। झांसी में 2019 में 67.68 प्रतिशत वोट पड़े थे, इस बार 63.70 प्रतिशत मतदान हुआ है। जालौन में दो प्रतिशत कम वोट पड़े हैं। यहां पिछले चुनाव में 58.49 के मुकाबले इस बार 56.15 प्रतिशत मतदान हुआ है। कौशांबी में भी करीब दो प्रतिशत मतदान घट गया। यहां 2019 के 54.56 के मुकाबले 52.79 प्रतिशत वोट डाले गए हैं। हमीरपुर में 2019 की अपेक्षा डेढ़ प्रतिशत कम मतदान का हिसाब लगाया जा रहा है। यहां पिछली बार के 62.32 की अपेक्षा 60.56 प्रतिशत वोट डाले गए हैं। लखनऊ में पिछली बार से करीब दो प्रतिशत कम वोटिंग हुई। 2019 के 54.78 के मुकाबले यहां 52.23 प्रतिशत मतदान की सूचना है।

# धर्म दर्शन

## भक्त की रक्षा के लिए विष्णु का नृसिंह अवतार

नृसिंह अवतार सतयुग के चौथे चरण में हुआ था। ये भगवान विष्णु के रौद्र रूप का अवतार है। ये अवतार प्रदोष काल में हुआ था। भगवान विष्णु का यह अवतार मुख्य रूप से उनके भक्त, युवा राजकुमार प्रहलाद को उनके राक्षस पिता हिरण्यकशिपु से बचाने के लिए हुआ था। भक्ति, ईश्वर की कृपा में विश्वास, अच्छाई बनाम बुराई के बीच लड़ाई शाश्वत रही है और हमेशा सत्य ही होता है, जो अंतत: जीतता है। विष्णु का नरसिम्हा अवतार दुनिया को बुराई से छुटकारा दिलाने और एक बार फिर शांति और खुशी लाने के लिए लिया गया था।



सत्ययुग के दौरान ऋषि कश्यप और उनकी पत्नी दिति के हिरण्याक्ष और हिरण्यकशिपु नाम के दो पुत्र थे। दोनों अपने विनाशकारी स्वभाव के लिए जाने जाते थे, वे जहां भी जाते थे अराजकता पैदा करने की इच्छा रखते थे। उससे मनुष्य और देवता दोनों ही दुखी थे। हिरण्यकशिपु तीनों लोकों पर शासन करना चाहता था, उसकी अथक भक्ति के कारण, भगवान ब्रह्मा उसके सामने प्रकट हुए।

सत्ता तक पहुंचने की उनकी यात्रा अथक भक्ति से शुरू हुई जिसने ब्रह्मांड के निर्माता भगवान ब्रह्मा का ध्यान आकर्षित किया। भक्ति के जवाब में, ब्रह्मा ने हिरण्यकशिपु को एक शक्तिशाली वरदान दिया जिससे वह लगभग अजेय हो गया, जहां वह किसी आदमी या जानवर द्वारा न मारा जाए, न दिन में, न रात में, न अंदर या बाहर और कोई भी हथियार उसे नुकसान नहीं पहुंचा सके। अपनी नई शक्ति के साथ हिरण्यकशिपु ने आतंक का राज कायम कर दिया जिससे हर कोई केवल उसे भगवान के रूप में पूजा करने के लिए मजबूर हो गया, अन्य देवताओं के प्रति किसी भी श्रद्धा को बेरहमी से दबा दिया। वह भगवान विष्णु से नफरत करता था और अपने आतंक के कारण किसी को भी भगवान विष्णु की पूजा करने से रोकता था।,



प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ एचपीयू, शिमला

हिरण्यकशिपु के पुत्र प्रहलाद ने भगवान विष्णु के प्रति गहरा और सच्चा प्रेम प्रदर्शित किया। अन्य बच्चे खेलते थे तो वह ध्यान करता था और भगवान विष्णु के नाम का जाप करता था। हिरण्यकशिपु ने प्रहलाद की भक्ति को खत्म करने के लिए जहरीले सांपों से लेकर उसे चट्टानों से फेंकने तक कई तरह के प्रयास किए, लेकिन कोई भी चीज उसके विश्वास को डिगा नहीं सकी।

प्रहलाद पूरे मन से भगवान विष्णु से प्रार्थना करता रहा, उसकी भक्ति ने स्वर्ग को छू लिया और भगवान विष्णु स्वयं उसकी रक्षा के लिए आए। हिरण्यकशिपु को न तो दिन में या रात में, घर के अंदर या बाहर, मनुष्य या जानवर द्वारा, न किसी हथियार से मारा जा सकता था, न जमीन, पानी या हवा में। फिर भी इसी बात ने उसे असुरक्षित बना दिया। जब भगवान विष्णु ने नरसिम्हा, आधे मनुष्य, आधे शेर का रूप धारण किया, तो वह गोधूलि में उभरे, हिरण्यकशिपु को अपनी गोद में रखा और अपने पंजे से उस राक्षस का वध कर दिया। भगवान विष्णु का नरसिम्हा अवतार यह साबित करता है कि वह हमेशा धर्म की रक्षा करेंगे और जरूरतमंदों के सामने आएंगे।

## लोक कल्याण का मार्ग दिखाता बुद्ध का जीवन

भारतीय धर्मग्रंथों तथा मनीषियों के उपदेशों में स्पष्ट कहा गया है कि मनुष्य परमानंद का अंश होने के नाते सर्वाधिक भाग्यशाली प्राणी है। केवल मनुष्य के पास वह क्षमता है कि वह चाहे तो देवता बन जाए, चाहे मनुष्य ही बना रहे या पशु बन जाए। इन तीनों प्रकार की स्थिति बहुत सहजता से प्राप्त की जा सकती है। देवता बनने के लिए सरलतम मार्ग यह है कि मनुष्य देवता की तरह लोक कल्याण का काम करे। मंदिरों में स्थित देवता को चाहे अलंकार से सुसज्जित किया जाए या सादगी से रखा जाए, चाहे छप्पन भोग लगाया जाए या कुछ भी न चढ़ाया जाए फिर भी मंदिर के विग्रह पर कोई असर नहीं पड़ता।

विग्रह के समक्ष रखी गईं वस्तुओं को भगवान स्पर्श तक नहीं करते। मंदिरों में स्थापित भगवान से यही प्रेरणा मिलती है कि उन पर भौतिक पदार्थों का कोई असर नहीं पड़ता। गोस्वामी तुलसीदास ने 'ईश्वर अंश जीव अविनाशी, चेतन सहज सरल सुखराशि' चौपाई में सहजता और सरलता के भाव को ईश्वर का अंश माना है। धर्मग्रंथों में जब भी अवतारों का जिक्र आता है तब उनके अवतार के पीछे लोक कल्याण के उद्देश्यों का जिक्र होता है। अब रही बात मनुष्य ही बने रहने की तो उसमें स्वहित में डूबे रहने का भाव परिलक्षित होता है। मनुष्य अपने कर्मों से जो कुछ अर्जित करता है, उसका खुद और खुद के परिवार तक उपभोग में लगा रहता है, जबकि अधिकांशत: पशु जब आहार ग्रहण करता है तब अपने बच्चे को भी खाने नहीं देता है। इस तरह मनुष्य के खुद अपने हाथ में है कि वह क्या बन सकता है। इस दृष्टि से ईसा से 563 वर्ष पूर्व अखंड भारत के नेपाल के राजकुल में जन्मे गौतम बुद्ध ने लोक कल्याण के लिए न सिर्फ राजमहल, बल्कि पत्नी एवं संतान तक को त्याग दिया। ऐसा नहीं कि वे निष्ठुर थे। उनकी सोच बहुत विराट थी। सिद्धार्थ से गौतम बुद्ध होने के बाद वे अपनी पत्नी यशोधरा तथा पुत्र राहुल को भी उस उन्नत स्थिति तक ले जाने के लिए आए जिस उन्नत अवस्था के लिए उन्होंने कठिन तपस्या की। पहले तो पत्नी नाराज जरूर हुई, लेकिन जब उनके अंतर्मन को झांका तो वहां उसे मानवता का सागर दिखाई पड़ने लगा था।



सलिल पांडेय
मिर्जापुर


दरअसल गौतम बुद्ध बलपूर्वक नहीं, बल्कि हृदय परिवर्तन के जरिए मनुष्य के रूपांतरण के पक्षधर रहे हैं, जो काम देवर्षि नारद ने रत्नाकर डाकू का किया और उसके अंतर्जगत में स्नेह-प्रेम की वीणा की ध्वनि पैदा की एवं ऋषि वाल्मीकि बना दिया उसी तरह का काम गौतम बुद्ध ने अंगुलिमाल का किया। हिंसक प्रवृत्तियों को छोड़कर स्वेच्छा अंगुलिमाल बौद्ध भिक्षु बन गया। गौतम बुद्ध के जन्मतिथि पर गौर करें तो वैशाख महीने की पूर्णिमा तिथि को उनका जन्म हुआ। वैशाख माह की पूर्णिमा तिथि को चंद्रमा विशाखा नक्षत्र मय स्थित रहता है। विशाखा का अर्थ विशिष्ट शाखाओं का विस्तार भी है। जब चिंतन की शाखाओं का विस्तार विशिष्टता के साथ होता है तभी उसे श्रेष्ठ माना जाता है। वैसे भी पूर्णिमा तिथि को चन्द्रमा सोलहों कलाओं के साथ निकलता है। इसीलिए खारे समुद्र में ज्वार आता है। वह भी खारापन छोड़ चन्द्रमा के अमृत किरणों के लिए मचलने लगता है।



वर्ष भर की पूर्णिमा तिथियों पर गौर करें तो चैत्र में हनुमान जयंती, वैशाख में बुद्ध जयंती, ज्येष्ठ में कबीर जयंती, आषाढ़ में गुरु पूर्णिमा, सावन में रक्षाबंधन, भादौ में महालया का प्रारंभ, आश्विन में शरद पूर्णिमा, कार्तिक में गुरुनानक जयंती, पौष में शाकम्भरी जयंती, माघ में रविदास जयंती तथा फाल्गुन में भक्त प्रहलाद की रक्षा में होलिका दहन का पर्व होता है। गौतम बुद्ध नौवें अवतार के रूप में पूज्य हैं।

## मातृगुण संपन्न औषधियों

हे यज्ञाग्नि! आपकी जिस ज्योति ने स्वर्गलोक को पृथ्वी पर तेज रूप से औषधियों को और जल में विद्युत रूप से अतिव्यापक अंतरिक्ष लोक को संव्याप्त किया है, सर्वत्र गतिमान, जगत-प्रकाशक आपका वह दिव्यतेज मनुष्य के सभी अच्छे-बुरे कर्मों को देखने वाला है। हे अग्ने! आप आपसी प्रीति- भावना व पारस्परिक सामूहिक विचारधारा के प्रेरक हों। हमारे अनुकूल होकर यज्ञरूप श्रेष्ठ कार्य को सफल बनाएं। कृषि उद्यम द्वारा देवत्व मार्ग पर ले जाने वाले हे मनुष्य! वृषभ आदि से संसार की सुव्यवस्था के निमित्त आप कृषि-कार्य का संपादन करें। आपकी कृपा से हम क्षुधा पिपासा स्वरूप दुखों से विमुक्त हों और ज्योति-रूप यज्ञकर्मों को प्राप्त करें। सृष्टि के प्रारंभ में जो औषधियां देवताओं द्वारा वसंत, वर्षा, शरद इन तीन ऋतुओं में उत्पन्न हुई हैं, पककर पीतवर्ण से युक्त उन सैकड़ों औषधियों और ब्रीहि यवादि सप्त धान्यों की सामर्थ्य का हमें ज्ञान है। हे मातृवत पोषण-गुण-संपन्न औषधियों! आप सभी के सैकड़ों नाम हैं और सहस्त्रों अंकुर हैं। आप सभी हमारे इस यजमान को आरोग्य प्रदान करें। आप विकारों को दूर करने वाली माता की भांति 'निष्कृति' अर्थात् रोगों का निवारण करने वाली हैं। क्षुधाहरण करने वाले अन्न के समान ही आप मनुष्यों मे स्थित रोगों को दूर करें। हे औषधियों! आप परस्पर एक-दूसरे के प्रभाव में वृद्धि करें। प्रयोग की गई एक औषधि दूसरी के संरक्षणार्थ निकट आएं। सभी औषधियां पारस्परिक सहकार भावना का परिचय देती हुईं हमारे निवेदन को स्वीकार करें। फलों से युक्त, फलों से रहित, पुष्प युक्त तथा पुष्परहित ऐसी ये सभी औषधियां विशेषज्ञ, वैद्य द्वारा प्रयुक्त होती हुई हमें रोगों से मुक्ति दिलाएं। दिव्यलोक से प्राणरूप में धरती पर आने वाली औषधियां आश्वासन देती हैं कि जिस प्राणी ने हमारा उचित ढंग से सेवन किया वह, आरोग्य लाभ से कृतार्थ हुआ, वह समय से पूर्व मृत्यु को प्राप्त नहीं होता। ऐसी औषधियां, जो असंख्य रोगों को विभिन्न प्रकार से विनाश करने में सक्षम हैं जिनमें सोमवल्ली विशेष गुणों से युक्त है, उन सब के बीच रहने वाली हे औषधि! आप सर्वश्रेष्ठ गुणों से युक्त हैं। आप अभीष्ट सुख प्राप्ति एवं हृदय को शक्ति देने में सक्षम हैं। हे राजन सोम! चिकित्सा विशेषज्ञ जिस रोगी के रोग को दूर करने के लिए हमारे मूल, फल, पत्रादि को ग्रहण करते हैं, उसको हम आरोग्य प्रदान करती हैं-ऐसा अपने स्वामी सोम से औषधियां कहती हैं।



ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

## दिव्यता और विरूपता

क्या आप वास्तविकता से सचमुच परिचित हैं? गीता में भगवान श्रीकृष्ण श्लोक चार में कहते हैं, "हे पार्थ! पाखंड, घमंड, क्रोध, निष्ठुरता और अज्ञानता जैसे आसुरी स्वभाव या गुणों को लेकर उत्पन्न मनुष्य के लक्षण हैं। श्रीकृष्ण आगे कहते हैं कि आसुरी स्वभाव वाले मनुष्य मिथ्या अहंकार, बल, गर्व, कामनाओं तथा क्रोध के अधीन होकर अपने तथा दूसरों के शरीर में स्थित मुझ परमात्मा के निंदक और ईर्ष्यालु होते हैं। आसुरी स्वभाव वाले ईर्ष्यालु, क्रूर तथा मनुष्यों में अधम होते है। ऐसे अधम मनुष्यों को मैं संसार रूपी सागर में निरंतर गिराता रहता हूं। हे कुंतीपुत्र! आसुरी योनि को प्राप्त हुए मूर्ख मनुष्य अनेक जन्मों तक आसुरी योनि को ही प्राप्त होते रहते हैं। ऐसे आसुरी स्वभाव वाले मनुष्य मुझे न प्राप्त होकर अत्यंत अधमगति (निम्नतम योनि) को ही प्राप्त होते हैं।

भगवान श्रीकृष्ण के देव और असुर संबंधी मंतव्यों के प्रकाश में गहराई से विचार करने पर यह स्पष्ट हो जाता है कि पूर्ववर्ती असुर और परवर्ती देव, दैत्य, दानव, राक्षस, नाग, गंधर्व, किन्नर, नाग, गरुड़, वानर, मानव आदि सभी विभिन्न मनुक प्रजाति समूह के ही उच्चतम-उच्चतर समाज के लोग थे। उनके दिव्य तेज, अति मानवीय गुणों और क्रिया-कलापों के अतिरंजित आलंकारिक वर्णन ने कभी उनके स्वरूप को अतिमानवीय दिव्यता और सुग्राह्यता प्रदान किया तो कभी भयावनी विरूपता।

वाल्मीकि रामायण के अनुसार ही हनुमान जी द्वारा अपने शयनकक्ष में दिखा, निद्रारत अति रूपवान तेजधारी अति आकर्षक देहयष्टिधारी पौलस्त्य रावण को, भयावह 'दशानन' बना दिया गया। माहिष्मती का अपने समय का सर्वशक्तिमान शक्तिशाली, हैहय सम्राट कार्तवीर्य अर्जुन को, भयावह 'सहस्रबाहु' (हजार भुजाधारी) बन गया और तो और पौराणिक त्रिदेवों में एक ब्रह्माजी 'चतुरानन (चार मुखधारी), देव सेनापति शिवपुत्र कार्तिकेय' षडानन' (छः मुखों वाला), गणपति गणेश, 'गजानन' (हस्ति मुखधारक) बन गए। बंदर को मनुष्य के मूल पूर्वज होने का श्रेय देने तथा विकासवाद के सिद्धांत की स्थापना का श्रेय लेने वाले 18 वीं-उन्नीसवीं सदी के पाश्चात्य यह भूल जाते हैं कि भारतीय मनीषी हजारों वर्षों पूर्व इस सिद्धांत की वास्तविकता से परिचित थे।



डॉ. अजित कुमार सिंह
सेवानिवृत्त, पुलिस महानिरीक्षक

श्रीहरि विष्णु के विभिन्न अवतारों में इसकी जानकारी होने का सुस्पष्ट संकेत मिलता है। पृथ्वी पर जल की बहुलता एवं जलजीवों की प्राचीनता आज निर्विवाद सत्य है।

# विविध

## एक नजर

### शराब के नशे में शख्स ने अजगर को गले में लपेटा गिरफ्तार

**पत्तनमथिट्टा (केरल)।** केरल के पत्तनमथिट्टा में एक शराबी नशे की हालत में नहर के किनारे से एक अजगर को पकड़ कर उसे अपनी गर्दन में लपेटने के कारण मुसीबत में फंस गया। वन अधिकारियों ने सोमवार को उसके खिलाफ मामला दर्ज किया है। पत्तनमथिट्टा के अडूर के पास स्थित एक शराब की दुकान के सामने जब शख्स ने रविवार को अपनी गर्दन में अजगर को लपेटा तो लोगों के बीच हड़कंप मच गया। सोशल मीडिया पर इस घटना का एक वीडियो भी वायरल हो रहा है। वीडियो में वह अजगर के फन पर हाथ फेरता हुआ भी दिखाई दे रहा है। अडूर पुलिस ने रविवार को व्यक्ति को हिरासत में ले लिया और उसके पास से अजगर बरामद कर लिया।

### रेव पार्टी में की छापेमारी मादक पदार्थ बरामद


**बेंगलुरु।** केंद्रीय अपराध शाखा ने बेंगलुरु के एक फार्महाउस पर रेव पार्टी में छापेमारी कर एक्स्टसी गोलियां, कोकीन और अन्य नशीले पदार्थ बरामद किए। सीसीबी के सूत्रों के मुताबिक अपराध शाखा ने रविवार तड़के इलेक्ट्रॉनिक सिटी के पास फार्म हाउस में छापेमारी की थी। जहां से 17 एमडीएमए गोलियां, कोकीन सहित अन्य मादक पदार्थ बरामद किए। हैदाराबाद के निवासी वसु ने अपने जन्मदिन के उपलक्ष्य में पार्टी का आयोजन किया था।

### नाबालिग लड़के और लड़की का शव पेड़ से लटका मिला

**बलरामपुर।** छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले में एक नाबालिग लड़के और लड़की का शव पेड़ पर लटका मिला। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के राजपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत धंधापुर गांव में नदी के किनारे एक पेड़ पर 15 वर्षीय लड़की और 17 वर्षीय लड़के का शव लटका हुआ मिला। अधिकारियों के मुताबिक, पुलिस को रविवार दोपहर घटना की जानकारी मिली। उन्होंने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि लड़की 10वीं कक्षा की छात्रा थी। उन्होंने बताया कि लड़का जिले के बघिमा गांव का रहने वाला था और अपनी बुआ के घर में रहता था। पूछताछ में जानकारी मिली कि दोनों की पिछले कुछ समय से जान-पहचान थी और लड़की के परिजन इस रिश्ते से नाराज थे।

## मतदान की झलकियां













उद्योगपति मुकेश अंबानी ने पत्नी नीता और बेटे आकाश के साथ जाकर मतदान किया। वहीं सिने सितारे प्रेम चौपड़ा, अमिताभ बच्चन, ऐश्वर्या राय बच्चन, आमिर खान, फिल्म निर्माता किरण राव, जाह्नवी कपूर ने मुंबई में अपने मताधिकार का प्रयोग किया।



मतदान के बाद अंगुली पर स्याही का निशान दिखाते अभिनेता सनी देओल।



मुंबई में मतदान करने के बाद बाहर आते क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर।



लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण के लिए वोट डालने के बाद अंगुली पर लगी अमिट स्याही लगी अपनी उंगलियों को दिखाते मतदाता।



झारखंड में एक बुजुर्ग मतदाता की मदद करता सीआरपीएफ का जवान।



120 वर्षीय हाजी गुलाम मोहम्मद राथर ने बारामूला के सोपोर में मतदान किया।

## यौन उत्पीड़न मामले में एचडी रेवन्ना को मिली जमानत

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में बेंगलुरु की एक अदालत ने सोमवार को जनता दल (सेक्युलर) के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री एचडी रेवन्ना को यौन उत्पीड़न के एक मामले में जमानत दे दी। 42वें अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट की अदालत ने पहले रेवन्ना (66) को अंतरिम राहत दी थी। न्यायाधीश प्रीत जे ने एसआईटी की आपत्तियों को सुनने से इनकार कर दिया और जमानत का आदेश दिया। होलेनारसिपुरा टाउन पुलिस थाने में 28 अप्रैल को दर्ज किए गए मामले में रेवन्ना और उनके बेटे प्रज्ज्वल रेवन्ना पर 47 वर्षीय घरेलू सहायिका का यौन उत्पीड़न करने के आरोप शामिल हैं। कर्नाटक की हासन लोकसभा सीट से मौजूदा सांसद प्रज्ज्वल कथित तौर पर 27 अप्रैल को जर्मनी रवाना हुए और अब भी फरार हैं। एचडी रेवन्ना को चार मई को गिरफ्तार किया गया था।

## विपक्ष की निंदा करें, लेकिन अपना लेखा-जोखा भी दें मोदी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- **कांग्रेस संचार विभाग प्रमुख पवन खेड़ा ने कहा-हमारे घोषणा पत्र को लेकर झूठ फैला रहे हैं मोदी**

कांग्रेस ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चार चरणों के चुनाव में अपनी सुनिश्चित हार को देखते हुए बौखला गए हैं और पार्टी के घोषणा पत्र को लेकर लगातार झूठ बोल रहे हैं।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा सोमवार को दिल्ली प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मोदी को दिल्ली की जनता से कोई लेना देना नहीं है। दिल्ली के आम लोगों के साथ 10 साल से अन्याय हो रहा है और कांग्रेस केंद्र में सरकार बनाने के बाद यहां के लोगों के साथ हो रहे अन्याय को खत्म करेगी। उन्होंने कहा कि आपको विपक्ष की निंदा करनी है तो कीजिए लेकिन अपना लेखा-जोखा भी दीजिए। मोदी को अपना रिपोर्ट कार्ड देश के सामने रखना ही चाहिए, लेकिन आपके पास जवाब नहीं है और आपने देश के 10 साल व्यर्थ कर दिये हैं। प्रधानमंत्री पर झूठ फैलाने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि देश का राजा अगर झूठ बोल रहा है, तो वह वर्तमान के साथ आने वाले पीढ़ियों का भी नुकसान कर रहा है। प्रधानमंत्री मोदी लगातार हमारे मेनिफेस्टो के बारे में झूठ फैला रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश की राजधानी होने के कारण दिल्ली के मुद्दे राष्ट्रीय स्तर के होते हैं। अगर दिल्ली में श्रमिकों की स्थिति दयनीय है, तो ये पूरे देश का प्रतिबिंब है। हमारे नेता राहुल गांधी न्याय शब्द का उपयोग करते हैं। यह मात्र एक शब्द नहीं बल्कि हमारे संविधान और कांग्रेस पार्टी की विचारधारा है। उन्होंने कहा, राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा कर दिल्ली पहुंचे और यहां के लोगों से बातचीत की तथा हमारा घोषणा पत्र उसी का परिणाम है।

## मानसिक रूप से बीमार बेटी का गला दबाकर की हत्या, दंपती गिरफ्तार

**करीमनगर (तेलंगाना), एजेंसी**

तमिलनाडु के करीमनगर जिले में एक दंपती को अपनी मानसिक रूप से बीमार बेटी की हत्या करने के आरोप में पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

राजन्ना सिरसिला के पुलिस अधीक्षक अखिल महाजन के अनुसार, नेरेल्ला के चेप्याला नरसैया (49) और उनकी पत्नी येलव्वा (43) ने अपनी बेटी प्रियंका (24) की हत्या कर दी और उसकी प्राकृतिक कारणों से मौत होने का दावा किया। उनकी बेटी कई वर्षों से मानसिक विकार से पीड़ित थी। माता-पिता ने उसका इलाज कराया और उसकी शादी भी कराई। उसका 13 महीने का एक बेटा भी है। मानसिक बीमारी दोबारा होने पर महिला का फिर से इलाज कराया गया, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। पुलिस अधिकारी ने बताया कि परेशान होकर माता-पिता ने उसकी हत्या की साजिश रची। 14 मई को जब वह अपने घर पर सो रही थी, तब उन्होंने कथित तौर पर रस्सी से उसका गला घोंट दिया। उन्होंने अपने दामाद को मौत के बारे में सूचित किया और अगले दिन उसका अंतिम संस्कार कर दिया। महिला की मौत पर ग्रामीणों को संदेह हुआ और उन्होंने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। जांच के दौरान दंपती ने अपराध कबूल कर लिया। पुलिस अधीक्षक महाजन ने कहा कि दंपति को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है और आगे की जांच जारी है।

- **संदेह होने पर पड़ोसियों ने पुलिस को दी सूचना, पूछताछ में दंपती ने कबूल की घटना**

### मुंबई के फ्लैट में बुजुर्ग फंदे से लटका मिला, पत्नी भी मृत पायी गयी, सुसाइड नोट भी मिला

**मुंबई।** मुंबई के एक फ्लैट में 61 वर्षीय पुरुष का शव फंदे से लटका मिला और उसकी 57 वर्षीय पत्नी भी मृत पायी गयी। पुलिस के एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। रविवार को कांदिवली के आर्य चाणक्यनगर में अनुभूति सोसायटी में दंपति के फ्लैट से दुर्गंध आने के बाद पड़ोसियों ने पुलिस को सूचित किया। फ्लैट का दरवाजा तोड़कर पुलिस अंदर घुसी। समता नगर पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि उन्होंने प्रमोद वासुदेव चोंकर को एक रस्सी से छत के पंखे से लटका हुआ पाया और उनकी पत्नी अर्पिता प्रमोद चोंकर उनके बगल में मृत पड़ी थीं। उन्होंने बताया कि शव सड़ चुके थे। दंपती का कोई बच्चा नहीं है। अधिकारी ने कहा कि घटनास्थल पर सुसाइड नोट मिला है जिसमें व्यक्ति ने लिखा है कि वे दोनों मानसिक तनाव में थे और अपनी इच्छा से यह कदम उठा रहे हैं। उन्होंने किसी को भी इसके लिए जिम्मेदार नहीं ठहराया है। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक सूचना के आधार पर पुलिस ने दुर्घटनावश मौत की रिपोर्ट दर्ज की है।

## हार के डर से बेबुनियाद आरोप लगा रहे हैं विचारे

**मुंबई, एजेंसी**

- **मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने शिवसेना (यूबीटी) प्रत्याशी राजन विचारे के आरोपों का किया खंडन**

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने सोमवार को शिवसेना (यूबीटी) के लोकसभा उम्मीदवार राजन विचारे के फर्जी मतदान की संभावना के आरोपों का जोरदार खंडन किया और कहा कि श्री विचारे को हार का डर सता रहा है, इसलिए वे बहाने बना रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने श्री विचारे द्वारा लगाए गये फर्जी मतदान के आरोपों के जवाब में कहा कि उन्हें हार का डर लग रहा है। श्री विचारे ने राज्य में लोकसभा चुनाव के अंतिम दिन गड़बड़ी की आशंका जताई थी और कहा था कि फर्जी वोट डालने के लिए तीन स्थानों पर 1,500 बाहरी लोगों को लाया गया था। शिंदे ने कहा, नौपाड़ा इलाके में एक ईवीएम एक घंटे के लिए बंद थी। मैंने कलेक्टर को फोन किया है और उन्हें इस मशीन को जल्द से जल्द शुरू करने का निर्देश दिया है। हमें फर्जी मतदाता लाने की क्या जरूरत है? श्री विचारे ने पहले आरोप लगाया था कि उनके प्रतिद्वंद्वी शिंदे सेना के नरेश मस्के बाहर से लगभग 1,500 लोगों को ठाणे लाए हैं और उन्हें डर है कि फर्जी मतदान कराया जायेगा। उन्होंने दावा किया था कुछ लोगों को बाहर से कोपरी, पचपक्खड़ी और वागले एस्टेट में लाया गया है जो ठाणे लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आते हैं। श्री विचारे ने कहा, मुझे सुबह नौ बजे के आसपास सूचना मिली कि दोपहर बाद ठाणे के कई हिस्सों में फर्जी मतदान होगा। उनके दावों को खारिज करते हुए शिंदे ने कहा, हमने ठाणे में कड़ी मेहनत की है, ठाणे शिवसेना प्रमुख बालासाहेब ठाकरे, धर्मवीर आनंद दिघे का गढ़ है। यहां रहने वाले लोग हमसे बहुत प्यार करते हैं।

आत्मनाऽऽत्मानमन्विच्छेन्मनोबुद्धीन्द्रियैर्यतै:।
आत्मा ह्येवात्मनो बन्धुरात्मैव रिपुरात्मन:॥

मन-बुद्धि तथा इंद्रियों को आत्मनियंत्रित करके स्वयं ही अपने आत्मा को जानने का प्रयत्न करें, क्योंकि आत्मा ही हमारी हितैषी और आत्मा ही हमारी शत्रु है।

## संपादकीय

# बढ़ती बिजली की मांग

भारत वृद्धि और विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है। ऐसे में कोयला क्षेत्र देश की प्रगति, आर्थिक समृद्धि, रोजगार सृजन और सामाजिक कल्याण की आधारशिला बना हुआ है। साथ ही विद्युत क्षेत्र की आधारशिला के रूप में कोयला हमारी प्राथमिक ऊर्जा आवश्यकताओं में आधे से अधिक योगदान देता है और उद्योगों की रीढ़ के रूप में कार्य करता है। पिछले दशक में, मुख्य रूप से कोयले से चलने वाली ताप विद्युत परियोजनाओं ने लगातार देश के कुल बिजली उत्पादन का 70 प्रतिशत से अधिक हिस्से का योगदान दिया है। बिजली की मांग में भारी वृद्धि के कारण ताप विद्युत पर निरंतर निर्भरता की आवश्यकता होती है। गर्मी बढ़ने और लू चलने के साथ मुख्य रूप से बड़े पैमाने पर बिजली की मांग बढ़ी है। उद्योग विशेषज्ञों का कहना है कि मई में गर्मी बढ़ने के कारण बिजली की मांग और बढ़ेगी। राहत की बात है कि सरकार ने तत्परता दिखाते हुए बिजली की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए मानसून से पहले सभी ताप विद्युत संयंत्रों में कोयले का पर्याप्त भंडार सुनिश्चित करने की व्यापक योजना बनाई है। क्योंकि बिजली की औद्योगिक मांग में बढ़ोतरी के बीच, इस बात के संकेत हैं कि बिजली उत्पादन के लिए भारत का कोयला भंडार आदर्श स्तर से नीचे है। कोयले के स्टॉक में गिरावट किसी चुनौती से कम नहीं है। उधर सरकार का दावा है कि हाल ही में कोयला, बिजली तथा रेलवे की अंतर-मंत्रालयी समिति के स्तर पर राज्य बिजली उत्पादक कंपनियों के साथ उप-समूह की बैठक में पाया गया कि देश के सभी ताप विद्युत संयंत्रों (टीपीपी) में कोयले का पर्याप्त भंडार है।

कोयले की बढ़ी मांग को पूरा करने के लिए पर्याप्त परिवहन व्यवस्था मौजूद है। 'पिट-हेड' (खनन गड्ढे) पर मौजूद और टीपीपी को भेजे जा रहे कोयले का कुल भंडारण इस वर्ष 15 मई को 14.7 करोड़ टन था जो सालाना आधार पर 25 प्रतिशत अधिक है। ताप विद्युत उत्पादन 8.78 प्रतिशत और कोयला आपूर्ति 8.45 प्रतिशत की दर से बढ़ रही है। कोयला मंत्रालय के मुताबिक इस वर्ष कोयले का उत्पादन पिछले साल की तुलना में 7.26 प्रतिशत बढ़ रहा है। सरकार के मुताबिक पांच ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के लक्ष्य की पूर्ति के रास्ते में कोयला सेक्टर का बड़ा योगदान रहने वाला है। आमतौर पर कोयला खानों के पास स्थित संयंत्रों में शुष्क ईंधन स्टॉक की स्थिति गंभीर नहीं होती है। वहीं जो संयंत्र कोयला खानों के पास नहीं हैं, उनके लिए कोयला दूरदराज से पहुंचाना पड़ता है। इसलिए कोयला आपूर्ति के लिए रेलवे को नियमित आधार पर कोयला परिवहन के लिए प्रतिदिन अतिरिक्त रैक उपलब्ध कराने की आवश्यकता है।

# कहां रुकेगा पीछे खिसकता लोकतंत्र



चंद्रभूषण
वरिष्ठ पत्रकार

पिछले कुछ वर्षों से निवेश के मामले में भारत को चीन से ज्यादा तरजीह देने का यह एक बड़ा तर्क भी है, लेकिन दोनों देशों में एक खास फर्क यह है कि चीन अपने निचले लोकतांत्रिक दर्जे में काफी लंबे समय से स्थिर पड़ा है, जबकि भारत इस मामले में अपने ऊंचे मुकाम से बहुत तेजी से नीचे आया है।

देश में आम चुनाव की गहमागहमी है, लेकिन दुनिया में भारतीय लोकतंत्र का बैकस्लाइड (पीछे खिसकना) चर्चा का विषय बना हुआ है। दुनिया भर में लोकतांत्रिक संस्थाओं की स्थिति पर नजर रखने वाली प्रतिष्ठित गैर सरकारी संस्थाओं की नजर में भारत की स्थिति पिछले कुछ सालों में बदतर होती गई है। लंदन स्थित इकोनॉमिस्ट इंटेलिजेंस यूनिट (ईआईसी) ने भारत को एक 'फ्लॉड डेमोक्रेसी' (गड़बड़ लोकतंत्र) माना है और 2016 से 2023 के बीच प्रकाशित उसके अध्ययनों में भारत का स्थान 27 वें से गिरकर 53 वां हो गया है।

कुछ समय पहले ईआईसी ने सूचना जारी की कि भारतीय अधिकारियों ने उसके जिम्मेदार लोगों से संपर्क किया और उनसे आग्रह किया कि अपने निष्कर्ष निकालने के लिए वे उन्हीं आंकड़ों और तथ्यों का इस्तेमाल करें, जो भारत सरकार द्वारा आधिकारिक रूप से जारी किए गए हैं। संस्था की ओर से इस बारे में साफ मनाकर दिया गया, लेकिन यह बात सामने आने से भारत की छवि थोड़ी और खराब हुई। अमेरिकी थिंकटैंक 'फ्रीडम हाउस' की ओर से भारत को 'पार्शियली फ्री डेमोक्रेसी' (आंशिक रूप से उन्मुक्त लोकतंत्र) घोषित किया गया है। अमेरिका में इस संस्था को मूल्यगत दृष्टि से एक ऊंचा मुकाम हासिल है।

इसके भावों का अनुगमन करते हुए कुछ अमेरिकी अधिकारियों ने पहले अवमानना के मामले में गुजरात की एक अदालत द्वारा राहुल गांधी को दो साल की सजा सुनाए जाने के बाद उनकी संसद सदस्यता निलंबित करने और फिर आबकारी नीति में भ्रष्टाचार के आरोप में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ एहतियाती बयान जारी किए तो भारत सरकार की ओर से अमेरिकी राजदूत से जवाब तलब कर लिया गया। शायद यह सख्ती देखकर ही अमेरिकी सरकार ने लोकतांत्रिक मानकों पर भारत की गिरावट को तूल न देने का रवैया अपनाया। इस तरह का तीसरा बड़ा नाम स्वीडन के वी-डेम इंस्टीट्यूट का है जिसने कुछ ज्यादा ही तीखा रवैया अपनाते हुए भारत को लोकतांत्रिक देशों में भी शामिल नहीं किया है और इसे 'इलेक्टोरल ऑटोक्रेसी' (चुनाव करा लेने वाली निरंकुश व्यवस्था) करार दिया है। इसमें कोई शक नहीं कि चीन की एकदलीय कम्युनिस्ट प्रणाली की तुलना में भारत को एक तरह का लोकतंत्र ही माना जाता है। पिछले कुछ वर्षों से निवेश के मामले में भारत को चीन से ज्यादा तरजीह देने का यह एक बड़ा तर्क भी है, लेकिन दोनों देशों में एक खास फर्क यह है कि चीन अपने निचले लोकतांत्रिक दर्जे में काफी लंबे समय से स्थिर पड़ा है, जबकि भारत इस मामले में अपने ऊंचे मुकाम से बहुत तेजी से नीचे आया है। आगे जैसे लक्षण हैं, 'एक देश एक चुनाव' की व्यवस्था वाले सारे संविधान संशोधन यहां अमल में उतारे जा सके तो संसाधनों की कमी से हिले विपक्ष का रहा-सहा ढांचा भी खत्म होने के कगार पर पहुंच जाएगा।

गौर से देखें तो लोकतंत्र की समस्याओं को स्वीकारने और सुधारने का यहां कोई मामला ही नहीं है। ऐसी राजनीति यहां पहले भी होती रही है, लेकिन एक समय के बाद लोगों की जीवन स्थितियों से जुड़ा कटु यथार्थ उन्हें इससे दूर जाने के लिए विवश कर देता रहा है। यह पहला मौका है जब देश 'परसेप्शन मैनेजमेंट' के सामने हथियार डालता दिख रहा है। इक्कीसवीं सदी में रूस से शुरू हुई यह राजनीतिक बीमारी भारत में और भी गहरी डायग्नोसिस की मांग करती है। जमीन पर अच्छा काम करने वालों को कोई ट्रैक्शन नहीं मिल रहा। उनकी बात दूर तक नहीं पहुंच रही और कहीं पहुंच भी रही है तो समुदायों के बीच नफरत पैदा करने वाली या गैर जरूरी सूचनाओं की भीड़ में अगले ही दिन लोग उसे भूल जा रहे हैं।

हाल में सत्ता की करीबी न्यूज एजेंसी एएनआई के साथ एक बातचीत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय लोकतंत्र पर चिंता जाहिर करने वाले पश्चिमी बौद्धिकों और संस्थाओं को अज्ञानी बताया, साथ ही कहा कि उनकी सरकार भारत को 'मदर ऑफ डेमोक्रेसी' मानते हुए इसे और व्यापक बनाने के लिए काम कर रही है। पश्चिम की दलीलों की काट करने के लिए उन्होंने बताया कि जिस देश में पांच लाख ग्राम पंचायतों में मुखिया और सदस्य चुने जाते हों, उसके लोकतंत्र को कमजोर भला कौन समझदार व्यक्ति कहेगा? यह भी कि शायद ही देश का कोई राजनीतिक दल ऐसा हो जिसकी किसी न किसी राज्य में सरकार न हो या सरकार में किसी न किसी रूप में उसकी भागीदारी न हो। दूसरी तरफ डेमोक्रेसी इंडेक्स में भारत की स्थिति सुधारने के लिए भी उनकी कोशिशें जारी हैं।

इसमें एक तरह की कोशिश का जिक्र ऊपर आ चुका है। यानी लोकतंत्र की कसौटियां बनाने और उन पर विभिन्न देशों को आंकने वाली संस्थाओं से संपर्क करके सीधे उन्हें मैनेज करने का प्रयास करना। उद्योग-व्यापार से जुड़े बहुत सारे इंडेक्सेज में ऐसी कोशिशें कारगर हो चुकी हैं। आईएमएफ जैसी संस्थाएं भी भारत के आधिकारिक आंकड़ों को अपने आंकड़े की तरह जारी करने के लिए तैयार हो जाती हैं, लेकिन जब कोई बात बिल्कुल ही उनके हिसाब से बाहर होने लगती है तो उनकी ओर से ऐसा बयान भी आता है कि हम खुद आंकड़े नहीं जुटाते, यह भारत का अपना आंकड़ा है।

लोकतंत्र से जुड़े मानकों के मामले में इस तरह की कोशिशें कामयाब नहीं हो पा रही हैं तो इसका सबसे बड़ा कारण यह है कि जो चीजें राजनीति में इतनी फायदेमंद साबित हो रही हैं और विदेशों में हिंदुत्व वाला एनआरआई जनाधार भी जिनसे इतना खुश है, मोदी सरकार उनसे ज्यादा दूर जाती हुई नहीं दिखना चाहती। बताया जा रहा है कि प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से विभिन्न मंत्रालयों को डेमोक्रेसी इंडेक्स का ध्यान रखने के जो निर्देश चुपचाप भेजे गए हैं, उनकी सबसे ज्यादा उपेक्षा गृह मंत्रालय द्वारा की गई है, जबकि इंडेक्स में नीचे खींचने वाले ज्यादातर मामले इस मंत्रालय से ही जुड़े हैं। कश्मीर में बात-बात पर इंटरनेट बंद करना, वहां विधानसभा चुनाव कराना तो दूर, ऐसी कोई संस्था आगे वहां होगी भी या नहीं, इस पर सन्नाटा खींच लेना, पत्रकारों समेत बहुत बड़ी तादाद में लोगों को जेल में डाल देना गृह मंत्रालय का ही कमाल है। अल्पसंख्यकों की असुरक्षा, मणिपुर हिंसा और जांच एजेंसियों के दुरुपयोग तक भारतीय लोकतंत्र को घुन खाई चीज बताने वाले और भी कितने ही मामले इस मंत्रालय से जुड़े हैं, लेकिन दूसरी ओर, केंद्र सरकार को सबसे ज्यादा उत्तेजना पैदा करने वाले हनकदार चुनावी मुद्दे भी गृह मंत्रालय ही मुहैया करा रहा है।

गौर से देखें तो लोकतंत्र की समस्याओं को स्वीकारने और सुधारने का यहां कोई मामला ही नहीं है। ऐसी राजनीति यहां पहले भी होती रही है, लेकिन एक समय के बाद लोगों की जीवन स्थितियों से जुड़ा कटु यथार्थ उन्हें इससे दूर जाने के लिए विवश कर देता रहा है। यह पहला मौका है जब देश 'परसेप्शन मैनेजमेंट' के सामने हथियार डालता दिख रहा है। इक्कीसवीं सदी में रूस से शुरू हुई यह राजनीतिक बीमारी भारत में और भी गहरी डायग्नोसिस की मांग करती है। जमीन पर अच्छा काम करने वालों को कोई ट्रैक्शन नहीं मिल रहा। उनकी बात दूर तक नहीं पहुंच रही और कहीं पहुंच भी रही है तो समुदायों के बीच नफरत पैदा करने वाली या गैर जरूरी सूचनाओं की भीड़ में अगले ही दिन लोग उसे भूल जा रहे हैं। इसके विपरीत पूरी तरह हवा-हवाई, पौराणिक बातें करने वाले, सांप्रदायिक उन्माद फैलाने वाले, दिन-रात झूठ बोलने वाले लोगों को देश का बड़े से बड़ा मंच सहज ही उपलब्ध हो जा रहा है। ऐसे में विपक्ष अगर एक-दो चुनाव जहां-तहां जीत भी जाए तो लोकतंत्र से खेलने वाली शक्तियां उसे खिलौना बना छोड़ेंगी।

## प्रसंगवश

# जीवन की सामाजिक वास्तविकता

सामाजिक परिवर्तन के संबंध में सामाजिक पॉजिटिविटी अर्थात् समाज को रचनात्मक दृष्टि प्रदान करने का विषय और सामाजिक निगेटिविटी अर्थात्स माज को विघटित करने के प्रयास के साथ-साथ आज के लोकतांत्रिक राजनीति में एक महत्वपूर्ण तत्व है सामाजिक रियलिटी या सामाजिक वास्तविकता।




डॉ. चन्द्रविजय चतुर्वेदी
प्रयागराज

सामाजिक वास्तविकता किसी भी युग में चाहे वह राजशाही का युग रहा हो, चाहे वह आधुनिक वैज्ञानिक लोकतांत्रिक युग ही क्यों न हो सर्वथा दोषमुक्त और न्यायसंगत नहीं रही है। व्यवस्थागत अन्याय और दोष को मानव को सदैव झेलना पड़ा है, जिसे सामंजस्य स्थापित करते जीवनयापन कहा जाता है। व्यवस्थाओं में समुदाय, संप्रदाय और समाज भले बलशाली हो जाए अदना मानव अदना ही रह जाता है।

नैतिक दायित्व के रूप में दोष निवारण और अन्याय के विरुद्ध संघर्ष भी अनवरत चलते रहे हैं। सामाजिक आंदोलन और तथाकथित क्रांतियां भी होती रही हैं। आंदोलन और क्रांतियों के सूत्रधार व्यवस्था में प्रतिष्ठित भी होते रहे हैं, पर यह भी एक कटु सत्य है कि सूत्रधार व्यवस्थागत दोष के अंग भी बन जाते हैं। परिणामस्वरूप पुरातन विषमता दूर होने के बजाय समाज अन्य प्रतिगामी विषमता से ग्रसित हो जाता है। फिर मानव को किसी न किसी रूप में पुरातन और आधुनिकतम विषमताओं के घालमेल को झेलना ही पड़ता है। व्यवस्थाओं में न्याय-अन्याय द्वंद्वात्मक रूप से संश्लेषित होकर एकाकार हो जाते हैं। युगानुरूप न्याय अन्याय की मात्राएं, मान्यताएं और स्वरूप भिन्न-भिन्न होते हैं जिनके अनुरूप जीवन जीना ही जिंदगी कहा जाता है। मानव अपनी जिंदगी में जीता है-रियलिटी पर, पर पूरी जिंदगी उलझा रहती है पाजिटिविटी और नेगेटिविटी में ही।

अंततः मानव को किसी न किसी रूप में इसे आस्था के रूप में बुद्धि-विवेक में बैठाना पड़ता है। भौतिक नियम तथा नैतिक नियम दोनों ही ईश्वर की इच्छा के अनुसार संचालित होते हैं। अन्यायों, अनिष्टों से छुटकारा ईश्वर की कृपा के अधीन ही है-ऐसा मानते हुए एक ईश्वर को अवतरित कर देते हैं और उसकी कृपा पाने के लिए स्तुतियों की रचना करने लगते हैं।

# भारत को बदलने की सोच वाले थे राजीव गांधी



पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

राजीव गांधी ने लाल किले से अपने पहले ही भाषण में सत्ता की दलाली जैसे शब्दों का इस्तेमाल किया था और कहा था कि सत्ता के दलालों को टिकने नहीं दिया जाएगा।

**राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवस**

21 मई 1991 में 46 वर्ष की उम्र में राजीव गांधी, तमिलनाडु में लिट्टे द्वारा किए गए आत्मघाती विस्फोट में शहीद हो गए थे। राजीव गांधी को कई नई पहलों और शुरुआत का जनक माना जाता है जिसके अंतर्गत संचार क्रांति, कंप्यूटर क्रांति, शिक्षा का प्रसार, 18 साल के युवाओं को मताधिकार, पंचायती राज आदि शामिल हैं। उन्होंने कई साहसिक कदम भी उठाए थे जिनमें असम समझौता, पंजाब समझौता, मिजोरम समझौता, श्रीलंका में शांति सेना का भेजा जाना आदि शामिल हैं।

राजीव गांधी के प्रधानमंत्री बनने के बाद मानसून के दगा देने के चलते देश में भयानक अकाल पड़ा था। उस वक्त उन्होंने देश के अलग-अलग इलाकों को दौरा किया। स्वतंत्रता दिवस पर उनके भाषणों में बेरोजगारी और गरीबी के लिए चिंता साफ दिखती थी, लेकिन लोगों के दिलों में यह बात थी कि उनका नेता जरूर कोई न कोई रास्ता निकाल लेगा। चुनौतियां बनी रही, लेकिन राजीव हर साल लोगों को नौकरियों की दुहाई देते रहे। राजीव ने 1987 में लाल किले की प्राचीर से कहा था कि युवकों में एक निराशा कभी-कभी दिखलाई देती है। देश के करोड़ों युवक काम ढूंढ नहीं पाते हैं। रोजगार नहीं पाते हैं। हमारी कोशिश है कि ढांचे में जो कमजोरियां हैं उनको दूर करने का काम किया जाए।

राजीव गांधी ने लाल किले से अपने पहले ही भाषण में सत्ता की दलाली जैसे शब्दों का इस्तेमाल किया था और कहा था कि सत्ता के दलालों को टिकने नहीं दिया जाएगा। इससे उनका इशारा साफ था कि सत्ता संरक्षित दलाली उनकी सरकार में नहीं चलेगी। 1986 के अपने भाषण के दौरान उन्होंने न सिर्फ भारत को संबोधित किया, बल्कि उन विविधताओं के बारे में बात कि जिनसे भारत बनता है। उन्होंने कहा था- "एक भारतीय होने का मतलब यह नहीं है कि हम केवल देश के निवासी हैं हमारे पास संस्कृतियों की विविधता है। हम अलग-अलग धर्मों के हैं- हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई, जैन, पारसी और बौद्ध हम सभी धर्मों और आस्था को सम्मान देते हैं। इसी तथ्य से हमारी ताकत और एकता बढ़ती है। यही एकमात्र रास्ता है जिसका हमें अनुसरण करना चाहिए, क्योंकि हमारी ताकत हमारी विविधता में निहित है।"

1985 की बात है। भारत के राजीव गांधी सूखा प्रभावित ओडिशा के कालाहांडी जिले में दौरे पर थे। उन्होंने कहा था कि सरकार जब भी एक रुपया खर्च करती है तो लोगों तक 15 पैसे ही पहुंच पाते हैं। यहां राजीव बीच के भ्रष्टाचार का जिक्र कर रहे थे। अपने उस भाषण में राजीव ने कहा था कि देश में बहुत भ्रष्टाचार है। राजीव कहते हैं कि भ्रष्टाचार ग्रासरूट लेवल पर है जिसे दिल्ली से बैठकर दूर नहीं किया जा सकता। उन्होंने भारत की साक्षरता दर में सुधार करने के लिए कई उत्कृष्ट प्रयास किए। उनके प्रधानमंत्रित्व काल में ही इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) और जवाहर नवोदय विद्यालयों की स्थापना हुई। भारत में शिक्षा को एक नई दिशा और नया बल प्रदान करने के उद्देश्य से 1986 की नई शिक्षा नीति उन्हीं के कार्यकाल में लाई गई। पर्यावरण, प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण में श्री गांधी की रुचि पर्यावरण के क्षेत्र में किए गए उनके कार्यों में दिखाई देती है।

धरती और जीवन के लिए आसन्न संकट को भांपते हुए उन्होंने संसद में पर्यावरण (संरक्षण) विधेयक, 1986 पेश किया। इस विधेयक को संसद के दोनों सदनों ने पारित किया और 23 मई 1986 को इसे राष्ट्रपति की मंजूरी भी मिल गई। इसके अलावा श्री गांधी ने 1952 की राष्ट्रीय वन नीति की समीक्षा भी कराई और 1988 की नई वन नीति तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। नई नीति ने वन संसाधनों के टिकाऊ उपयोग पर बल दिया।

भारत की सर्वप्रथम जल नीति भी राष्ट्रीय जल संसाधन परिषद द्वारा 1987 में तभी अपनाई गई जब राजीव गांधी इस परिषद के अध्यक्ष थे। मुझे आज भी भरोसा है कि राजीव गांधी की हत्या भले ही लिट्टे ने की हो, लेकिन उसके पीछे साजिश में वे देश थे, जो राजीव गांधी के विकास के दूरगामी कदमों से हिले हुए थे, वे लोग थे, जो हथियारों के दलाल थे और वे लोग भी थे, जो जान गए थे कि यदि प्रगति के मुद्दे पर चुनाव हुए तो राजीव को कभी भी हराना संभव नहीं होगा। राजीव गांधी की हत्या एक तेजी से बढ़ते देश की योजनाओं और सपनों की हत्या थी।

## सोशल फोरम

# हवा चली नहीं कि बिजली गुल

पिछली रात बिजली नहीं थी। अंधेरा हुआ नहीं कि तेज हवा चली और कुछ बूंदें भी गिरीं। हमेशा की तरह बिजली वालों ने लोड शेडिंग कर दी। पूरा गांव अंधकार में डूब गया। ये बिजली वाले भी कमाल के लोग हैं। पोल लगाए हैं। पोल को जितने अंदर तक जमीन में गाड़ना चाहिए उसकी एक चौथाई गहराई तक गाड़कर काम पूरा कर दिया।



डॉ सुधांशु के. मिश्रा
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

अब पोल तारों के सहारे खड़े हैं और तार पोलों के सहारे झूलते। यह पोलों और तारों की जुगलबंदी बिजली विभाग के लोगों के लिए वरदान है, आय का साधन है। हवा चली नहीं कि बिजली गुल। कुछ पोल गिरते भी हैं और कुछ बेशर्मों की तरह खड़े भी रह जाते हैं, लेकिन कागज पर गिरने से उन्हें कौन रोक सकता है? बिल बनाने में मालिकों को कौन रोक सकता है? आप कहेंगे, भले मानस, जब ऐसे में जीने के लिए मजबूर हो तो इन्वर्टर और स्टेबलाइजर क्यों नहीं लगवा लेते? तो भाई, लगे है इन्वर्टर और स्टैबिलाइजर भी, लेकिन दिन भर में दस बार लोड शेडिंग हो और वोल्टेज की अनवरत उठापटक हो तो बेचारे क्या कितना कर लेंगे। चुक जाते हैं, खराब होते रहते हैं। ठीक करने वाले मिस्त्री नहीं मिलते। वैज्ञानिकों ने मेहनत की, कुछ तो हमारे वेदों से पुरातन ज्ञान चुराने में और कुछ उनको नई पोशाक पहनाकर बाजार में लाने में। विदेशों में तो इसी बूते पर सब चल रहा है। खूब लूटा उन्होंने। जब टेक्नोलॉजी वहां घिस-पिट जाती है तो भारत में आती है। टेक्नोलॉजी का काम करवाने के लिए आदमी चाहिए। आदमी तो इंपोर्ट नहीं करोगे। मिस्त्री और इंजीनियर तो देशी ही होंगे, लेकिन वे जुगाड़ हैं और उससे भी ज्यादा बिगाड़ हैं। तभी तो रिपोर्ट आई कि अस्सी प्रतिशत इंजीनियर अनइंप्लवायेबल हैं।

सरकार ने, कॉलेजों ने, जनता ने, लीडरों ने, सबने हें-हें कर दिया। इस देश के अर्थशास्त्री भी तो अर्धशास्त्री ही हैं। गुड फॉर नथिंग। तो इन्वर्टर मिस्त्री के आने की प्रतीक्षा कर रहा है। गनीमत है कि तीस बरस ठंडे मुल्क में रहने के बाद भी शरीर न भूला कि पसीना निकालकर उसे खिड़की से आने वाली हवा के कतरों से सुखाकर कुछ आराम मिल सकता है। सो शरीर ने किया। कुछ राहत हुई।

-फेसबुक वॉल से

# तेजी से बदल रहा बद्रीनाथ

उत्तराखंड के गढ़वाल मंडल में चमोली जनपद के जोशीमठ से 44 किलोमीटर दूर 3133 मीटर की ऊंचाई पर पहुंचें, तो एक तरफ बर्फ से ढकी चोटियां चमकती दिखाई देती हैं तो दूसरी ओर घाटी में बहती अलकनंदा दहाड़ते स्वर में स्वागत करती है। यहीं पर है हिंदुओं का पवित्र धाम बद्रीनाथ, पर बद्रीनाथ पहले वाला बद्रीधाम नहीं रहा जहां शांति थी, देवदार और भोजपत्र थे। अब यह धर्म क्षेत्र के साथ-साथ पर्यटन केंद्र के रूप में ज्यादा प्रतिष्ठित हो गया है।

जोशीमठ से विष्णु प्रयाग के पास पुल पार कर दो विशालकाय पहाड़ियों के बीच से एक सर्पिला रास्ता बद्रीनाथ को जाता है। रास्ते भर अलकनंदा विपरीत दिशा में आपके साथ-साथ चलती है। भले ही नदी और आप विपरीत दिशा में जा रहे हों, पर हरे-भरे पहाड़ों से गिरे इस उनींदे रास्ते में बाल सुलभ क्रीड़ा कौतुक करती यह नदी जैसे अपने मोहपाश में बांध लेती है। पहले यह रास्ता वन-वे था, लेकिन अब सड़क काफी चौड़ी कर दी गई है। चौड़ी सड़क यानी ज्यादा गाड़ियों की भीड़।

बद्रीनाथ में भीड़तंत्र साफ नजर आता है। चारों ओर कंक्रीट का जंगल और बीच में मंदिर कहीं खोया सा गया लगता है। नगर में तब्दील हो गए बद्रीनाथ में अधिकतर लोग अब जैसे मौज मस्ती के लिए आते हैं। गंगाजल से आचमन करने की आदत बनी है तो करेंगे ही, पर साथ ही युवाओं की कोल्ड ड्रिंक को धीरे-धीरे गटकने के बाद खाली टीन को हवा में लहराकर नदी में फेंकने की शहरी आदत भी बन गई है। सन्नाटे को चीरता हुआ टीन गुम हो जाता है अलकनंदा नदी की अथाह गहराई में।



दीपक नौगांई
शिक्षक, नैनीताल

धर्म-कर्म के साथ अपने यहां आवश्यक रूप से गंदगी जुड़ ही जाती है। तप्तकुंड के गर्म पानी में अपने पाप धोने को लोग लालायित रहते हैं, जो लोग शहरों में रहते हुए गंगाजल को छूते तक नहीं है, वे तप्तकुंड में गंगा का नाम लेकर डुबकी लगाते हैं।

पहले लोगों का विश्वास था कि बद्रीनाथ जाए बिना मुक्ति नहीं मिल सकती। यही कारण था कि पुराने वक्त में बद्रीनाथ की यात्रा को अंतिम यात्रा मानकर लोग घर बार छोड़कर निकल पड़ते थे। दरअसल तब यात्रा मार्ग इतना दुर्गम था कि श्रद्धालु लौटने की उम्मीद कम ही रखते थे। आज के बद्रीनाथ की सुगमता को देखकर भले ही यह काल्पनिक लगे पर सच यही था। जाहिर है तब बद्रीनाथ जाना खुद को जोखिम में डालने से कम नहीं रहा होगा। बद्रीनाथ वह स्थान है, जहां नर नारायण पर्वत और नीलकंठ चोटी है और जहां से पांडव माणा गांव के रास्ते अपनी अंतिम यात्रा पर गए थे। यहां अलकनंदा नदी भी है, जो देवप्रयाग में भागीरथी से संगम कर गंगा नाम से बहती है। बद्रीनाथ में गंगा वह नहीं है, जो कानपुर या पटना में है। हालांकि यहां भी नदी में गंदगी जा रही है। कानपुर में नदी को देखकर लगता है कि डबरे में नहाकर कोई शूकर बीच सड़क पर खड़ा हो गया हो और पटना में गंगा महिषी की तरह बेपरवाह होकर पसर गई है। ऐसे में अपने उद्‌गम स्थल पर भी गंगा में बदलाव होना दिखना लाजमी है।

केदारनाथ धाम जाने के लिए जहां आपको पैदल यात्रा करनी पड़ती है, वहीं बद्रीनाथ तक आप सीधे वाहन से जा सकते हैं। पहले सड़क संकरी थी, वन-वे यातायात नियम लागू था और गेट सिस्टम के अनुसार वाहन छोड़े जाते थे। तब वाहनों की संख्या कम थी, लेकिन अब सड़क चौड़ी हो गई है तो वाहनों की संख्या भी बहुत बढ़ गई है। वाहनों के इस भारी संख्या से उपजा दबाव और उनका काला धुआं इस नाजुक हिमालय क्षेत्र के पर्यावरण संतुलन को कितना नुकसान पहुंचता होगा, यह आसानी से समझा जा सकता है। ज्यादा भीड़, ज्यादा दुकानें और ज्यादा होटल मतलब गंदगी भी ज्यादा। गंदगी ने बद्रीनाथ को भी अपना मित्र बना लिया है, जहां तप्त कुंड हैं वहां भी गंदगी दिखाई देती है।

धर्म-कर्म के साथ अपने यहां आवश्यक रूप से गंदगी जुड़ ही जाती है। तप्तकुंड के गर्म पानी में अपने पाप धोने को लोग लालायित रहते हैं, जो लोग शहरों में रहते हुए गंगाजल को छूते तक नहीं है, वे तप्तकुंड में गंगा का नाम लेकर डुबकी लगाते हैं। यही नहीं कुछ लोग साबुन से कपड़े धोते हुए भी दिखलाई देते हैं और यह गंदगी सीधे अलकनंदा में समाती है। कभी बद्रीनाथ में आध्यात्मिक शांति मिलती होगी। कोई समय रहा होगा जब यहां वन्य जीव विचरते थे या पेड़ों की पत्तियों पर ओषजन प्राण वायु के झोंके उछल कूद करते थे, पर अब यहां वाहनों के ईंधन के धुएं से निकलती जानलेवा कार्बन मोनोऑक्साइड और ध्वनि प्रदूषण ज्यादा है। लोगों की भीड़, दुकानदारों की आवाज और होटल धर्मशालाओं के जेनरेटरों की आवाज के साथ माहौल को मेले का रूप देने के लिए शोर का अटूट भंडार है। अब अलकनंदा के दोनों और खाली जमीन नहीं बची है। मुख्य मंदिर को चारों ओर से मकानों ने ढक सा दिया है।

ऋषि गंगा और अलकनंदा की धाराओं के संगम पर स्थित बद्रीनाथ को कभी बद्री वन के नाम से जाना जाता था। बद्री का शाब्दिक अर्थ 'बेर' होता है। कहते हैं कभी इस स्थान पर बेरो के जंगल हुआ करते थे, पर आज उनका अस्तित्व कहीं नजर नहीं आता। आज तो ऑक्टोपस की विशाल बाहों की तरह होटल, धर्मशालाएं और आश्रम चारों तरफ पसरे पड़े हैं। उनकी विकराल दाढ़ में पहले पेड़ समाते हैं, फिर चट्टानें और अब नंबर है अलकनंदा की धार का। बद्रीनाथ में आपको हर सुविधा के दीदार हो जाएंगे। यहां बाजार, बैंक, डाकघर, अस्पताल, होटल, रेस्टोरेंट, धर्मशालाएं सभी कुछ हैं। पूजा सामग्री, सीडी, मालाएं, चित्रों, पेय पदार्थ, आइसक्रीम आदि से सजी सैकड़ों दुकानें हैं। किसी चीज की कमी नजर नहीं आती। सीजन टाइम में सामग्री के रेट भी बढ़ जाते हैं। ऊनी कपड़ों, कालीनों की दुकानें भी आपको यहां मिल जाएंगी, लेकिन इन तमाम सुख सुविधाओं का नकारात्मक पक्ष यह है कि जिस सुकून की तलाश में आप बद्रीनाथ धाम आए हैं, वह शायद आपको न मिल पाए। रोजमर्रा का माया जंजाल यहां भी आपका पीछा नहीं छोड़ता।

## आपका पत्र

# रोकनी होगी अन्न की बर्बादी

वैसे तो भारतीय संस्कृति में अन्न को देवता का दर्जा प्राप्त है, लेकिन अन्न की बर्बादी के मामले में हम किसी से कम नहीं हैं। चाहे हमारे यहां शादियां हों या भंडारे सभी जगह भोजन की बर्बादी देखी जाती है। दुनिया में खासकर भारतीय लोगों में अपने अन्न के प्रति बर्बादी कहीं अधिक देखी जाती है, जहां एक ओर काफी बड़ी संख्या में लोग भुखमरी के शिकार हैं, उनको एक समय का भोजन भी नहीं मिलता है, वहीं दूसरी ओर तमाम कार्यक्रमों और घरों में भोजन की बर्बादी बहुत बड़ी मात्रा में की जाती है।



हमारा मानना है कि 'उतना ही ले थाली में, व्यर्थ न जाए नाली में'। भोजन की बर्बादी के विरुद्ध जन जागरूकता अभियान चलाया जाना चाहिए। इसमें मीडिया की भी सकारात्मक भूमिका महत्वपूर्ण साबित हो सकती है।

– डॉ. प्रमोद अग्रवाल गोल्डी, हल्द्वानी।

## त्रिवेणी एक्सप्रेस में अफीम के साथ पकड़ी गई महिला

**लखनऊ, अमृत विचार :** उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के चारबाग रेलवे स्टेशन पर सोमवार को नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो प्रवर्तन लखनऊ टीम को त्रिवेणी एक्सप्रेस से एक महिला नशा तस्कर को 5 किलो 300 ग्राम अफीम के साथ पकड़ने में बड़ी सफलता मिली। महिला तस्कर अफीम को लेकर सप्लाई करने बरेली जा रही थी। चारबाग रेलवे स्टेशन पर जीआरपी के सहयोग से नारकोटिक्स टीम ने गिरफ्तार कर लिया। महिला तस्कर का नाम संगीता देवी है जो कि रांची झारखंड की मूल रूप से रहने वाली है।

● अफीम की सप्लाई करने बरेली जा रही थी

### पीडियाट्रिक व न्यूरो साइंस की ओपीडी में पहुंच रहे पीड़ित बच्चे

# मोबाइल की लत से बच्चों को भी सर्वाइकल पेन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



● सर्वाइकल के साथ ऑटिज्म का खतरा भी बढ़ता जा रहा

**अमृत विचार :** अगर आप भी बच्चों को खाना खिलाने या रोने पर चुप कराने या मनोरंजन के लिए मोबाइल फोन देते हैं तो सावधान हो जाइये। मोबाइल के अधिक प्रयोग से उनका बचपना तो खो ही रहा है वे कई प्रकार की बीमारियों से भी ग्रस्त हो रहे हैं। मोबाइल की लत से बच्चे सर्वाइकल की समस्या से ग्रस्त हो रहे हैं। उनमे ऑटिज्म का खतरा भी बढ़ता जा रहा है।

मोबाइल की लत से कई युवाओं को झुककर चलने की आदत हो गई है। वहीं, बच्चों में याददाश्त कमजोर होने, ध्यान लगाने में कमी, नाम पुकारने के बाद भी कोई प्रतिक्रिया न देना और सर्वाइकल की समस्या होने लगी है। जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के बाल रोग विभाग और न्यूरो साइंस विभाग की ओपीडी में प्रतिदिन सर्वाइकल और आटिज्म से पीड़ित छह से सात बच्चे पहुंच रहे हैं। डॉक्टरों के मुताबिक इसका मुख्य कारण कई घंटों तक मोबाइल का इस्तेमाल करना है। साथ ही प्रोटीन, विटामिन और कैल्शियम युक्त भोजन की कमी इसका कारण है। न्यूरो विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. मनीष सिंह ने बताया कि मोबाइल की लत से बच्चों में कई प्रकार की बीमारियां देखी जा रही हैं, जिसमे सर्वाइकल की समस्या भी शामिल है। यह बीमारी अभी तक 50 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों में देखी जाती थी, लेकिन बचपन में ही यह समस्या होना चिंता की बात है।

**90 फीसदी अभिभावकों को नहीं पता चलती बीमारी**

विभागाध्यक्ष प्रो. मनीष सिंह ने बताया कि ओपीडी में प्रतिदिन छह से सात अभिभावक बच्चे को लेकर सलाह लेने भी आते हैं। इसमे गंभीर बात यह है कि मोबाइल की लत से होने वाली बीमारियों की जानकारी सिर्फ 10 प्रतिशत अभिभावकों को होती है। 90 फीसदी अभिभावकों को बच्चों में होने वाली इन बीमारियों का आभास तक नहीं हो पाता है, जिसके बाद बच्चों में समस्या बढ़ती जाती है। प्रो. मनीष सिंह ने बताया कि मोबाइल का अधिक इस्तेमाल और एक ही पोजीशन में कई घंटे तक बैठकर मोबाइल चलाने या देखने से रीढ़ की हड्डी यानी स्पाइन पर भी काफी असर पड़ता है।

## श्री कृष्ण जन्मभूमि-ईदगाह मामले की सुनवाई जारी

विधि संवाददाता, प्रयागराज

इलाहाबाद हाईकोर्ट में मथुरा श्रीकृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह मस्जिद विवाद मामले में सोमवार 20 मई को लगभग 2 घंटे तक चली सुनवाई के दौरान हिंदू पक्ष ने अपने तर्क दिए। सोमवार को विशेष रूप से वाद संख्या 5 पर बहस हुई। इसके बाद कोर्ट ने सुनवाई को 21 मई यानी मंगलवार को भी जारी रखने का आदेश दिया। मंगलवार को उक्त वाद पर शाही ईदगाह कमेटी और वक्फ बोर्ड के अधिवक्ता बहस करेंगे। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति मयंक कुमार जैन की एकलपीठ के समक्ष हो रही है। हिंदू पक्ष की ओर से सिविल वाद को व्याख्यायित किया जा रहा है।

## सार-संक्षेप

### ट्रेन से कट कर महिला समेत दो की मौत

**बहराइच, अमृत विचार :** जिले के कोतवाली देहात और पयागपुर क्षेत्र में ट्रेन से कटकर अधेड़ और महिला की मौत हो गई। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाली देहात क्षेत्र में अधेड़ ने ट्रेन के आगे कूदकर जान दी है। दरगाह थाना क्षेत्र के डिगिहा मोहल्ला निवासी अनिल कुमार प्रजापति (50) पुत्र प्रभु दयाल सोमवार दोपहर में कोतवाली देहात के गोंडा बाईपास मार्ग स्थित रेलवे क्रॉसिंग के पास पहुंच गया। यहां पर पुलिस लाइन के रेलवे क्रॉसिंग संख्या 39 के पास अनिल कुमार पहुंचा। उसने गोरखपुर से बहराइच जा रही ट्रेन के सामने कूद कर जान दे दी। हादसे के चलते आवागमन बाधित हो गया। कोतवाली देहात पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने युवक की पहचान करवाने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उधर पयागपुर थाना क्षेत्र के इमलिया गंज निवासी यशोदा देवी (75) पत्नी खेलावन रविवार देर शाम को खेत के लिए जा रहे थी। तभी गोंडा से अरी डेमू ट्रेन की चपेट में आकर उसकी मौत हो गई।

### अफजाल अंसारी की अपील पर आज भी होगी सुनवाई

**विधि संवाददाता, प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट में अफजाल अंसारी की अपील पर सोमवार को हुई सुनवाई के दौरान उनके अधिवक्ता के अनुरोध पर कोर्ट ने मामले को मंगलवार के लिए सूचीबद्ध कर दिया। बता दें कि अंसारी के अधिवक्ता ने कोर्ट से अनुरोध किया कि मुकदमे को मंगलवार के लिए टाल दिया जाए। अत: उनके अनुरोध को कोर्ट ने स्वीकार कर लिया। इस प्रकार गाजीपुर की एमपी/एमएलए कोर्ट द्वारा दी गई 4 साल की सजा के खिलाफ दाखिल अफजाल की अपील पर कोर्ट में मंगलवार को भी सुनवाई जारी रहेगी। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की एकलपीठ के समक्ष हुई।

### घर में सामान हटाते वक्त तमंचा दगा, महिला की मौत

**कानपुर, अमृत विचार :** सीसामऊ थानाक्षेत्र में सोमवार सुबह चंद्रनगर स्थित बद्री का हाता में संदिग्ध परिस्थितियों में घर में तमंचे से गोली चलने से महिला की मौत हो गई। परिजन उसे लेकर हैलट पहुंचे थे, जहां उसके सरिया लगने की बात कही थी। डॉक्टरों ने देखा तो गोली लगने की आशंका हुई जिस पर पुलिस को सूचना दे दी गई। पुलिस ने मृतका के भाई और पिता को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। पुलिस का कहना है कि आशंका है कि टाल के ऊपर लोड तमंचा रखा था जिसे महिला ने पकड़ा तो फायर हो गया और महिला को गोली लग गई। जवाहर नगर निवासी प्राइवेट कर्मी संजय यादव, पत्नी मनीषा (32), बेटे आकृतिक और बेटी ऋतिका के साथ रहता है। मकान जर्जर हो जाने के कारण वह जवाहर नगर स्थित ससुराल में परिवार के साथ शिफ्ट हो रहा था। दो दिन से जवाहर नगर से सामान लाकर मनीषा के मायके चंद्रनगर में रखा जा रहा था। सोमवार सुबह करीब दस बजे छोटी बहन काजल कमरे की टाल में रखी चीजें हटाकर नीचे खड़ी मनीषा को पकड़ा रही थी। इस दौरान काजल ने एक बैग मनीषा को पकड़ाया। मनीषा ने जैसे ही बैग पकड़ा तभी फायर हो गया और गोली मनीषा के पेट के नीचे जा घुसी।

### मां ने बेटी का गला रेतकर उतारा मौत के घाट

**उतरौला/बलरामपुर अमृत विचार :** स्थानीय नगर के गांधीनगर मोहल्ला निवासी मानसिक मंदित मां ने पंद्रह माह की बेटी का गला रेतकर हत्या कर दी। बाद में खुद का गला रेत लिया। डाक्टरों मां की हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। पति राहिल ने बताया कि उसका घर अल्माइटी स्कूल के बगल है। परिवार में पत्नी नादिया खातून 32 छह वर्षीय पुत्र मोहम्मद शहरान पांच वर्षीय पुत्री हाजिरा शहरीन व पंद्रह माह की बेटी किसबा के साथ रहता है। वह रोज की भांति सुबह मजदूरी करने निकल गया था। दोपहर लगभग तीन बजे पड़ोसियों ने सूचना मिली की उसके घर घटना हो गई है। मौके पर पहुंचा तो देखा कि पत्नी गंभीर अवस्था में पड़ी है। बताया कि पत्नी मानसिक मंदित है। जिसका मनोचिकित्सक से इलाज चल रहा है। पड़ोसियों ने बताया कि दिन में तीन बजे राहिल का पुत्र मोहम्मद शहरान घर से बदहवास चिल्लाता हुआ निकला। कारण पूछने पर बताया कि मां ने मुझे मारने पीटने के बाद छोटी बहन का गला रेत दिया है बाद मे खुद का गला काट लिया है।

# नाबालिग पुत्री से सामूहिक दुष्कर्म मामले में पिता सहित 5 को उम्रकैद

## एक-एक लाख रुपये अर्थ दंड वसूले जाने का भी आदेश

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

● कोर्ट ने गर्भपात कराने में दादी को 8 साल की सजा सुनाई

**अमृत विचार :** बेटी के साथ सामूहिक दुष्कर्म व उसका गर्भपात कराने के मामले में न्यायालय नें आरोपी पिता सहित पांच को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय विशेष पॉक्सो एक्ट ने एक-एक लाख रुपये अर्थदंड वसूले जाने के आदेश दिये हैं। गर्भपात कराने के मामले में दादी को भी आठ साल की सजा सुनाई गई है।

फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी महिला ने अपनी नाबालिग पुत्री से सामूहिक दुष्कर्म के मामले में 12 जनवरी 2020 को पीड़िता के ही पिता चर्चित लेखपाल समेत उसके दोस्तों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। पीड़िता ने आरोपी पिता के दोस्तों के नाम भी उजागर कर दिये थे। पीड़िता की दादी पर भी आरोप था कि उन्होंने गर्भपात में सहयोग किया। मामले में विशेष न्यायाधीश पॉस्को एक्ट राकेश कुमार ने पांच आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।

पीड़िता की मां ने दर्ज करायी गयी एफआईआर में बताया था कि मेरी बेटी जो कि 16 वर्ष की है उसके साथ काफी समय से मेरे पति दुराचार कर रहे थे। जब इस बात का पता चला तो मैंने पुत्री को वनस्थली विद्यापीठ जयपुर पढ़ने के लिए भेज दिया। उसने वहां भी पहुंच कर बेटी को जबरदस्ती वहां से ले जाकर दुराचार किया। अपने दोस्तों को भी साथ ले जाकर उसके साथ दुराचार कराता था। जब वह उसे बाहर ले जाने का विरोध करती थी तब वो मुझे व बेटी को बहुत मारता था। बेटी ने मुझे बताया कि पापा ने मेरे साथ गलत काम किया तथा वो मुझे कुछ गोलियां भी खिलाते थे। दुधवा नेशनल पार्क तथा लखनऊ के होटलों में अपने दोस्तों के साथ कई बार दुष्कर्म किया। इस वजह से वो गर्भवती भी हो गयी। तब उसको आवास विकास के किसी डॉक्टर के पास ले जाकर उसका गर्भपात कराया। ये बताकर की वो उसका चाचा है। इसके बाद जब मेरी बेटी वनस्थली जयपुर में थी। उसकी साथ की सहेलियों के साथ भी गन्दी-गन्दी बातें कर उनके साथ भी संबंध बनाने की योजना बनाई। इसकी ऑडियो रिकार्डिंग भी मेरे पास है। बेटी ने बताया कि उसकी दादी ने भी कई बार पिता के साथ यह कहकर जबरन भेजा कि पिता का मूड ठीक हो जाएगा। कोतवाली फतेहगढ़ पुलिस ने पीड़िता की मां की शिकायत पर आरोपी पिता के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी। मुकदमे में पक्ष व विपक्ष को सुनने के बाद न्यायालय विशेष पॉक्सो एक्ट राकेश कुमार सिंह ने पांचों आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय ने एक- एक लाख रुपये अर्थदंड वसूले जाने का भी आदेश दिया है। न्यायलय ने गर्भपात कराने के मामले में दादी को 8 साल की सजा सुनाई है। साथ ही 50 हजार अर्थदंड वसूले जाने का आदेश दिया है। सभी को जेल भेज दिया गया है।

## सड़क हादसे में मां-बेटे और मौसी की जान गई

**सरसौल (कानपुर), अमृत विचार :** महाराजपुर थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह कानपुर से फतेहपुर की ओर जा रही एक कार सड़क किनारे खड़े ट्रक में घुस गई।

कर्नलगंज थानाक्षेत्र के ईदगाह कालोनी निवासी मोहम्मद कादरी तौहीद (50) दिल्ली में आईटीआई कर रहे बेटे अदनान उर्फ अब्दुल रहमान (19) और पत्नी नूर फातिमा (33) के साथ दिल्ली में रहते थे। वह ट्रैवेल्स का काम करते थे। रविवार को मोहम्मद कादरी तौहीद के साले मुज्जसिर का परेड स्थित राजा गैलेक्सी से वलीमा था। दिल्ली से कार से कादरी तौहीद, बेटा अदनान, पत्नी नूर फातिमा व मुंबई निवासी साली रीना और उसकी बेटी अमायरा (5) शामिल होने आए थे। सोमवार सुबह पांचों अर्टिगा कार से ददिहाल जिला फतेहपुर के गांव खैरई जा रहे थे। महाराजपुर थाना क्षेत्र की पुरमावीर चौकी क्षेत्र में स्थित विराट ढाबा के पास उनकी तेज रफ्तार कार खड़े ट्रक में पीछे से घुस गई। हादसे में कार चला रहे अदनान, मां नूर फातिमा और मौसी रीना की मौके पर ही मौत हो गई। कादरी तौहीद और अमायरा गंभीर रूप से घायल हो गए।

# पांचवें चरण में 250 मतदान केंद्रों पर खराब हुई ईवीएम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतदान के दौरान ईवीएम में खराबी, फर्जी मतदान समेत कई शिकायतें प्राप्त हुईं जिन्हें समय पर निस्तारण कराया गया। ईवीएम खराबी की 250 शिकायतें पाई गईं, जिनका समय पर निस्तारण कराया गया। चुनाव में सभी 28,688 मतदेय स्थलों (पोलिंग बूथों) के लिए मतदान के लिए आवश्यक ईवीएम व वीवीपैट और अलग-अलग जिलों में पर्याप्त मात्रा में रिजर्व ईवीएम व वीवीपैट की व्यवस्था की गई थी।

निर्वाचन क्षेत्रों के मॉक पोल के दौरान कुल 167 बैलेट यूनिट, 268 कंट्रोल यूनिट व 349 वीवीपैट बदले गये। मतदान शुरू होने के बाद शाम बजे तक कुल 67 बैलेट यूनिट, 67 कंट्रोल यूनिट व 238 वीवीपैट बदले गये। विधानसभा उप निर्वाचन क्षेत्र लखनऊ पूर्व में मॉक पोल के दौरान बैलेट यूनिट, दो कंट्रोल यूनिट व 11 वीवीपैट बदले गये। पर्याप्त मात्रा में अर्द्ध सैनिक बलों की तैनाती की गई थी। ईवीएम के स्ट्रांग रूम की सुरक्षा की जिम्मेदारी भी अर्द्ध सैनिक बलों को दी गई है।

### 14,984 मतदेय स्थलों पर कराई गई वेबकास्टिंग

**लखनऊ, अमृत विचार :** पांचवें चरण में निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए 14,984 मतदेय स्थलों पर्र वेबकास्टिंग कराई गई। इसका पर्यवेक्षण जिला निर्वाचन अधिकारी, मुख्य निर्वाचन अधिकारी व भारत निर्वाचन आयोग तीनों स्तर पर किया गया। इसके अलावा 4,199 मतदेय स्थलों पर वीडियोग्राफी की भी व्यवस्था की गई। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि इस चरण के पोस्टल बैलेट मतदान के लिए अर्ह श्रेणियां (85 वर्ष की आयु से अधिक के मतदाता, दिव्यांग, अनिवार्य सेवायें तथा मतदान कार्मिक) में 21,907 मतदाताओं के जरिये पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान किया गया। इसके अलावा कुल 32,250 सेवा मतदाताओं को भी इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से (ईटीपीबीएस) पोस्टल बैलेट का प्रेषण किया गया। 29,005 कार्मिकों को ईडीसी जारी किया गया है।

## ट्रक और ट्राला की टक्कर में परिचालक जिंदा जला

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



हाईवे पर जलता ट्रक।

**अमृत विचार :** चकेरी थानाक्षेत्र में सोमवार सुबह चकेरी मोड़ फ्लाईओवर पर एक ट्रक अनियंत्रित होकर डिवाइडर तोड़ते हुए दूसरी लेन में चला गया और सामने से आ रहे ट्राले से टकरा गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रक और ट्राला में आग लग गई। ट्रक का चालक और परिचालक कूदकर भाग निकले लेकिन ट्राला का परिचालक केबिन में फंसकर जिंदा जल गया। ट्राला का चालक भी झुलस गया। उसे उर्सला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दमकल ने वाहनों की आग बुझाई। हाईवे पर घंटेभर तक जाम लगा रहा।

सोमवार तड़के एक ट्रक दलिया लादकर फतेहपुर से रामादेवी की तरफ आ रहा था। चकेरी मोड़ फ्लाईओवर पर तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित हो गया और डिवाइडर तोड़कर दूसरी लेन पर राजस्थान से टाइल्स लादकर वाराणसी जा रहे ट्राले से टकरा गया। ट्रक का चालक और परिचालक कूदकर भाग निकले। ट्राला का परिचालक शाहपुर राजस्थान भीलवाड़ा निवासी 18 वर्षीय मोनू प्रजापति फंसकर जिंदा जल गया। ट्राला चालक 20 वर्षीय सांवरिया प्रजापति बुरी तरह से झुलस गया। मौके पर पहुंची दमकल की गाड़ियों ने आग को बुझाया और चालक को उर्सला अस्पताल भिजवाया। परिचालक के शव का मंगलवार को पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

## पुलिस अभिरक्षा में बिगड़ी सपा नेता की तबियत

**सीतापुर, अमृत विचार :** मोहनलालगंज लोकसभा सीट के अंतर्गत ब्लॉक कसमंडा क्षेत्र के समदापुर गांव के लोगों ने गांव व उसके नजदीक मतदान केन्द्र न बनाए जाने का विरोध करते हुए रविवार को मतदान बहिष्कार का निर्णय लिया था। जिन्हे समझाने के लिए प्रशासन व पुलिस के अधिकारी गए थे। मतदान के दौरान सोमवार को कुछ सपा नेता मांगों को लेकर मतदान बहिष्कार की योजना बना रहे थे जिसके बाद कमलापुर पुलिस सपा नेता शीतला प्रसाद को अपने साथ हिरासत में लेकर थाने ले आई थी। बताया जाता है कि सोमवार दोपहर सपा कार्यकर्ता शीतला प्रसाद की पुलिस हिरासत में तबीयत बिगड़ गई। जिन्हे आनन फानन में सिधौली के एक निजी अस्तपाल में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने उन्हे मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

## छह फार्मासिस्टों की आकस्मिक मौतों से फेडरेशन चिंतित, जांच की मांग

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

● पांच फार्मासिस्टों की ड्यूटी के दौरान हार्ट अटैक से मौत बनी चिंता का विषय

**अमृत विचार :** सोमवार को गाजीपुर व बुलंदशहर में एक-एक फार्मासिस्ट की हार्ट अटैक से मौत हो गई है। इसी प्रकार बीते पांच दिनों में स्वास्थ्य विभाग में सेवारत छह फार्मासिस्टों की ड्यूटी के दौरान मौत हो चुकी है। आकस्मिक मौतों पर फार्मासिस्ट फेडरेशन उप्र. ने मौत के कारणों की जांच की मांग की है।

बुलंदशहर मालागढ़ के जिला अस्पताल में कार्यरत फार्मासिस्ट सूरज और गाजीपुर में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बाराचवर में तैनात फार्मेसिस्ट 40 वर्षीय वकार शाहिद की दोपहर एक बजे हार्ट अटैक् से मृत्यु हो गई है। इसके पहले 15 मई को प्रयागराज में सीएचसी हंडिया में तैनात फार्मासिस्ट प्रमोद यादव कार की अस्पताल के रास्ते में ही हृदयाघात से कार में मृत हो गई थी। उसी दिन कौशांबी मंझनपुर में कार्यरत फार्मेसिस्ट सदाशिव सिंह की भी अस्पताल में हार्ट अटैक से मृत्यु हो चुकी है। इसके बाद 17 मई को सिद्धार्थनगर स्थित माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कॉलेज में कार्यरत फार्मासिस्ट बी नारायण की भी सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई। अगले दिन 18 मई को प्रयागराज में ही रामनगर सीएचसी में तैनात फार्मेसिस्ट जय सिंह की अस्पताल में ही हार्ट अटैक पड़ने से मृत्यु हो गई।

> छह फार्मासिस्टों के निधन में केवल एक की मार्ग दुर्घटना से मृत्यु हुई जबकि अन्य सभी की मृत्यु का कारण अज्ञात है। सभी की उम्र 40 से 52 के मध्य में है। इस प्रकार की आकस्मिक मौतों के कारणों की वजह जानने के लिए शोध होने चाहिए। जारी शोधों को गति प्रदान करने के लिए केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा बढ़ावा मिलना चाहिये। – सुनील यादव, अध्यक्ष फार्मासिस्ट फेडरेशन उप्र.


## वर्ग पहेली-76

**बाएं से दाएं**

3. 1. सुरमा, काजल 2. रसांजन।
4. 1. जिसकी आवश्यकता हो 2. जिसकी तलाश हो।
5. 1. नया उपजता हुआ पौधा, एक स्थान से दूसरे स्थान पर रोपने लायक छोटा पौधा
6. 1. रक्त का संचरण करने वाली मोटी नाड़ी 2. महास्नायु 3. मांस तंतुओं के गुच्छे जो मांसपेशियों को हड्डी से जोड़ते हैं।
9. 1. धागे से कपड़ा बनाना 2. सिलाई आदि के द्वारा कपड़े का रूप देना

**ऊपर से नीचे**

1. 1. जानकार होने की अवस्था, गुण या भाव, भिज्ञता 2. ज्ञान, बोध, समझ 3. सूचना।
2. उल्लू।
3. 1. बेकार, निरर्थक, सारहीन, ऊटपटांग, भद्दा 2. अप्रासंगिक 3. बेतहाशा।
6. 1. कंगाल होने का भाव, दरिद्रता 2. गरीबी, निर्धनता, मुफ़लिसी।
7. सुंदर लगना, सुशोभित होना, अच्छा-भला मालूम होना, उचित लगना।
8. 1. चावल को भूनकर बनाया गया कुरकुरा खाद्य 2. अरवा, मुरमुरा, फरवी।



**वर्ग पहेली -75 का हल**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 पा | स | ■ | 2 कु | ■ | ■ | ■ |
| ■ | ■ | 3 प | ल | टा | ना | ■ |
| 4 चा | ■ | ■ | बु | ■ | ■ | 5 नि |
| 6 क | ल | क | ला | ना | ■ | रु |
| चौ | ■ | ■ | ह | ■ | ■ | पा |
| बं | ■ | 7 झों | ट | ■ | ■ | धि |
| द | ■ | की | ■ | 8 गां | धि | क |

## सुडोकू -155

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 | | | 3 | 4 | |
| 4 | 5 | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | 4 | 5 | | | | | 7 | 8 |
| 9 | | | | | | | | 5 |
| | 1 | 7 | | | | | 9 | 6 |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | 6 | 9 |
| | 6 | 2 | 3 | | | | | |

**सुडोकू -154 का हल**


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 1 | 7 | 4 | 6 | 5 | 2 | 9 | 3 |
| 4 | 2 | 5 | 1 | 9 | 3 | 6 | 7 | 8 |
| 6 | 3 | 9 | 2 | 7 | 8 | 1 | 5 | 4 |
| 5 | 9 | 6 | 3 | 2 | 1 | 8 | 4 | 7 |
| 3 | 7 | 4 | 6 | 8 | 9 | 5 | 1 | 2 |
| 1 | 8 | 2 | 7 | 5 | 4 | 3 | 6 | 9 |
| 2 | 5 | 8 | 9 | 4 | 6 | 7 | 3 | 1 |
| 9 | 6 | 1 | 8 | 3 | 7 | 4 | 2 | 5 |
| 7 | 4 | 3 | 5 | 1 | 2 | 9 | 8 | 6 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 21 मई मंगलवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-वैशाख, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-त्रयोदशी 17 .39 तक तत्पश्चात चतुर्दशी।

### आज का पंचांग



दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-चित्रा 05 .46 तक तत्पश्चात स्वाती।

**मेष** – आज आपको अधीर होने से बचना चाहिए। समाज में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी। आपका मन कुछ विचलित सा हो सकता है। यदि नौकरी कर रहे हैं तो व्यापार की इच्छा होगी। आपके सामने व्यवसाय को लेकर अच्छे अवसर मिल सकते हैं।

**वृष** – आज पुराने ऋणों को चुकाने के लिए दिन बहुत अच्छा है, किंतु आप किसी भी तरह के लोन आदि लेने वाली गतिविधि से स्वयं को दूर रखें। व्यवसाय में आय बढ़ने के योग बन रहे हैं। किसी मित्र को लेकर कुछ परेशान हो सकते हैं।

**मिथुन** – आज नया कार्य शुरू करने में परेशानी का अनुभव कर सकते हैं। आपको लोग आश्वासन देंगे, लेकिन आपकी मदद से पीछे हटेंगे। आप काफी सक्रिय रहेंगे। आपके दिमाग में व्यवसाय को लेकर नए-नए विचार आएंगे।

**कर्क** – आज पारिवारिक जीवन को समय अवश्य दें। अधिकारियों के बीच अपनी छवि का ध्यान रखें। ऐसा कोई कार्य न करें जिसके परिणाम भविष्य में खराब होंगे जिनके प्रति आप श्रद्धा भाव रखते हैं, वे आपको गलत सलाह दे सकते हैं।

**सिंह** – आज आप कई तरह के उत्सवों में सम्मिलित हो सकते हैं। शोध कार्यों से जुड़े लोगों को बड़ी सफलता मिल सकती है। आपको ऐसे कार्यों से बचना चाहिए जिसके बारे में आपके पास कम जानकारी है। आप लोगों के बीच काफी सक्रिय रहेंगे।

**कन्या** – आज का दिन सामान्य फलदायक रहेगा। धन की कमी से कुछ काम रुक सकते हैं, जो लोग किराए पर रहते हैं, वे अपने लिए घर खरीदने की योजना बना सकते हैं। अधिकारियों के व्यवहार को लेकर सावधान रहें।

**तुला** – आज नई जॉब के आवेदन के लिए समय उत्तम है। व्यवसाय में आप बदलाव करने को लेकर काफी उत्सुक रहेंगे। सहकर्मियों के ऊपर आपका प्रभाव काफी ज्यादा बढ़ सकता है। आप लोगों की मदद काफी सोच-समझकर ही करें।

**वृश्चिक** – आज कमीशन संबंधी कार्यों में नुकसान हो सकता है। मन पुरानी बातों को लेकर अशांत रहेगा। यदि किसी स्वास्थ्य समस्या से ग्रसित हैं तो आपको कुछ सावधान रहना चाहिए। चिकित्सीय कार्यों में धन खर्च होगा।

**धनु** – आज हृदय रोगियों को स्वास्थ्य लाभ हो सकता है। किसी सामाजिक सभा में आप सम्मिलित हो सकते हैं। अटका हुआ धन मिलने के योग बन रहे हैं। विवाह संबंधी चर्चाओं के लिए दिन शुभ है। संपत्ति को लेकर विवादों को आप अपने पक्ष में कर लेंगे।

**मकर** – आज सहकर्मी आपसे बहुत प्रसन्न रहेंगे। राजनेताओं के लिए दिन शुभ है। प्रेमीजन को विवाह का प्रस्ताव दे सकते हैं। आपके वर्चस्व में वृद्धि होगी। आप अपनी गलतियों का मूल्यांकन करें। इससे आप काफी सारी समस्याओं को सुलझा सकेंगे।

**कुंभ** – आज बड़ी आर्थिक गतिविधियों के लिए दिन शुभ नहीं है। कानूनी मामलों को लेकर सावधानी रखें। आपको अपने दस्तावेजों को काफी संभाल कर रखना चाहिए। कुछ लोग आपके काम में बाधा डालने का प्रयास करेंगे।

**मीन** – आज आपको ऐसे अवसर मिलेंगे जहां आपको दो में से किसी एक को चुनना होगा। नया कारोबार शुरू करने से पहले अपने शुभचिंतकों से विमर्श कर लें। आपको काफी शांत रहना चाहिए। तभी आप परिस्थितियों के अनुसार निर्णय ले पाएंगे।

## आज की फिल्में

**B4U Movies** – शिव शक्ति सुबह : 11.02; जुआरी शाम : 04.25
**&pictures** – मास सुबह : 08.13; हॉलीडे दोपहर : 02.01
**Sony Pix** – वंडर वुमन सुबह : 11.11; द इंट्रूडर रात : 09.00
**Zee Cinema** – सागर सुबह : 09.50; हमारी अधुरी कहानी रात : 07.50
**Colors Cineplex** – पहेली सुबह : 11.33; देवदास शाम : 05.58

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर दोपहर : 02.01 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

प्रपोजल के रिजेक्शन पर पप्पू का मजेदार जवाब।
पप्पू (लड़की को प्रपोज करते हुए)- मुझसे प्यार करोगी
लड़की- शक्ल देखी है अपनी, तुझसे प्यार करने से तो बेहतर है मैं सुसाइड कर लूं।
पप्पू- कमबख्त मर जाएगी पर किसी के काम नहीं आएगी।
पप्पू का जवाब सुनकर लड़की सन्न रह गई।

मरीज- डॉक्टर साहब मुझे बीमारी है खाने के बाद भूख नहीं लगती, सोने के बाद नींद नहीं आती। काम करूं तो थक जाता हूं।
डॉक्टर- सारी रात धुप में बैठो ठीक हो जाओगे।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**–शिवालिक 980 फ्लैग 1095 डीएमओ 865 बोल्ड 1155, **सम्भल–चन्दौसी**–शिवालिक 995 फ्लैग 1105 बोल्ड 1150 डीएमओ 930।

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन**–तुलसी 1975, राज श्री 1360, फॉर्चून कि. 1730, रविन्द्रा 1880, फॉर्चुन सांड1590, जय जवान 1465, सचिन 1540, सूरज 1490, अवसर 1630, राग गोल्ड 1620, गृहणी 1520, क्लासिक (किलो) 1670, मोर 1610, चक्र टिन 1790, ब्लू 1640, आशीर्वाद मस्टर्ड 1795, स्वास्तिक 1945, किराना (प्रति कु.)–हल्दी निजामाबाद 19000, जीरा 38500, लाल मिर्च 20000–23500, धनिया 9000–11000, अजवायान 16000–24000, मेथी 7400, सौंफ 9000–13000, सोंठ 41000, (प्रति कि) लौंग 920–1000, बादाम 580–680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140–180, मखाना 650–950, चावल (प्रति कु.)डबल चाबी सेला 10200, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4300, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7350, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4350, खजाना 4350, **दाल दलहन**–मूंग दाल इंदौर 11500, मूंग धोवा काला क्राउन 11000, राजमा चित्रा 13200–14100, राजमा भूटान नया 11500, मलका काली 6750–7100 मलका दाल 7425–7700, मलका छाँटी 7450, दाल उड़द बिलासपुर 10300–11200, मसूर दाल छोटी 9000–9600, दाल उड़द दिल्ली 12200, उड़द साबुत दिल्ली 11900, उड़द धोवा इंदौर 13800, उड़द धोवा 11900–12900, दाल चना 7850, लाल हिंदुस्तान 7900, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 8600, चना अकोला 8200, डबरा 9000–11500, सच्चा हीरा 10300, मोटा हीरा 11700, अरहर गोला मोटा 15000, अरहर पटका मोटा 15500, अरहर कोरा मोटा 15800, अरहर पटका छोटा 15600–15900, अरहर कोरी छोटी 17100, **चीनी**–डालमियां 4180, पीलीभीत 4140, नवाबगंज 4130, बहेड़ी (नई) 4140 रुपये।

# मार्च में रियल्टी धारणा सूचकांक में आया सुधार

## नाइट फ्रैंक और नारेडको के अनुसार 6 माह के लिए है सकारात्मक परिदृश्य

नई दिल्ली, एजेंसी



जमीन-जायदाद के कारोबार से जुड़ी कंपनियां और वित्तीय संस्थान भारतीय रियल एस्टेट क्षेत्र में वृद्धि को लेकर उत्साहित हैं। जनवरी-मार्च तिमाही में धारणा सूचकांक बेहतर होने के साथ अगले छह महीनों को लेकर खासी उम्मीदें लगी हुई हैं। एक रिपोर्ट में यह आकलन पेश किया गया है।

रियल एस्टेट परामर्शदाता नाइट फ्रैंक और उद्योग निकाय नारेडको की सोमवार को जारी एक संयुक्त रिपोर्ट के मुताबिक, उच्च आर्थिक वृद्धि और मजबूत संपत्ति की मांग उनकी धारणाओं में सुधार के प्रमुख कारक हैं। रियल एस्टेट धारणा सूचकांक (जनवरी-मार्च) रिपोर्ट आपूर्ति पक्ष के हितधारकों के बीच कराए गए एक सर्वेक्षण पर आधारित है। यह दर्शाती है कि उद्योग के आपूर्ति पक्ष के बीच बाजार के भरोसे में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। मौजूदा धारणा सूचकांक अक्टूबर-दिसंबर, 2023 की तिमाही में 69 था लेकिन मार्च तिमाही में यह सुधरकर 72 हो गया। भविष्य की धारणा का सूचकांक भी बीती तिमाही में बढ़कर 73 हो गया जबकि दिसंबर तिमाही में यह 70 था। सलाहकार फर्म ने कहा-यह सकारात्मक वृद्धि पथ भारतीय अर्थव्यवस्था के संबंध में हितधारकों के निरंतर आशावाद और रियल एस्टेट बाजार में स्थायी मांग को दर्शाता है। रिपोर्ट के मुताबिक, आवासीय बाजार का दृष्टिकोण विशेष रूप से आशाजनक है।

### रियल एस्टेट मामलों के प्रभावी दिवाला समाधान के लिए कानूनी सुधार जरूरी

दिवाला कानून के तहत रियल एस्टेट मामलों के समाधान में अधिक दक्षता सुनिश्चित करने के लिए कानूनी और प्रशासनिक सुधारों की जरूरत है। एक अध्ययन रिपोर्ट में यह सुझाव दिया गया है। इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ इन्सॉल्वेंसी प्रोफेशनल्स ऑफ आईसीएआई (आईआईआईपीआई) ने इस रिपोर्ट में कहा है कि परियोजनाओं को पूरा करने और घर खरीदारों को आवंटन पर हरसंभव ध्यान दिया जाना चाहिए। इसके साथ ही प्रक्रियात्मक और समन्वय संबंधी मुद्दों को अनुमति नहीं देने का सुझाव भी दिया है। ऋणशोधन अक्षमता एवं दिवाला संहिता (आईबीसी) कर्ज में फंसी संपत्तियों के समयबद्ध समाधान का प्रावधान करती है। रियल एस्टेट मामलों के समाधानों में सुधार और नियामक रेरा के साथ समन्वय' पर गठित अध्ययन समूह ने आईबीसी और रियल एस्टेट विनियमन एवं विकास अधिनियम (रेरा) के तहत कानूनी और साथ ही व्यावहारिक पहलुओं में कुछ महत्वपूर्ण कमियों को चिह्नित किया है। संस्थान ने एक बयान में कहा कि आईबीसी के तहत रियल एस्टेट मामलों को सुलझाने में अधिक प्रभावकारिता के लिए कानूनी और प्रशासनिक सुधारों की जरूरत है।

## रिलायंस कमर्शियल फाइनेंस मामले में 2.5 करोड़ रुपये का जुर्माना

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय वित्तीय रिपोर्टिंग प्राधिकरण (एनएफआरए) ने वित्त वर्ष 2018-19 में रिलायंस कमर्शियल में पेशेवर कदाचार और ऑडिटिंग (अंकेक्षण) खामियों के लिए दो लेखाकारों (ऑडिटर) पर कुल 2.5 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। नियामक ने श्रीधर एंड एसोसिएट्स पर दो करोड़ रुपये और अजय वस्तानी पर 50 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। इसके अलावा, नियामक ने वस्तानी को किसी भी कंपनी या निकाय के कार्यों और गतिविधियों के वित्तीय विवरणों या आंतरिक ऑडिट के संबंध में कोई भी ऑडिट करने से पांच साल के लिए रोक दिया है। यह आदेश ऐसे समय आया है जब कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय ने एनएफआरए को सूचित किया कि पीडब्ल्यू ने कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत मंत्रालय को एक रिपोर्ट दायर की थी।

## फोनपे ने श्रीलंका में यूपीआई को बढ़ावा देने के लिए की साझेदारी

नई दिल्ली, एजेंसी

फोनपे ने लंकापे के सहयोग से श्रीलंका में सभी लंका क्यूआर मर्चेंट पॉइंट पर यूपीआई पेमेंट प्राप्त करने की सुविधा शुरू करने की घोषणा की है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि कोलंबो में आयोजित एक कार्यक्रम में भारत के उच्चायुक्त संतोष झा की मौजूदगी में यह घोषणा की गई और झा ने भारत और श्रीलंका के संबंधों तथा अधिक मजबूत बनाने में फिनटेक कनेक्टिविटी की अहम भूमिका पर प्रकाश डाला।

सभा को संबोधित करते हुए सेंट्रल बैंक ऑफ श्रीलंका के गवर्नर डॉ. नंदलाल वीरसिंघे ने कहा कि इस सहयोग से श्रीलंका के मर्चेंट के लिए नए अवसर खुलेंगे और उनके बिजनेस को बढ़ाने में मदद मिलेगा। लंकापे के सीईओ चन्ना डी सिल्वा और फोनपे के इंटरनेशनल पेमेंट के सीईओ रितेश पई ने भी संबोधित किया। उन्होंने बताया कि यूपीआई का इस्तेमाल दुनियाभर के बाजारों में कैसे किया जा सकता है और इससे मर्चेंट को किस तरह फायदा हो सकता है। फोनपे ने घोषणा की कि उसके ऐप यूजर अब श्रीलंका की यात्रा करते समय पूरे देश में लंकापे क्यूआर वाले मर्चेंट को यूपीआई का उपयोग करके पेमेंट कर सकते हैं। यूजर कैश ले जाने या करंसी कन्वर्शन को कैलकुलेट किए बिना, सुरक्षित और तुरंत पेमेंट करने के लिए लंका क्यूआर कोड स्कैन कर सकते हैं। उनके अकाउंट से भारतीय रुपये में राशि डेबिट की जाएगी, जिसमें करंसी एक्सचेंज रेट दिखाया जाएगा। इन ट्रांजैक्शन की सुविधा यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) और लंका पे नेशनल पेमेंट नेटवर्क के जरिए दी गई है।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 93,600 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 90,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 95,000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 76,100 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 56,700–56,900 |

**लखनऊ**

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 73,650 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 73,500 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 88,000 |
| चांदी तैयार | 88,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |

**बरेली**

| | |
|---|---|
| सोना जेवरात पक्के | 74,000 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 73,000 |
| चांदी पक्की | 890 (अनुमानित) |

**मुरादाबाद**

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 74,250 |
| चांदी आभूषण | 89,000। |

## सरकार ने वाहनों की गति मापने वाले उपकरण के लिए लोगों से मांगे सुझाव

नई दिल्ली, एजेंसी

उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने सड़कों पर वाहनों की गति मापने में उपयोग होने वाले माइक्रोवेव डॉपलर रडार उपकरण के लिए नियमों के मसौदे पर लोगों से सुझाव मांगे हैं।

मंत्रालय ने इस बारे में एक परिपत्र जारी किया है। नियमों के मसौदे में कहा गया है कि अंतिम रूप से नियम अधिसूचित होने के बाद स्थापित रडार उपकरणों को एक वर्ष के भीतर सत्यापित करने की जरूरत होगी। लोगों को इस बारे में 11 जून तक सुझाव देने को कहा गया है। मंत्रालय ने कहा है कि फिर से प्रमाणन की जरूरत होने पर मौजूदा स्थापित उपकरणों को भी सत्यापित किया जाना चाहिए। ऐसे रडार उपकरण जो पहले से लगे हैं और जिनका फिर से सत्यापन होना है अथवा अगले वर्ष के भीतर होना है, उन्हें नए नियम लागू होने के एक वर्ष के भीतर सत्यापित किया जाना चाहिए और मुहर लगाई जानी चाहिए। यदि गति माप परिणामों का उपयोग कानूनी कार्यवाही में किया जाना है, नियम के तहत जो भी शर्तें निर्धारित होती हैं, उन्हें रडार उपकरण को पूरा करना होगा।

## ईपीएफओ ने मार्च में 14.41 लाख नए सदस्य जोड़े

**नई दिल्ली।** सेवानिवृत्ति कोष का प्रबंधन करने वाले निकाय ईपीएफओ ने सोमवार को ताजा पेरोल आंकड़े जारी कर बताया कि उसने इस साल मार्च में 14.41 लाख नए सदस्य जोड़े हैं। श्रम मंत्रालय ने बयान में कहा कि पेरोल आंकड़ों से पता चलता है कि लगभग 11.80 लाख सदस्य ईपीएफओ (कर्मचारी भविष्य निधि संगठन) से बाहर चले गए और बाद में फिर से शामिल हो गए। बयान के अनुसार, इन सदस्यों ने अपनी नौकरी बदल ली और ईपीएफओ के दायरे में आने वाले प्रतिष्ठानों में फिर से शामिल हो गए।

## बिजली की अधिकतम मांग 235 गीगावॉट के करीब पहुंची

नई दिल्ली, एजेंसी

- पारा चढ़ने के साथ एसी और कूलर का बढ़ गया उपयोग



देश में पारा चढ़ने के साथ बिजली की अधिकतम मांग मई में 235 गीगावॉट के आसपास बनी हुई है। गर्मी बढ़ने और लू चलने के साथ मुख्य रूप से बड़े पैमाने पर एयर कंडीशनर और कूलर के उपयोग के कारण बिजली की मांग बढ़ी है।

बिजली मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, बिजली की अधिकतम मांग छह मई को दिन में 233 गीगावॉट (एक गीगावॉटबराबर 1,000 मेगावॉट) पर पहुंच गई। एक साल पहले इस दौरान यह 221.42 गीगावॉट थी। मंत्रालय ने महीने की शुरुआत में अनुमान लगाया था कि मई में दिन के दौरान बिजली की मांग 235 गीगावॉट और शाम के समय 225 गीगावॉट तक पहुंच जाएगी। वहीं जून, 2024 में दिन के दौरान इसके 240 गीगावॉट और शाम के समय 235 गीगावॉटरहने की संभावना है। पिछले सप्ताह, 18 मई को बिजली की अधिकतम मांग 229.57 गीगावॉट तक पहुंच गई, जबकि 15, 16 और 17 मई को यह लगभग 226 गीगावॉट थी। उद्योग विशेषज्ञों का कहना है कि मई में गर्मी बढ़ने के कारण बिजली की मांग और बढ़ेगी। इसका कारण गर्मी से राहत दिलाने वाले दक्षिण-पश्चिम मानसून के एक जून को केरल तट पर पहुंचने की संभावना है। विशेषज्ञों के अनुसार, इसके अलावा दक्षिण-पश्चिम मानसून लगभग पूरे देश में फैलते हुए जून के अंत तक दिल्ली पहुंचता है। इससे बिजली की मांग अगले महीने भी अधिक रहने का अनुमान है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने इस साल मार्च में अनुमान लगाया था कि अलनीनो की स्थिति कम से कम मई तक जारी रहने से अधिक गर्मी और लू वाले दिन होंगे।

# राष्ट्रीय

# दक्षिण भारत में सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरेगी भाजपा: मोदी

## भुवनेश्वर में बोले प्रधानमंत्री, 4 जून को जब चुनाव परिणाम आएंगे तो राजग 400 से अधिक सीट जीतेगा

भुवनेश्वर, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्वास जताया है कि भाजपा दक्षिण भारत में सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरेगी और चार जून को जब चुनाव परिणाम आएंगे तो राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) 400 से अधिक लोकसभा सीट जीतेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार रात एक साक्षात्कार में कहा-पूरे देश के लिए हमारी रणनीति एक समान है। फिर एक बार मोदी सरकार और चार जून को 400 पार। उन्होंने कहा कि उनके प्रतिद्वंद्वियों ने एक मिथक फैला दिया है कि भाजपा दक्षिणी राज्यों में कोई ताकत नहीं है या वहां उसकी मौजूदगी नहीं है।

उन्होंने कहा-2019 के चुनाव को देखिए। तब भी दक्षिण भारत में सबसे बड़ी पार्टी भाजपा ही थी। एक बार फिर, मैं यह कहता हूं कि इस बार दक्षिण में सबसे बड़ी पार्टी भाजपा होगी तथा उसके सहयोगियों को और अधिक सीटें मिलेंगी। मोदी ने कहा-हम दक्षिण भारत में सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरेंगे और पिछली बार से भी अधिक अंतर से जीतेंगे। उन्होंने बताया-हमने पहले ही लोगों की सोच में बदलाव देखा है। हम दक्षिण क्षेत्र में अपनी सीटों की संख्या और मत प्रतिशत में भी बड़ी वृद्धि देखेंगे।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को पुरी में लोकसभा चुनाव के लिए रोड शो के दौरान लोगों का अभिवादन करते हुए। • एजेंसी

### रोड शो शुरू करते ही मोदी-मोदी के नारों से गूंज उठा माहौल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सोमवार को श्री जगन्नाथ मंदिर में पूजा–अर्चना करने के बाद निकल कर लगभग सौ मीटर चलकर मारीचिकोट चौराहे पर अपना रोड शो शुरू करने पहुंचते ही इस तीर्थनगरी में ग्रैंड रोड की हवा मोदी–मोदी के नारों से गुंजायमान हो उठी। नरेंद्र मोदी भारतीय जनता पार्टी राज्य इकाई के अध्यक्ष मनमोहन सामल, पुरी लोकसभा उम्मीदवार संबित पात्रा तथ्पा री विधायक उम्मीदवार जयंत शारंगी के साथ एक सजे हुए वाहन पर खड़े थे।

### अल्पसंख्यकों के खिलाफ कभी एक शब्द भी नहीं बोला: मोदी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि उन्होंने अल्पसंख्यकों के खिलाफ कभी एक शब्द भी नहीं बोला और भाजपा केवल आज ही नहीं, बल्कि कभी भी अल्पसंख्यकों के खिलाफ नहीं रही है। प्रधानमंत्री ने हालांकि स्पष्ट किया कि वह किसी को भी खास नागरिक के तौर पर स्वीकार करने को तैयार नहीं हैं। मोदी ने रविवार रात साक्षात्कार में ये बातें कहीं। प्रधानमंत्री की टिप्पणियों को अल्पसंख्यकों को लेकर अब तक का सबसे स्पष्ट बयान माना जा रहा है।

## मप्र में पति ने डाक से पत्र भेजकर पत्नी को तीन तलाक दिया, मामला दर्ज

**रतलाम (मप्र)।** मध्य प्रदेश के रतलाम जिले में अपनी पत्नी को डाक से तीन पत्र भेजकर कथित तौर पर तीन तलाक देने के आरोप में एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। आलोट थाने के प्रधान आरक्षक अनिल भावसन ने बताया कि महिला की शिकायत के आधार पर पुलिस ने रविवार को उज्जैन जिले के घोसला निवासी ईशान सतानिया के खिलाफ मुस्लिम महिला (विवाह अधिकार का संरक्षण) अधिनियम, 2019 के तहत मामला दर्ज किया है। शिकायत का हवाला देते हुए अधिकारी ने कहा कि जोड़े ने नवंबर 2020 में शादी की और इसके तुरंत बाद महिला के ससुराल वालों ने उसे दहेज के लिए परेशान करना शुरू कर दिया था।

## देशभर में बदलाव की चल रही है आंधी: राहुल गांधी

नई दिल्ली, एजेंसी



कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण का मतदान आरंभ होने के बाद सोमवार को कहा कि जनता विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस ('इंडिया') के साथ मिलकर खुद यह चुनाव लड़ रही है और देशभर में बदलाव की आंधी चल रही है। लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में आज 49 सीट पर मतदान हो रहा है। इसमें रायबरेली लोकसभा क्षेत्र भी शामिल है जहां से राहुल गांधी खुद कांग्रेस के उम्मीदवार हैं।

राहुल गांधी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया, आज लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण का मतदान है। पहले चार चरणों में ही यह साफ हो गया है कि जनता संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए खुद लड़ रही है और भाजपा को हरा रही है। उन्होंने यह भी कहा कि नफरत की राजनीति से ऊब चुका यह देश अब अपने मुद्दों पर वोट कर रहा है। राहुल गांधी ने कहा-युवा नौकरी के लिए, किसान एमएसपी और कर्ज से मुक्ति के लिए, महिलाएं आर्थिक निर्भरता और सुरक्षा के लिए तथा मजदूर वाजिब मेहनताने के लिए और देश में बदलाव लाने के लिए मतदान करने को आगे आया है।

## एक नजर

### मनीष सिसोदिया की जमानत याचिकाओं पर फैसला आज

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय कथित आबकारी नीति घोटाले के संबंध में क्रमश: प्रवर्तन निदेशालय और सीबीआई द्वारा दर्ज किए गए धन शोधन और भ्रष्टाचार के मामलों में दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की जमानत याचिकाओं पर मंगलवार को अपना आदेश सुनाएगा। उच्च न्यायालय की वेबसाइट पर अपलोड की गई वाद सूची के अनुसार, न्यायमूर्ति स्वर्णकांता शर्मा 21 मई को शाम पांच बजे दोनों जमानत याचिकाओं पर आदेश सुना सकती हैं। उच्च न्यायालय ने 14 मई को अपना आदेश सुरक्षित रख लिया था।

### बिहार में गंगा में डूबने से पांच लोगों की मौत

**बेगूसराय।** बिहार के बेगूसराय जिले में सोमवार को पांच युवक गंगा नदी में डूब गये जिनमें से सभी की उम्र 17 से 20 साल के बीच थी। चकिया थाना अध्यक्ष नीरज कुमार चौधरी के अनुसार घटना सिमरिया घाट पर हुई जहां पास के गांव के निवासी मुंडन समारोह के बाद स्नान के लिए आए थे। इन लोगों के तेज धारा में बह जाने के बाद गोताखोरों की मदद से पांच लोग के शव बरामद कर लिए गए हैं।

## खुली जेलों के दायरे को कम करने का कोई प्रयास नहीं किया जाए

नई दिल्ली, एजेंसी

- उच्चतम न्यायालय ने निर्देश देते हुए की टिप्पणी



उच्चतम न्यायालय ने निर्देश दिया है कि देश में कार्यरत खुली जेलों के दायरे को कम करने का कोई प्रयास नहीं किया जाना चाहिए। अर्ध-खुली या खुली जेल व्यवस्था के तहत दोषियों को आजीविका कमाने के लिए दिन के दौरान परिसर से बाहर काम करने और शाम को वापस लौटने की अनुमति दी जाती है। इस अवधारणा को दोषियों को समाज के साथ आत्मसात करने और मनोवैज्ञानिक दबाव को कम करने के लिए पेश किया गया था क्योंकि उन्हें बाहर सामान्य जीवन जीने में कठिनाइयों का भी सामना करना पड़ता है।

न्यायमूर्ति बी.आर. गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने उल्लेख किया कि जेलों और कैदियों से संबंधित मामले में न्याय मित्र के रूप में सहायता कर रहे वकील के. परमेश्वर ने कहा है कि केंद्र द्वारा एक आदर्श मसौदा नियमावली तैयार की गई है जिसमें खुले शिविरों/संस्थाओं/जेलों का नाम 'खुले सुधारात्मक संस्थान' किया गया है। पीठ ने 17 मई को पारित अपने आदेश में कहा-हम (केंद्रीय) गृह मंत्रालय को आदर्श जेल नियमावली, 2016 और आदर्श कारागार एवं सुधार सेवा अधिनियम, 2023 के आने के बाद खुले सुधार संस्थानों के संबंध में हाल के घटनाक्रमों पर एक स्थिति रिपोर्ट पेश करने का निर्देश देते हैं। पीठ ने कहा कि उसे सूचित किया गया है कि जयपुर में सांगानेर खुले शिविर का क्षेत्र कम करने का प्रस्ताव है। इसने कहा-हम निर्देश देते हैं कि संबंधित स्थलों पर कार्यरत खुले शिविरों/संस्थानों/जेलों के क्षेत्र में कटौती का कोई प्रयास नहीं किया जाना चाहिए। शीर्ष अदालत ने राजस्थान, महाराष्ट्र, केरल और पश्चिम बंगाल को निर्देश दिया कि वे खुले सुधार संस्थानों की स्थापना, विस्तार और प्रबंधन पर अपनी सर्वोत्तम प्रथाओं, लागू नियमों, दिशानिर्देशों और अनुभव को राष्ट्रीय कानूनी सेवा प्राधिकरण (नालसा) के साथ साझा करें। संबंधित राज्यों में ऐसी संस्थाएं बेहतर कार्य कर रही हैं। पीठ ने मामले को जुलाई के दूसरे सप्ताह में आगे की सुनवाई के लिए सूचीबद्ध कर दिया।

## ईडी ने केजरीवाल की न्यायिक हिरासत की मांग की

नई दिल्ली, एजेंसी

- दो जून को आत्मसमर्पण के बाद के लिए किया आवेदन

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में दो जून को आत्मसमर्पण करने के बाद उनकी न्यायिक हिरासत बढ़ाने की सोमवार को मांग की।

ईडी ने विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा के समक्ष आवेदन दायर कर दो जून को आत्मसमर्पण करने पर केजरीवाल के लिए 14 दिन की न्यायिक हिरासत की मांग की और दावा किया कि उन्हें पहले दी गई न्यायिक हिरासत की अवधि सोमवार को समाप्त हो रही है। उच्चतम न्यायालय के आदेश के बाद केजरीवाल एक जून तक अंतरिम जमानत पर हैं। शीर्ष अदालत ने उन्हें दो जून को आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया है। इस बीच, ईडी ने अदालत को बताया कि केजरीवाल और सह-अभियुक्त, भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता के खिलाफ मामले में मुकदमा चलाने के लिए पर्याप्त सबूत हैं। ईडी ने दोनों राजनीतिक नेताओं के खिलाफ दायर अपने पूरक आरोप पत्रों के समर्थन में यह दलील दी। न्यायाधीश आरोप पत्र पर संज्ञान लेने के बिंदु पर मंगलवार को भी ईडी की दलीलें सुनना जारी रखेंगी।

## भारत सेवाश्रम संघ पर टिप्पणी करने के लिए संत ने ममता बनर्जी को भेजा नोटिस

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद स्थित भारत सेवाश्रम संघ के स्वामी प्रदीप्तानंद महाराज ने सोमवार को कहा कि उन्होंने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को एक कानूनी नोटिस भेजा है। महाराज ने संगठन के बारे में कथित रूप से अपमानजनक टिप्पणी करने के लिए ममता से माफी मांगने को भी कहा है। ममता को कानूनी नोटिस भेजने की पुष्टि करते हुए स्वामी प्रदीप्तानंद महाराज ने कहा-अगर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी निजी तौर पर मुझे अपमानित करतीं तो मुझे इससे फर्क नहीं पड़ता। एक आध्यात्मिक गुरु होने के नाते हम निजी आलोचना से प्रभावित नहीं होते क्योंकि हम यहां लोगों की सेवा के लिए हैं। लेकिन उन्होंने (ममता ने) संगठन को अपमानित किया है, जो अस्वीकार्य है।

## यौन उत्पीड़न मामले में रेवन्ना की जमानत मंजूर

**बेंगलुरू।** कर्नाटक में बेंगलुरु की एक अदालत ने हाई-प्रोफाइल यौन उत्पीड़न मामले में जनता दल-सेक्युलर (जद-एस) विधायक एवं राज्य के पूर्व मंत्री एचडी रेवन्ना की जमानत याचिका को सोमवार को मंजूरी दे दी। जद-एस नेता को पहले 42वें अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट कोर्ट से अंतरिम राहत मिली थी। आज के सत्र में, न्यायाधीश जे. प्रीत ने एसआईटी की ओर से उठायी गई आपत्तियों के बावजूद उनकी जमानत याचिका को मंजूरी देने का फैसला किया। होलेनरसीपुर टाउन थाने में दर्ज मामले में श्री रेवन्ना और उनके बेटे, हासन से सांसद प्रज्वल रेवन्ना पर सहायिका के साथ यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया गया है।

## केजरीवाल के खिलाफ दीवार लेखन के पीछे भाजपा का हाथ

नई दिल्ली, एजेंसी

- आप नेता आतिशी ने साजिश रचने का लगाया आरोप



आम आदमी पार्टी ने सोमवार को आरोप लगाया कि दिल्ली में मेट्रो ट्रेन के अंदर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ जो दीवार लेखन किया गया है उसके पीछे भाजपा का हाथ है। पार्टी ने निर्वाचन आयोग से इस मुद्दे पर चर्चा करने और ज्ञापन देने के लिए ई-मेल भेजकर समय मांगा है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि उन्होंने इस मामले का संज्ञान लिया और इसकी जांच की जा रही है।

आप नेता आतिशी ने यहां संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा इस बात से घबरा गई है कि वह दिल्ली की सभी सात लोकसभा सीट हारने वाली है, इसलिए वह अलग-अलग तरह की साजिश रचकर केजरीवाल को निशाना बना रही है। आतिशी ने आरोप लगाया-उन्होंने मुख्यमंत्री केजरीवाल को 21 मार्च को गिरफ्तार कराया और फिर जब वह तिहाड़ जेल के अंदर बंद थे तो 15 दिनों तक उन्हें इंसुलिन नहीं दिया गया, जिसके बाद हमें अदालत का दरवाजा खटखटाना पड़ा। अब वह जेल से बाहर आ गए तो उन्हें निशाना बनाने के लिए स्वाति मालीवाल का इस्तेमाल किया गया, लेकिन भाजपा की यह साजिश भी सफल न हो सकी क्योंकि वीडियो से यह स्पष्ट हो गया कि आप की राज्यसभा सदस्य पर हमले के आरोप झूठे हैं। उन्होंने दावा किया-अब दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जान को खतरा है।

### केजरीवाल पर हमला करा सकती है आप: भाजपा

वहीं भाजपा की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने पुलिस और निर्वाचन आयोग से मुख्यमंत्री केजरीवाल की सुरक्षा को दोगुनी करने की अपील की है। इसी के साथ उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि उनकी पार्टी दिल्ली में 25 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव से पहले जनता की सहानुभूति हासिल करने के लिए उन पर हमला करा सकती है। सचदेवा ने कहा कि आप मुख्यमंत्री आवास के अंदर राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल पर हुए हमले से ध्यान भटकाने की कोशिश कर रही है। उन्होंने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा– केजरीवाल से मेरा एक ही सवाल है कि वह अपने घर में मालीवाल के साथ हुई मारपीट की घटना पर कब अपनी चुप्पी तोड़ेंगे? दिल्ली के कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज ने एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि उन्होंने इस मुद्दे पर चर्चा करने के लिए निर्वाचन आयोग से समय मांगा है।

# रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण जीतकर भी ओलंपिक नहीं जा सकेगा भारत

## एशियाई चैंपियनशिप में भारतीय टीम ने मिश्रित 4X400 मीटर रिले में बनाया राष्ट्रीय रिकॉर्ड

**बैंकॉक, एजेंसी**

भारत की मिश्रित चार गुणा 400 मीटर रिले टीम ने सोमवार को पहली एशियाई रिले चैंपियनशिप में राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाते हुए स्वर्ण पदक जीता। हालांकि भारतीय टीम पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने में नाकाम रही।



मुहम्मद अजमल, ज्योतिका श्री दांडी, अमोज जैकब और शुभा वेंकटेशन की चौकड़ी ने 3 मिनट 14.12 सेकेंड के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इससे पहले का राष्ट्रीय रिकॉर्ड तीन मिनट 14.34 सेकेंड का था जो भारतीय टीम ने पिछले साल हांगझोउ एशियाई खेलों में रजत पदक जीतने के दौरान बनाया था। भारतीय टीम रेस के चारों चरण के दौरान बढ़त बनाए हुए थी। श्रीलंका की टीम तीन मिनट 17.00 सेकेंड के समय के साथ दूसरे स्थान पर रही जबकि वियतनाम की टीम ने तीन मिनट 18.45 सेकेंड के समय के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। सोमवार का यह समय भारतीय टीम को विश्व एथलेटिक्स की रोड टू पेरिस सूची में 21वें स्थान पर जगह दिलाता है। टीम का लक्ष्य 15वें या 16वें स्थान तक आना था। इस तरह भारतीय टीम की पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने की राह मुश्किल हो गई है क्योंकि पेरिस में मिश्रित चार गुणा 400 मीटर रिले टीम में सिर्फ 16 टीम हिस्सा लेंगी। बहामास के नसाऊ में विश्व एथलेटिक्स रिले से पहले ही 14 चार गुणा 400 मीटर रिले टीम पेरिस ओलंपिक के लिए स्वतः क्वालीफाई कर चुकी हैं। अब 30 जून की समयसीमा तक देशों के सर्वश्रेष्ठ समय के आधार पर सिर्फ दो स्थान भरे जाने हैं। चेक गणराज्य (तीन मिनट 11.98) और इटली (तीन मिनट 13.56 सेकेंड) रोड टू पेरिस सूची में अभी क्रमशः 15वें और 16वें स्थान पर हैं। इससे पहले ही शीर्ष 14 टीम विश्व एथलेटिक्स रिले के दौरान पेरिस ओलंपिक का टिकट कटा चुकी हैं जहां भारतीय टीम क्वालीफाई करने में नाकाम रही। सोमवार को भारत का लक्ष्य कम से कम तीन मिनट 13.56 सेकेंड से बेहतर प्रदर्शन करना था जिससे कि वह 16वें स्थान पर आ जाए लेकिन टीम ऐसा करने में नाकाम रही। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) 30 जून की समय सीमा से पहले मिश्रित चार गुणा 400 मीटर रिले टीम को अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भेजने पर विचार कर सकता है। भारत मंगलवार को एशियाई रिले के दूसरे दिन पुरुष और महिला चार गुणा 400 मीटर रिले रेस में प्रतिस्पर्धा पेश करेगा। बहामास में राजेश रमेश, रूपल चौधरी, अविनाश कृष्ण कुमार और ज्योतिका श्री दांडी की भारतीय मिश्रित चार गुणा 400 मीटर रिले चौकड़ी ने खराब प्रदर्शन किया और पहले दौर के क्वालीफायर की हीट (शुरुआती दौर की रेस) में पेरिस का टिकट कटाने में विफल रही। पुरुषों की चार 400 मीटर रिले दौड़ में भाग लेते समय रमेश के घायल हो जाने के बाद भारतीय टीम ने दूसरे दौर के क्वालीफायर की हीट से अपना नाम वापस ले लिया। बाद में पुरुषों और महिलाओं दोनों की चार गुणा 400 मीटर रिले टीमों ने दूसरे दौर की क्वालीफिकेशन हीट के दौरान पेरिस खेलों के लिए क्वालीफाई किया।

# केकेआर और सनराइजर्स आजमाएंगे दम

## लीग के पहले क्वालीफायर मैच में दोनों टीमों की ओर से रनों का अंबार लगने की उम्मीद

**अहमदाबाद, एजेंसी**

बेहतरीन फॉर्म में चल रही कोलकाता नाइट राइडर्स का सामना इंडियन प्रीमियर लीग के पहले क्वालीफायर में मंगलवार को 'रन मशीन' सनराइजर्स हैदराबाद से होगा तो दर्शकों को रोमांचक क्रिकेट की सौगात मिलने की गारंटी रहेगी। केकेआर इस साल आईपीएल प्लेआफ में पहुंचने वाली पहली टीम थी जबकि सनराइजर्स ने आखिरी लीग मैच में पंजाब किंग्स को चार विकेट से हराकर दूसरा स्थान हासिल किया।

लीग चरण के 70 मैचों में शीर्ष दो स्थान पर रही इन टीमों को पिछले दस दिन में बारिश के कारण अच्छा खासा ब्रेक मिल गया है। वैसे प्लेआफ से पहले मैदान पर अधिक समय नहीं बिता पाने की चुनौती भी कठिन है। सैकड़ों किलोमीटर का सफर करके यहां पहुंचने वाली केकेआर और सनराइजर्स को हालात के अनुकूल ढलने के लिये अधिक समय नहीं मिलेगा। दोनों ने आखिरी लीग मैच रविवार को ही खेला है। सनराइजर्स ने हालांकि पूरा मैच खेलकर पंजाब को हराया लेकिन केकेआर और राजस्थान रॉयल्स का मैच बारिश के कारण नहीं हो सका। केकेआर ने आखिरी पूरा मैच 11 मई को खेला था।



बारिश के खलल से पहले केकेआर ने लगातार चार मैच जीते थे पिछले दो मैच बारिश की भेट हो गए। शीर्ष पर काबिज केकेआर को विकेटकीपर बल्लेबाज फिल साल्ट (435 रन) की कमी खलेगी जो टी-20 विश्व कप से पहले इंग्लैंड टीम से जुड़ने स्वदेश लौट गए हैं। साल्ट और सुनील नारायण (461) ने केकेआर को शानदार शुरूआत दी है। मध्यक्रम में कप्तान श्रेयस अय्यर (287 रन) प्रभावित नहीं कर सके लेकिन इसकी कमी टीम को खली नहीं। रॉयल्स के खिलाफ मैच बारिश में धुलने के कारण साल्ट की जगह टीम में आये रहमानुल्लाह गुरबाज को अभ्यास नहीं मिल सका जिससे केकेआर खेमा चिंतित होगा। केकेआर के लिये नीतिश राणा और आंद्रे रसेल का फॉर्म में रहना भी बहुत जरूरी है। कागजों पर केकेआर और सनराइजर्स बराबरी की टीमें लगती है जिससे यह मुकाबला और रोमांचक हो गया है। ट्रेविस हेड और अभिषेक शर्मा दोनों ने 200 से अधिक की स्ट्राइक रेट से रन बनाकर रिकॉर्ड की झड़ी लगा दी है। आस्ट्रेलिया के हेड ने आक्रामक बल्लेबाजी की नयी परिभाषा गढी है और अब तक एक शतक तथा चार अर्धशतक समेत 533 रन बना चुके हैं। उनके साथ अभिषेक (467 रन) ने भी खुलकर खेलते हुए आईपीएल में अभी तक 41 छक्के जड़ डाले हैं। सनराइजर्स के पास तीसरे नंबर पर राहुल त्रिपाठी जैसा भरोसेमंद बल्लेबाज है। हेनरिच क्लासेन फॉर्म में लौट आये हैं और पंजाब के खिलाफ 42 रन बनाए। पिछले साल विश्व कप फाइनल में देखा गया था कि अहमदाबाद में बाद में बल्लेबाजी करने वाली टीम को अधिक सफलता मिलती है।

**कोलकाता नाइट राइडर्स :** श्रेयस अय्यर (कप्तान), केएस भरत, रहमानुल्लाह गुरबाज, रिंकू सिंह, अंगकृष रघुवंशी, शेरफेन रदरफोर्ड, मनीष पांडे, आंद्रे रसेल, नीतिश राणा, वेंकटेश अय्यर, अनुकूल रॉय, रमनदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती, सुनील नारायण, वैभव अरोड़ा, चेतन सकारिया, हर्षित राणा, सुयश शर्मा, मिशेल स्टार्क, दुष्मंथा चमीरा, साकिब हुसैन, मुजीब उर रहमान, गट एटिकिंसन, अल्लाह गजांफर।

**सनराइजर्स हैदराबाद :** अभिषेक शर्मा, ट्रैविस हेड, हेनरिक क्लासेन , एडेन मार्कराम, अब्दुल समद, नितीश रेड्डी, शाहबाज अहमद, पैट कमिंस (कप्तान), भुवनेश्वर कुमार, जयदेव उनादकट, टी नटराजन, मयंक मार्कंडेय, उमरान मलिक, अनमोलप्रीत सिंह, ग्लेन फिलिप्स , राहुल त्रिपाठी, वाशिंगटन सुंदर, उपेंद्र यादव, जे सुब्रमण्यन, सनवीर सिंह, विजयकांत व्यासकांत, फजलहक फारूकी, मार्को यानसेन, आकाश महाराज सिंह, मयंक अग्रवाल।

### पर्पल कैप

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| हर्षल पटेल (पंजाब) | 14 | 24 |
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 13 | 20 |
| अर्शदीप (पंजाब) | 14 | 19 |

### ऑरेंज कैप

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 14 | 708 |
| ऋतुराज गायकवाड़ (चेन्नई) | 14 | 583 |
| ट्रेविस हेड (हैदराबाद) | 12 | 533 |

### आज का मुकाबला

सनराइजर्स हैदराबाद

बनाम

कोलकाता नाइट राइडर्स

शाम 7:30 बजे

# क्रिकेट छोड़ने का मन बना रहे थे स्वप्निल

**बेंगलुरु, एजेंसी**



बाएं हाथ के स्पिनर स्वप्निल सिंह ने आईपीएल की पिछली नीलामी के शुरुआती दौर में अपनी बोली नहीं लगने के बाद खेल छोड़ने का मन बना लिया था लेकिन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने उन्हें टीम में शामिल कर लिया।

18 साल के घरेलू क्रिकेट करियर में स्वप्निल ने बड़ौदा और उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व किया है। आईपीएल में वह आरसीबी से पहले पंजाब और लखनऊ का हिस्सा रह चुके हैं। स्वप्निल ने कहा कि नीलामी के दिन पहले मैं धर्मशाला जा रहा था। जब मैं वहां पहुंचा तब शाम के सात-आठ बज रहे थे। तब तक नीलामी का आखिरी दौर था, मुझे लगा कि मेरे लिए चीजें खत्म हो गईहै। मैंने सोचा था कि मैं मौजूदा घरेलू सत्र में खेलूंगा और अगर जरूरत पड़ी तो अगला सत्र खेलने के बाद करियर खत्म कर दूंगा क्योंकि मैं पूरी ज़िंदगी खेलना नहीं चाहता था। प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 2006 में पदार्पण करने वाले स्वप्निल को आरसीबी ने 20 लाख रुपये की बोली के साथ टीम में शामिल किया था। उन्होंने कहा कि मेरे परिवार ने फोन किया तो हम भावनाओं पर काबू नहीं रख पाए।

# विश्व रिकॉर्ड के साथ दीप्ति ने जीता स्वर्ण

**कोबे (जापान), एजेंसी**

विश्व पैरा चैंपियनशिप



भारत की दीप्ति जीवनजी ने विश्व पैरा एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में महिलाओं की 400 मीटर टी20 रेस में 55 . 07 सेकेंड के विश्व रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता।

पैरा एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता दीप्ति ने अमेरिका की ब्रियाना क्लार्क का 55.12 सेकेंड का विश्व रिकॉर्ड तोड़ा जो उसने पिछले साल पेरिस में बनाया था। तुर्की की एसिल ओंडेर 55.19 सेकेंड के साथ दूसरे स्थान पर रही जबकि एक्वाडोर की लिजांशेला एंगुलो 56.68 सेकेंड का समय निकालकर तीसरे स्थान पर रही। दीप्ति ने रविवार को एशियाई रिकॉर्ड समय 56.18 सेकंड के साथ अपनी हीट रेस जीती थी। टी20 वर्ग की रेस बौद्धिक रूप से अक्षम खिलाड़ियों के लिये है। दीप्ति ने पिछले साल हांगझोउ पैरा एशियाई खेलों की 400 मीटर टी20 स्पर्धा में 56.69 सेकेंड के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता था जो तत्कालीन एशियाई रिकॉर्ड था। दीप्ति जूनियर और सीनियर में सक्षम खिलाड़ियों के साथ भी चुनौती पेश कर चुकी हैं। सक्षम शरीर वाले खिलाड़ियों के साथ प्रतिस्पर्धा करते हुए उन्होंने जूनियर स्तर पर कई पदक जीते हैं। उन्होंने सीनियर स्तर पर सक्षम खिलाड़ियों के साथ पिछली बार चेन्नई में 2022 राष्ट्रीय अंतर राज्यीय प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था जहां उन्होंने 100 मीटर और 200 मीटर रेस में प्रतिस्पर्धा पेश की थी। योगेश कथुनिया ने पुरूषों के एफ 56 वर्ग चक्का फेंक में 41.80 मीटर के साथ रजत पदक जीता। भाग्यश्री महाराव ने भी महिला गोला फेंक एफ34 वर्ग में 7.56 मीटर के प्रयास के साथ रजत पदक जीता। भारत ने अब तक एक स्वर्ण, दो रजत और दो कांस्य पदक जीत लिये हैं । रविवार को निशाद कुमार (टी47 ऊंची कूद) और प्रीति पाल (टी35 200 मीटर) ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीता था।

## खेल डायरी

### नागल जिनेवा ओपन के पहले दौर से बाहर



**जिनेवा।** भारत के चोटी के एकल खिलाड़ी सुमित नागल जिनेवा ओपन के पहले दौर में अर्जेंटीना के सेबेस्टिएन बाएज से हारकर बाहर हो गए हैं । दुनिया के 94वें नंबर के खिलाड़ी नागल को दुनिया के 19वें नंबर के खिलाड़ी अर्जेंटीना के क्लेकोर्ट विशेषज्ञ प्रतिद्वंद्वी ने 7 . 6, 6 .3 से हराया। नागल ने हार के बाद ट्वीट किया कि आज की हार से निराश हूं। लेकिन फ्रेंच ओपन से पहले अच्छी तैयारी हुई । अगला लक्ष्य पेरिस ।


### पूर्वोत्तर में क्रिकेट अकादमी की रखी आधारशिला

**नई दिल्ली।** पूर्वोत्तर राज्यों के उभरते हुए खिलाड़ियों की मदद के लिए भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने छह राज्यों में इनडोर क्रिकेट प्रशिक्षण अकादमियों की आधारशिला रखी। क्रिकेट अकादमी अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नगालैंड और सिक्किम के खिलाड़ियों को सुविधा प्रदान करेंगी। यह अकादमी शिलांग, ईटानगर, कोहिमा, आइजोल, इंफाल और गंगटोक में स्थित होंगी। बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने एक्स पर लिखा, पूर्वोत्तर में इनडोर प्रशिक्षण सुविधाओं की आधारशिला रखकर सम्मानित महसूस कर रहा हूं। मानसून के दौरान प्रशिक्षण के लिए कोलकाता, बेंगलुरु, चेन्नई, मुंबई या अहमदाबाद की यात्रा करनी पड़ती थी।

### खेल या शिक्षा, अनुशासन जरूरी: गोपीचंद

**पटना।** खिलाड़ी और कोच के रूप में बेहद अनुशासित पुलेला गोपीचंद ने प्रतिस्पर्धी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों को प्रेरित करते हुए अनुशासन का महत्व बताया। पूर्व ऑल इंग्लैंड चैंपियन और द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता 50 साल के गोपीचंद इंजीरियंग और मेडिसिन पाठ्यक्रम की प्रतिस्पर्धी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों से मुखातिब थे। भारत के मुख्य बैडमिंटन कोच गोपीचंद ने छात्रों से कहा, खेल हों या शिक्षा दोनों समान हैं। दोनों में अनुशासन और प्रतिबद्धता जरूरी है। समय के साथ इसमें मार्गदर्शक की जरूरत जुड़ गई है। शिक्षा के साथ जब ट्रेनिंग दी जाती है तब छात्र प्रतिस्पर्धा में सक्षम बन पाता है।

### इंडियन ओपन सर्फिंग 31 मई से



**मेंगलुरू।** इंडियन ओपन सर्फिंग (आईओएस) का पांचवां सत्र 31 मई से दो जून तक यहां खेला जाएगा। इसमें चार वर्गों में पुरुष ओपन, महिला ओपन, ग्रोम्स (अंडर 16) बालक और बालिका वर्ग के मुकाबले आयोजित किए जाएंगे। भारतीय सर्फिंग महासंघ ने बतसश्स कि इंडियन ओपन सर्फिंग 2024 कैलेंडर वर्ष में राष्ट्रीय चैंपियनशिप सीरिज का दूसरा चरण होगा। इससे पहले केरल में मार्च में अंतर्राष्ट्रीय सर्फिंग फेस्टिवल हुआ है।

# खिताब का सूखा खत्म करने उतरेगी सिंधू



मलेशिया मास्टर्स

**कुआलालम्पुर, एजेंसी**

ब्रेक से लौटी पीवी सिंधू पेरिस ओलंपिक से पहले मंगलवार से शुरू हो रहे मलेशिया मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट में जीत दर्ज कर अपना मनोबल बढ़ाने के इरादे से उतरेगी। सिंधू ने उबेर कप और थाईलैंड ओपन में भाग नहीं लिया। वापसी करते हुए उनका लक्ष्य इस बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर सुपर 500 टूर्नामेंट में महिला एकल में अच्छा प्रदर्शन का होगा। वह पिछले साल अक्टूबर में घुटने की चोट से उबरने के बाद से फॉर्म में नहीं है।

ओलंपिक में रजत और कांस्य पदक जीत चुकी सिंधू का रिटर्न पहले की तरह नहीं रहा है और कई मुकाबले वह हार गई हैं। वह छह प्रतिस्पर्धाओं में से दो में ही क्वार्टर फाइनल तक पहुंच सकी हैं। वह 2022 सिंगापुर ओपन में खिताब जीती थी। पहले दौर में उनका सामना स्कॉटलैंड की क्रिस्टी गिलमोर से होगा। इस टूर्नामेंट में एंग सि यंग, चेन यू फेइ, अकाने यामागुची और कैरोलिना मारिन जैसे सितारे भाग नहीं ले रहे हैं।

सिंधू का सामना युवा खिलाड़ियों से होगा जो पहले भी उन्हें परेशान कर चुके हैं। अष्मिता चालिहा, आकृषि कश्यप और मालविका बंसोड भी अच्छे नतीजे देना चाहेंगी। पुरुष वर्ग में किरण जॉर्ज अकेले भारतीय हैं जो जापान के ताकुमा ओबायाशी से पहला मैच खेलेंगे। सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी यह टूर्नामेंट नहीं खेल रहे हैं। पुरुष युगल में कृष्णा प्रसाद गारागा और साई प्रतीक के की जोड़ी उतरेगी। मिश्रित युगल में बी सुमीत रेड्डी और एन सिक्की रेड्डी के अलावा सतीश कुमार के और आद्या वरियाथ खेलेंगे।

# इंग्लैंड की महिला टीम ने तीसरे मैच में पाकिस्तान को 34 रन से हराया

**लीड्स, एजेंसी**

- तीन मैचों की शृंखला इंग्लैंड की टीम ने 3-0 से जीती

डैनी व्याट 48 गेंदों में (87) और उसके बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत इंग्लैंड की महिला टीम ने तीसरे टी-20 मैच में पाकिस्तान को 34 रनों से हराकर तीन मैचों की सीरीज 3-0 से जीत ली है।

177 रनों का पीछा करने उतरी पाकिस्तान ने पहले विकेट लिए 60 रन जोड़े। नौवें ओवर में सिदरा अमीन (26) का पहला विकेट गिरा। अगले ही ओवर में गुल फिरोजा भी (30) पवेलियन लौट गई। सदफ शमास (6) और मुनीबा अली(3) 10वें और 11वें ओवर में गिरने से पाकिस्तानी टीम बैकफुट पर आ गई। कप्तान निदा डार और आलिया रियाज ने पारी को संभालने का प्रयास किया और मैच के अंत तक पिच पर टिकी रहीं। पाकिस्तान की टीम चार विकेट पर 142 रन ही बना सकी और 34 रन से मुकाबला हार गई। इंग्लैंड की ओर से चार्ली डीन, लॉरेन फ़िलर, सोफी एक्लेस्टोन और डेनिएल गिब्सन ने कसी हुई गेंदबाजी करते हुए एक-एक विकेट लिए। खेले गए मुकाबले में इंग्लैंड ने निर्धारि 20 ओवरों में 176 रन का स्कोर खड़ा किया।

## बॉलीवुड हलचल

### यामी गौतम-आदित्य धर के घर बेटे का जन्म



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री यामी गौतम और उनके पति फिल्मकार आदित्य धर माता-पिता बन गये है। यामी गौतम और आदित्य धर ने सोशल मीडिया पर एक साथ पेरेंट्स बनने की खबर शेयर की है। बेटे होने की अनाउंसमेंट के साथ ही उन्होंने बेटे का नाम भी बताया है। यामी और आदित्य ने बेटे का नाम 'वेदाविद' रखा है, जिसका मतलब होता है वेदों को जानने वाला। उन्होंने पोस्ट के साथ कैप्शन में लिखा, हम सूर्या अस्पताल के बेस्ट डॉक्टर्स, खासकर डॉ. भूपेन्द्र अवस्थी और डॉ. रंजना धनु के प्रति अपना हार्दिक आभार व्यक्त करना चाहते हैं, जिनकी स्पेशलाइजेशन और कोशिशों ने इस खुशी के अवसर को संभव बनाया। हम माता-पिता बनने की इस खूबसूरत जर्नी पर निकल रहे हैं, हम उत्सुकता से अपने बेटे 'वेदाविद' के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं। हम इस समय आशा और विश्वास से भरे हुए हैं कि वह हमारे पूरे परिवार और राष्ट्र का भी गौरव बनेगा।



### अगस्त में शुरू होगी जू. एनटीआर की फिल्म एनटीआरनील



**मुंबई।** मैन ऑफ मासेस जू. एनटीआर की आने वाली फिल्म एनटीआरनील की शूटिंग अगस्त 2024 में शुरू होगी। मैन ऑफ मासेस जू. एनटीआर, केजीएफ सीरीज़ और सालार जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्मों के निर्देशक प्रशांत नील के साथ काम करेंगे। फिल्म, जिसका अस्थायी नाम एनटीआरनील है, की घोषणा बहुत पहले की गई थी। निर्देशक प्रशांत नील, माइथ्री मूवी मेकर्स और एनटीआर आर्ट्स की अगली एक्शन महाकाव्य फिल्म एनटीआरनील की शूटिंग अगस्त 2024 में शुरू होगी। जूनियर एनटीआर के जन्मदिन पर निर्माताओं ने शूट अपडेट की घोषणा की। निर्माताओं ने सोशल मीडिया पर लिखा, मैन ऑफ मासेस को जन्मदिन की शुभकामनाएं -टीम एनटीआरनील। एक पावरहाउस प्रोजेक्ट के लिए खुद को तैयार करें।


## पेरिस ओलंपिक में पुरुष युगल ड्रॉ में होंगी 32 टीमें, एक देश अधिकतम रख सकता है दो टीम

# बालाजी या युकी किससे जोड़ी बनाएंगे रोहन

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत के शीर्ष युगल खिलाड़ी रोहन बोपन्ना पेरिस ओलंपिक में एन श्रीराम बालाजी या युकी भांबरी के साथ जोड़ी बनाएंगे और अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) से उसे मंजूरी मिलना तय है।

विश्व युगल रैंकिंग में चौथे स्थान पर काबिज 44 वर्ष के बोपन्ना शीर्ष दस में होने के कारण अपना जोड़ीदार चुन सकते हैं। पेरिस ओलंपिक में पुरूष युगल ड्रॉ में 32 टीमें होंगी जिसमें से एक देश अधिकतम दो टीमें रख सकता है। क्वालीफिकेशन मानदंडों के तहत शीर्ष दस में शामिल खिलाड़ी अपना जोड़ीदार चुन सकते हैं जो एटीपी या डब्ल्यूटीए रैंकिंग में शीर्ष 300 के भीतर होना चाहिये। फ्रेंच ओपन के बाद 10 जून की रैंकिंग क्वालीफिकेशन के लिए मान्य होगी। एआईटीए सूत्रों के अनुसार बोपन्ना ने पेरिस ओलंपिक के लिए उनके जोड़ीदार के तौर पर टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना (टॉप्स) में शामिल करने के लिए एआईटीए को बालाजी और भांबरी का नाम भेजा है। एआईटीए महासचिव अनिल धूपर ने कहा कि आम तौर पर खिलाड़ी अपना जोड़ीदार खुद चुनता है। चयन समिति उससे विकल्प पूछेगी और उस पर बात की जायेगी। रोहन जिसके साथ भी खेलना चाहेगा, उस पर विचार किया जायेगा।



बालाजी ने हाल ही में जर्मनी के आंद्रे बेजेमैन के साथ कैगलियारी चैलेंजर टूर्नामेंट जीता था। वहीं भांबरी ने फ्रांस के अलबानो ओलिवेत्ती के साथ अप्रैल में म्युनिख में एटीपी 250 टूर्नामेंट जीता और इस महीने बोर्डो चैलेंजर के सेमीफाइनल में पहुंचे।

### हमेशा विवादों से घिरा रहा है भारतीय टेनिस

भारतीय टेनिस में ओलंपिक या बहु खेल आयोजनों में नामांकन को लेकर हमेशा विवाद रहा है। 2012 में महेश भूपति और बोपन्ना दोनों ने लिएंडर पेस के साथ खेलने से इनकार कर दिया था जिसके बाद पेस ने विष्णु वर्धन को जोड़ीदार बनाया था। इसके बाद मिश्रित युगल में सानिया मिर्जा को पेस के साथ खेलने के लिए कहा गया लेकिन देश की शीर्ष महिला खिलाड़ी सानिया ने पेस को तसल्ली देने के लिये उनका इस्तेमाल करने पर एआईटीए को आड़े हाथों लिया था। एशियाई खेल 2018 में पेस ने दो दिन पहले यह कहकर नाम वापिस ले लिया था कि एआईटीए ने उन्हें विशेषज्ञ जोड़ीदार नहीं दिया है। एआईटीए ने बोपन्ना का जोड़ीदार दिविज शरण को बनाया था जिससे पेस को एकल खिलाड़ी के साथ खेलना पड़ा। बोपन्ना का यह ओलंपिक पदक जीतने का आखिरी मौका होगा जो 2016 रियो खेलों में मिश्रित युगल में सानिया के साथ पदक से चूक गए थे।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता* 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

## कार्निवाल



जर्मनी में वार्षिक कार्निवाल ऑफ कल्चर परेड के दौरान रविवार को वेशभूषाधारी प्रतिभागी परेड में दुनिया भर से हजारों लोग रंगबिरंगी वेशभूषा में पहुंचे। उत्सव में भाग लेते युवती। ● एजेंसी

## सुनक ने संक्रमित रक्त चढ़ाए जाने के लेकर मांगी माफी

**लंदन।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने सरकार को सौंपी गई एक जांच रिपोर्ट में राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा (एनएचएस) पर देश में 1970 के दशक में मरीजों को संक्रमित खून चढ़ाने के प्रकरण को दबाने का आरोप लगाए जाने के बाद सोमवार को माफी मांगी।

● **1970 के दशक में मरीजों को संक्रमित खून चढ़ाने के प्रकरण को दबाने का आरोप**

जांच समिति के अध्यक्ष सर ब्रायन लैंगस्टाफ द्वारा इस मुद्दे पर अपना कड़ा फैसला सुनाए जाने के कुछ घंटे बाद संसद के निचले सदन हाउस ऑफ कॉमन्स में सुनक ने कहा कि जांच में उल्लिखित विफलताओं और इनकार के रवैये के बाद यह ब्रिटेन के लिए शर्म का दिन है। यह माना जाता है कि ब्रिटेन में, 1970 के दशक से लेकर 1990 के दशक के शुरुआती वर्षों तक एचआईवी या हेपटाइटिस से संक्रमित रक्त आधान करने से करीब 3,000 लोगों की मौत हुई।

इस प्रकरण को 1948 से ब्रिटेन की सरकार संचालित राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा के इतिहास में सबसे घातक आपदा माना जाता है। उन्होंने सभी पीड़ितों को मुआवजा देने की पुष्टि की।

# आयुष्मान भारत योजना ने बदल दी छह साल पुरानी कहानी, समझिए पूरी पिक्चर

साल 2018 में केंद्र सरकार ने गरीब परिवारों के इलाज के लिए जिस आयुष्मान भारत-पीएम जन आरोग्य योजना को लॉन्च किया था, उस योजना ने अब एक नया रिकॉर्ड बना दिया है। दरअसल, इस योजना के लाभार्थियों में महिलाओं की संख्या बढ़कर 48 फीसदी हो गई है। पिछले 6 सालों में आयुष्मान भारत के तहत अस्पताल में भर्ती होकर अपना इलाज करने वाले लोगों का आंकड़ा 6.5 करोड़ है, जिसमें से 3.2 करोड़ महिलाएं हैं। योजना के तहत सरकार ने 6 सालों में इलाज पर कुल 81,979 करोड़ रुपए खर्च किए और इनमें से महिला लाभार्थियों पर खर्च होने वाली रकम 39,349 करोड़ रुपए है। आयुष्मान को लागू करने वाली एजेंसी नेशनल हेल्थ अथॉरिटी से जुड़े अधिकारियों ने ये आंकड़े दिए हैं और बताया कि देश के 8 राज्य ऐसे हैं, जहां महिला लाभार्थियों की संख्या पुरुषों से ज्यादा रही है।

Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana
Ayushman Bharat
PM-JAY

### एसे मिलता है योजना का लाभ?

इस योजना का लाभ उठाने के लिए चार शर्तें हैं। पहली- आपकी सालाना इनकम 2 .5 लाख रुपए से कम होनी चाहिए। दूसरी- परिवार में 16 साल से ऊपर का कोई भी अन्य कमाने वाला सदस्य ना हो। तीसरी- अगर आप एससी या एसटी कैटेगरी से हैं तो इस योजना के लिए अप्लाई कर सकते हैं।

### क्या है आयुष्मान भारत-पीएम जन आरोग्य योजना

आयुष्मान भारत-पीएम जन आरोग्य योजना के तहत गरीब वर्ग के परिवारों को 5 लाख रुपए तक का कैशलेस इलाज उपलब्ध कराया जाता है। इसके तहत अभी तक 32 करोड़ लोगों को आयुष्मान भारत कार्ड जारी किए जा चुके हैं। हालांकि, योजना के लॉन्च होने के बाद शुरुआती दो सालों में केवल 10 करोड़ आयुष्मान भारत कार्ड ही जारी हो पाए थे। बाद में जब इस काम में आशा कर्मियों को शामिल किया गया तो पिछले दो सालों के भीतर ही सरकार ने 20 करोड़ कार्ड जारी कर दिए।

## एक नजर

### लाई चिंग ते ने ताइवान के राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली

**ताइवान।** लाई चिंग ते ने सोमवार को ताइवान के राष्ट्रपति के रूप में शपथ ग्रहण की। चिंग ते ने कहा कि द्वीपीय राष्ट्र चीन के खिलाफ अपनी सुरक्षा को मजबूत करने की कोशिश जारी रखेगा और स्वशासित लोकतंत्र की वास्तविक स्वतंत्रता की नीति को बरकरार रखेगा। चीन ताइवान पर अपना दावा करता है और जरूरत पड़ने पर बलपूर्वक इस पर नियंत्रण हासिल करने की बात कह चुका है।

### बारिश से प्रभावित ऊटी में आठ पर्यटकों को बचाया

**उधगमंडलम।** तमिलनाडु के ऊटी में राज्य पर्यटन बोट हाउस के पास बारिश के पानी में फंसे वाहन से आठ पर्यटकों को अग्निशमन और बचाव सेवा कर्मियों ने सोमवार को बचा लिया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। ऊटी दमकल स्टेशन के अधिकारी प्रेमकुमार ने बताया कि यहां बस स्टैंड के पास बोट हाउस के पास आंशिक रूप से डूबे एक वाहन को देखकर कुछ स्थानीय लोगों ने अग्निशमन विभाग को इस बारे में सूचित किया। इसके बाद विभाग के कर्मचारी तुरंत वहां पहुंचे और वाहन में फंसे सभी आठ लोगों को बाहर निकाला।

### जुमा आपराधिक रिकॉर्ड के चलते नहीं लड़ पाएंगे चुनाव

**केपटाउन।** दक्षिण अफ्रीका की शीर्ष अदालत ने फैसला दिया है कि एक आपराधिक मामले में दोष सिद्धि की वजह से पूर्व राष्ट्रपति जैकब जुमा को अगले हफ्ते होने वाले संसदीय चुनाव में खड़े होने की इजाजत नहीं है। यह निर्णय अहम चुनाव से पहले देश में राजनीतिक तनाव बढ़ा सकता है। संवैधानिक अदालत ने कहा कि संविधान उन लोगों के चुनाव लड़ने पर रोक लगाता है जिन्हें 12 महीने से ज्यादा की सज़ा दी गई है। जुमा (82) को 2021 में संवैधानिक न्यायालय ने अदालत की अवमानना के मामले में 15 महीने की सज़ा सुनाई थी।

### कनाडा में नाव दुर्घटना में तीन की मौत, 5 घायल

**ओटावा।** कनाडा में शनिवार रात हुई एक नाव दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हो गई जबकि पांच अन्य लोग घायल हो गए। यह जानकारी स्थानीय मीडिया ने रविवार को दी। यह दुर्घटना कनाडा की राजधानी ओटावा से लगभग 140 किमी दक्षिण में बॉब्स झील के क्षेत्र में स्थानीय समयानुसार रात 9 :30 बजे (0130 जीएमटी) के बाद हुई। स्थानीय पुलिस ने कहा, "एक नाव को ओपन बो फिशिंग स्टाइल बोट और दूसरे को स्पीड बोट बताया जा रहा है।

# रईसी की मौत पर उठे सवाल

## चीन बोला- राष्ट्रपति के हेलीकॉप्टर हादसे के लिए सिर्फ कोहरे को जिम्मेदार नहीं मान सकते

**दुबई, एजेंसी**

ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी की हेलीकॉप्टर क्रैश में मौत पर अब चीन ने सवाल खड़े किए हैं। चीन के एक्सपर्ट के मुताबिक ईरान घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कई चुनौतियों का सामना कर रहा है इसलिए राष्ट्रपति रईसी के साथ हुए हादसे को सिर्फ दुर्घटना कहना मुश्किल है।

ग्लोबल टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार चीनी के एक्सपर्ट्स का मानना है कि राष्ट्रपति रईसी के साथ हुए हादसे का कारण निर्धारित कर पाना मुश्किल है। इसके लिए सिर्फ कोहरे को जिम्मेदार नहीं मान सकते हैं। शंघाई इंटरनेशनल स्टडीज यूनिवर्सिटी के मिडिल ईस्ट स्टडीज इंस्टीट्यूट के प्रोफेसर लियू झोंगमिन ने कहा कि अमेरिका और इजरायल के साथ ईरान के तनावपूर्ण संबंध हैं और हाल की घटनाओं से दोनों के बीच दूरियां और ज्यादा हो गई हैं।

बता दें कि रविवार को यह हादसा अजरबैजान और ईरान की सीमा के पास हुआ। रईसी का हेलीकॉप्टर जहां क्रैश हुआ वह जगह ईरान की राजधानी तेहरान से 600 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में अजरबैजान देश की सीमा पर स्थित जोल्फा शहर के पास है। पिछले महीने ही ईरान ने इजरायल पर हमला किया था।



राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी (फाइल फोटो)

### दो हेलीकॉप्टर सुरक्षित तो राष्ट्रपति का हेलीकॉप्टर कैसे फंस गया

अब सवाल यह उठ रहा है कि अगर मौसम इतना ही खराब था तो पायलट ने हेलीकॉप्टर को आगे बढ़ाने का फैसला क्यों किया? एक सवाल यह भी है कि फ्लीट में शामिल जब दो हेलीकॉप्टर सुरक्षित वापस आ गए तो राष्ट्रपति का हेलीकॉप्टर कैसे फंसा रह गया। हालांकि, इसकी संभावना है कि दुर्घटना खराब मौसम की वजह से ही हुई हो, लेकिन साजिश से भी इनकार नहीं किया जा सकता है।

### रईसी की मौत का क्या है परमाणु कनेक्शन

रिपोर्ट के मुताबिक, ईरान परमाणु हथियार बना रहा था। ईरान के इस परमाणु मिशन से अमेरिका नाराज था। परमाणु कार्यक्रम के कारण अमेरिका ने ईरान पर कई तरह के प्रतिबंध लगाए हुए थे। ईरान जल्द ही परमाणु परीक्षण करने की तैयारी में था। ईरान का परमाणु संपन्न होना अमेरिका और पश्चिमी देशों के लिए बड़ा खतरा बन सकता था। अमेरिका और पश्चिमी देश आमतौर पर इजरायल को समर्थन करते रहे हैं।

### दुनिया के सबसे कट्टर नेता माने जाते थे इब्राहिम रईसी

**दुबई।** ईरान-इराक युद्ध के अंत में 1988 में हजारों राजनीतिक कैदियों को सामूहिक फांसी दिए जाने में शामिल रहे ईरानी राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी दुनिया के सबसे कट्टर नेता के रूप में जाने जाते थे। राष्ट्रपति रईसी के नेतृत्व में ईरान ने हथियार बनाने के आवश्यक स्तर तक यूरेनियम संवर्धन किया एवं देश ने इजराइल पर बड़े पैमाने पर ड्रोन एवं मिसाइल हमले किए। उत्तर-पश्चिमी ईरान में रविवार को हेलीकॉप्टर दुर्घटना में रईसी के साथ ईरान के विदेश मंत्री और अन्य अधिकारियों की ऐसे समय में अचानक मौत हो गई जब ईरान आंतरिक असंतोष और दुनिया के कई देशों के साथ अपने संबंधों को लेकर संघर्ष कर रहा है।

### हिजाब का विरोध करने वालों पर की थी कार्रवाई

रईसी हिजाब का विरोध करने वालों के खिलाफ थे। हिजाब नहीं पहनने के कारण हिरासत में ली गई महसा अमीनी की मौत के बाद 2022 में देशभर में व्यापक पैमाने पर प्रदर्शन हुए थे। प्रदर्शनकारियों पर महीनों चली कार्रवाई में 500 से अधिक लोगों की मौत हो गई थी

## गोपी थोटाकुरा ने पहला भारतीय अंतरिक्ष पर्यटक बनने पर जताया गर्व

**ह्यूस्टन (अमेरिका), एजेंसी:** उद्यमी और पायलट गोपी थोटाकुरा ने कहा कि उन्हें अमेजन के संस्थापक जेफ बेजोस के ब्लू ओरिजिन के एनएस -25 मिशन पर एक पर्यटक के रूप में अंतरिक्ष में जाने वाला पहला भारतीय बनने पर गर्व है।

थोटाकुरा (30) और पांच अन्य सदस्यों को लेकर गयी ब्लू ओरिजिन की सातवीं मानवयुक्त उड़ान सफलतापूर्वक अंतरिक्ष में पहुंची। एनएस-25 रविवार सुबह पश्चिम टेक्सास में लॉन्च साइट वन से रवाना हुई थी। वह 1984 में भारतीय सेना के विंग कमांडर राकेश शर्मा के बाद अंतरिक्ष में जाने वाले पहले भारतीय अंतरिक्ष पर्यटक और दूसरे भारतीय बन गए। ब्लू ओरिजिन द्वारा एक्स पर पोस्ट किए एक वीडियो में थोटाकुरा को अंतरिक्ष यान से यह कहते हुए सुना गया भारत अंतरिक्ष में। उन्हें हाथ में एक छोटा भारतीय ध्वज भी पकड़े हुए देखा गया। आंध्र प्रदेश में जन्मे उद्यमी और पायलट थोटाकुरा को एक बैनर पकड़े हुए भी देखा गया जिस पर लिखा था मैं हमारे सतत ग्रह के लिए एक पर्यावरण-योद्धा हूं। उनके साथ अंतरिक्ष में गए चालक दल के अन्य सदस्यों वायुसेना के पूर्व कैप्टन एड ड्वाइट शामिल हैं।

# सरयू नदी के पवित्र जल से हिंदू मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा



**कोलंबो, एजेंसी।**

● **श्रीलंका के सीता एलिया गांव में सीता अम्मन मंदिर में हुआ यह आयोजन**

श्रीलंका में एक हिंदू मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में अयोध्या की सरयू नदी के पवित्र जल का इस्तेमाल किया गया। इस प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में हजारों लोग शामिल हुए। श्रीलंका के सीता एलिया गांव में सीता अम्मन मंदिर में यह आयोजन हुआ।

भारतीय उच्चायोग ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, श्रीलंका में सीता अम्मन मंदिर के कुंभाभिषेकम कार्यक्रम में हजारों भारतीय, श्रीलंकाई और नेपाली श्रद्धालु शामिल हुए। इस प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में श्रीलंका में भारतीय उच्चायुक्त संतोष झा, आध्यात्मिक गुरु श्री श्री रविशंकर और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद रहे। देवी सीता को समर्पित इस मंदिर का अभिषेक समारोह सरयू नदी के पवित्र जल से हुआ, जो भारत के अयोध्या से लाया गया था।

श्रीलंका की एक वेबसाइट न्यूज फर्स्ट की रिपोर्ट के मुताबिक भगवान राम की जन्मभूमि माने जाने वाले अयोध्या और देवी सीता का जन्मस्थान माने जाने वाले नेपाल से सीता अम्मन मंदिर को पवित्र प्रसाद प्राप्त हुआ। भारत और श्रीलंका सहित दुनिया भर से श्रद्धालु इस समारोह को देखने और इसमें भाग लेने के लिए एकत्र हुए।

# प्रधानमंत्री प्रचंड ने जीता विश्वास मत

**काठमांडू, एजेंसी।**

● **सभा में 157 वोट मिले, 18 महीने में चौथी बार टला संकट**

नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल प्रचंड ने सोमवार को संसद में विश्वास मत हासिल कर लिया, जो उनके पदभार संभालने के 18 महीने के भीतर चौथा शक्ति परीक्षण था। विश्वासमत हासिल करने के बाद प्रचंड नेपाल में लगातार सत्ता संघर्षों के बीच राजनीतिक स्थिरता बनाए रखने का प्रयास करते हुए गठबंधन सरकार का नेतृत्व करते रहेंगे।

नेपाल की प्रतिनिधि सभा (एचओआर) में तीसरी सबसे बड़ी पार्टी कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल (माओइस्ट सेंटर) के नेता प्रचंड (69) को 275 सदस्यीय प्रतिनिधि सभा में 157 वोट मिले। सरकार को विश्वास मत हासिल करने के लिए कम से कम 138 मतों की आवश्यकता थी। मतदान में कुल 158 सांसदों ने हिस्सा लिया। मुख्य विपक्षी दल नेपाली



कांग्रेस ने मतदान प्रक्रिया का बहिष्कार किया और उप प्रधानमंत्री एवं गृह मंत्री रबी लामिछाने के खिलाफ नारेबाजी की। लामिछाने पर सहकारी निधि के दुरुपयोग का आरोप है। विपक्षी दल की इस नारेबाजी के कारण मतदान प्रक्रिया में देरी हुई। मतदान के दौरान प्रतिनिधि सभा का एक सदस्य तटस्थ रहा। सदन के अध्यक्ष राज घिमिरे ने घोषणा की कि संसद में बहुमत मिलने के साथ ही प्रचंड ने विश्वास मत हासिल कर लिया है।

### इससे पहले 13 मार्च को तीसरी बार जीता था विश्वास मत

इससे पहले प्रचंड ने 13 मार्च को लगातार तीसरी बार विश्वास मत जीता था। प्रचंड ने तब नेपाली कांग्रेस को छोड़ दिया था और कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल (यूनिफाइड मार्क्सिस्ट-लेनिनिस्ट) के साथ नया गठबंधन बनाया था। पिछले साल, प्रचंड को तब विश्वास मत का सामना करना पड़ा था जब पूर्व प्रधानमंत्री के पी शर्मा ओली के नेतृत्व वाली सीपीएन-यूएमएल ने राष्ट्रपति चुनाव के लिए मुख्य विपक्षी पार्टी के उम्मीदवार का समर्थन करने को लेकर मतभेद के बाद प्रचंड के नेतृत्व वाली सरकार से अपना समर्थन वापस ले लिया था।

## जूलियन असांजे को प्रत्यर्पण के खिलाफ अपील की अनुमति

**लंदन।** ब्रिटेन की एक अदालत ने सोमवार को व्यवस्था दी कि विकीलीक्स के संस्थापक जूलियन असांजे जासूसी के आरोप में स्वयं को अमेरिका प्रत्यर्पित करने के आदेश के खिलाफ अपील कर सकते हैं।

उच्च न्यायालय के दो न्यायाधीशों ने कहा कि असांजे के पास ब्रिटेन सरकार के प्रत्यर्पण आदेश को चुनौती देने का आधार है। इस फैसले के बाद असांजे के लिए अपील करने का रास्ता साफ हो गया है, जिसके चलते यह कानूनी लड़ाई वर्षों तक खिंच सकती है। असांजे पर जासूसी के 17 आरोप और लगभग 15 साल पहले उनकी वेबसाइट पर अमेरिकी दस्तावेजों के प्रकाशन को लेकर कंप्यूटर के दुरुपयोग का एक आरोप है।

# युद्ध के दृश्यों ने मेरा दिल तोड़ दिया: बाइडेन

**अटलांटा, एजेंसी।**

● **ऐतिहासिक ब्लैक मोरहाउस कॉलेज में बाइडेन ने कहा - अमेरिकी छात्रों की पीड़ा वह मुझे सकते हैं**

अमेरिका के राष्ट्रपति जो रविववर को कहा कि इजरायल-हमास युद्ध की तस्वीरों ने उनका दिल तोड़ दिया है। बाइडेन ऐतिहासिक ब्लैक मोरहाउस कॉलेज के पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने इजरायल-हमास युद्ध पर अमेरिकी छात्रों की पीड़ा को स्वीकार किया।

उन्होंने छात्रों से कहा मैं शांतिपूर्ण अहिंसक विरोध प्रदर्शन का समर्थन करता हूं। बाइडन ने कहा कि गाजा में मानवीय संकट है इसलिए मैंने युद्ध को रोकने के लिए तत्काल संघर्ष विराम का आह्वान किया है और कहा है कि 7 अक्टूबर को इजरायल पर हमास आतंकवादियों के हमले के बाद हमास द्वारा अभी भी बंधक बनाए गए लोगों को घर लाया जाए। राष्ट्रपति ने अमेरिकी लोकतंत्र और



इसकी सुरक्षा में उनकी भूमिका पर भी विचार किया। बाइडन ने कहा यह दुनिया की सबसे कठिन, सबसे जटिल समस्याओं में से एक है। उन्होंने कहा इसमें कुछ भी आसान नहीं है। मैं जानता हूं कि यह मेरे परिवार सहित आपमें से कई लोगों को क्रोधित और निराश करता है।

### इजराइल और हमास नेताओं के गिरफ्तारी वारंट का अनुरोध


**हेग।** अंतरराष्ट्रीय अपराध अदालत (आईसीसी) के मुख्य अभियोजक करीम खान ने सोमवार को कहा कि वह इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू सहित इजराइल और हमास के नेताओं के लिए सात महीने के युद्ध के दौरान उनके कृत्यों के संबंध में गिरफ्तारी वारंट का अनुरोध कर रहे हैं। करीम खान ने कहा कि उनका मानना है कि नेतन्याहू, उनके रक्षा मंत्री योव गैलेंट और हमास के तीन नेता - येह्या सिनवार, मोहम्मद दीफ और इस्माइल हनियेह गाजा पट्टी और इजराइल में युद्ध अपराधों और मानवता के खिलाफ अपराधों के लिए जिम्मेदार हैं।

# इन्फ्लुएंजा से लड़ने में एमआरएनए आधारित टीके महत्वपूर्ण हथियार

**कुआलालंपुर, एजेंसी**

एमआरएनए टीकों का क्लीनिकल परीक्षण शुरू हो गया है और शोधकर्ताओं को इन्फ्लुएंजा के खिलाफ लड़ाई में इसके व्यापक रूप से सकारात्मक परिणाम मिलने की आशा है। इन्फ्लुएंजा से हर साल दुनिया भर में 6,50,000 लोगों की मौत हो जाती है। डब्ल्यूएचओ के अनुसार, विकासशील देशों में पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों की 99 प्रतिशत मौतें इन्फ्लुएंजा से संबंधित संक्रमण के कारण होती हैं।

इन्फ्लुएंजा के मौजूदा टीकों में हर साल मौसमी बीमारी के करोड़ों मामलों से प्रभावी ढंग से निपटने की सीमाएं हैं क्योंकि वे केवल एक विशिष्ट स्वरूप या उत्परिवर्तन के खिलाफ प्रतिरक्षा प्रदान करते हैं। फ्लू वायरस के नए स्वरूप में





बदलाव का मतलब है कि टीकों की लगातार निगरानी की जानी चाहिए और हर साल उनको विकसित किया जाना चाहिए। लेकिन एमआरएनए तकनीक पर आधारित सार्वभौमिक इन्फ्लुएंजा टीका में विभिन्न स्वरूपों के खिलाफ व्यापक और लंबे समय तक चलने वाली प्रतिरक्षा प्रदान करने की क्षमता है।

एमआरएनए आधारित टीकों का इस्तेमाल कोविड महामारी के दौरान सफलतापूर्वक किया गया था। इस तकनीक से तेजी से टीके

● **हर साल वायरस से साढ़े छह लाख लोगों की होती है मौत**

का निर्माण किया जा सकता है और कई क्षेत्रों में इन्फ्लुएंजा वायरस के खिलाफ कदम उठाने में मदद मिल सकती है।

इन्फ्लुएंजा के नए स्वरूप हमेशा खतरनाक होते हैं। इनमें से अधिकतर की शुरुआत जानवरों से होती है। 1918 के स्पैनिश फ्लू जैसी महामारी, जिसमें 5 करोड़ लोग मारे गए और एवियन इन्फ्लुएंजा (बर्ड फ्लू) वायरस का हालिया प्रकोप इन्फ्लुएंजा से उत्पन्न खतरे को रेखांकित करता है। यह वायरस के सभी उप स्वरूपों से सुरक्षा प्रदान करने में सक्षम एक सार्वभौमिक इन्फ्लुएंजा टीके की तत्काल आवश्यकता को भी रेखांकित करता है।

## चीन ने बोइंग और दो रक्षा कंपनियों पर लगाया प्रतिबंध

**बीजिंग।** चीन के वाणिज्य मंत्रालय ने ताइवान को हथियारों की बिक्री करने के लिए सोमवार को बोइंग और अमेरिका की दो रक्षा कंपनियों के खिलाफ प्रतिबंधों की घोषणा की। बीजिंग, ताइवान को हथियारों की बिक्री करने के लिए रक्षा कंपनियों के खिलाफ हाल के वर्षों में प्रतिबंधों की घोषणा कर चुका है।

इसी कड़ी में चीन ने ये नये प्रतिबंध लागू किये हैं। ताइवान एक स्वशासित द्वीप है, जिसे चीन अपने क्षेत्र का हिस्सा मानता है। चीन के वाणिज्य मंत्रालय ने बोइंग डिफेंस, स्पेस एंड सिक्योरिटी यूनिट, जनरल एटमिक एयरोनॉटिकल सिस्टम्स और जनरल डायनेमिक्स लैंड सिस्टम्स पर भविष्य में अपने देश में निवेश करने और कंपनी के वरिष्ठ प्रबंधन व अधिकारियों की यात्रा पर रोक लगा दी।

## खगोल विज्ञान — बर्फ के नीचे अति सूक्ष्म कणों का पहली बार पता चला

# अंटार्कटिक बर्फ के नीचे से दुर्लभ न्यूट्रिनो की खोज

**नैनीताल :** वैज्ञानिकों ने अंटार्कटिक बर्फ के नीचे दबे दुर्लभ न्यूट्रिनो की खोज की है। न्यूट्रिनो ब्रह्मांड की उत्पत्ति के दौरान के कण हैं। इनके बर्फ के नीचे मौजूद होने का पहली बार पता चला है। न्यूट्रिनो लगभग एक खरब छोटे कण हर सेकंड हमारे पास से गुजरते हैं।

यह खुले वातावरण में तैरते रहते हैं। इनकी उत्पत्ति बिग बैंग के साथ हुई थी। यह पूरे ब्रह्मांड में मौजूद हैं। इनसे किसी तरह का कोई नुकसान नहीं होता है। ब्लैक होल से भी इनकी उत्पत्ति संभव है, जो इनकी संख्या में वृद्धि करते हैं। ब्रह्मांड में बढ़ी संख्या में मौजूदगी के बावजूद इनका पता लगाना आसान नही है। इनका पता लगाने के लिए न्यूट्रिनो भौतिकविदों को बहुत बड़े प्रयोग करने पड़ते हैं।



अंटार्कटिक की तस्वीर।

अंटार्कटिक बर्फ के नीचे से दुर्लभ न्यूट्रिनो का पता लगाने के लिए भी बड़े प्रयोग वैज्ञानिकों को करने पड़े है। जिसमें आइसक्यूब प्रयोग की मदद लेनी पड़ी। खोजकर्ता वैज्ञानिकों का कहना है कि यह ऊर्जावान न्यूट्रिनो है। जिन्हें ताऊ न्यूट्रिनो के नाम से जाना जाता है। इसका पता लगाने के लिये लगभग 10 वर्षों का डेटा एकत्र करना पड़ा। तब इसकी खोज हो पाई। ऐसी खोज पहली बार हुई है। यह खोज विज्ञान पत्रिका पीयर-रिव्यूड जर्नल फिजिकल लेटर्स में प्रकाशित हुई है। इस खोज से न्यूट्रिनो के अत्यधिक ऊर्जावान कण की उत्पत्ति की प्रक्रिया के बारे में जानकारी मिल पाएगी।

### पृथ्वी से अछूते नही ब्रह्मांड की उत्पत्ति के तार

**नैनीताल :** अति सूक्ष्म न्यूट्रिनो कणों की बर्फ के नीचे दबे होने की खोज बताती है कि ब्रह्मांड की उत्पत्ति के तार पृथ्वी से जुड़े होने से अछूते नही हैं। यह कण सृष्टि के उत्पत्ति के दौरान के अवशेष हैं। तकनीक में निरंतर आ रहे सुधार के चलते यह खोज सम्भव हो पाई है। उम्मीद है कि भविष्य ब्रह्मांड की अति सूक्ष्म जानकारी हमे मिलते रहेगी।